# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

भोपाल, बुधवार 18 फरवरी 2026


## आज आएगा प्रदेश का बजट विकास का होगा पूरा खाका



मध्य प्रदेश विधानसभा का 2026-27 का बजट बुधवार को पेश किया जाएगा, जहां वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा बजट पेश करेंगे। इस बार चार लाख 64 हजार करोड़ रुपए का बजट संभावित है। बजट में प्रदेश के विकास का तीन साल के खाका की झलक हो सकती है। पिछले सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच जमकर बहस देखने को मिली थी, ऐसे में इस बार भी विधानसभा का बजट सत्र हंगामेदार होने की पूरी संभावना है।

### विधान सभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश

# स्थिर मूल्यों पर 76,971 हो गई प्रदेश में प्रति व्यक्ति शुद्ध आय

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था समावेशी विकास के साथ अत्यंत गतिशील अर्थव्यवस्था बन गई है। वित्तीय अनुशासन, पारदर्शी प्रशासन और दूरदर्शी नीतियों के साथ मध्यप्रदेश की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। डॉ. यादव मध्यप्रदेश विधान सभा में मंगलवार को प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। इसके अनुसार राज्य की अर्थव्यवस्था योजनाबद्ध रूप से संतुलित और परिणामोन्मुखी है। सर्वेक्षण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2011-12 से वित्तीय वर्ष ▶▶ शेष पेज 4 पर

### समावेशी विकास के साथ अत्यंत गतिशील बन गई मप्र की अर्थव्यवस्था: मुख्यमंत्री डॉ. यादव



डॉ. मोहन यादव

### सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 11.14 प्रतिशत वृद्धि

सर्वेक्षण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 (अग्रिम अनुमान) में मध्यप्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद प्रचलित मूल्यों पर 16,69,750 करोड़ रुपए अनुमानित है, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 (त्वरित अनुमान) के 15,02,428 करोड़ रुपए की तुलना में 11.14 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 (अग्रिम अनुमान) में मध्यप्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद स्थिर (2011-12) ▶▶ शेष पेज 4 पर

**स्वच्छ सर्वेक्षण में आठ राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त :** नगरीय विकास विभाग के तहत अमृत 2.0 के अंतर्गत 24,065 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया, जिसमें 1,134 परियोजनाएं स्वीकृत हुईं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 8.75 लाख आवास पूर्ण किए गए। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में राज्य को आठ राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए। वित्तीय वर्ष 2025-26 में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश की प्रमुख उपलब्धियां

आर्थिक सवेक्षण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2,618 करोड़ रुपए के राजस्व आधिक्य का अनुमान है। राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 4.66 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि राजस्व प्राप्तियां जीएसडीपी के 17.16 प्रतिशत के बराबर आंकी गई हैं। कर राजस्व में 13.57 प्रतिशत वृद्धि अपेक्षित है तथा ऋण-जीएसडीपी अनुपात 31.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वर्ष 2024-25 में कुल फसल उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में 7.66 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई, जबकि खाद्यान्न उत्पादन में 14.68 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उद्योग के क्षेत्र में 1,028 इकाइयों को 6,125 एकड़ भूमि आवंटित की गई, जिनमें 1.17 लाख करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश से लगभग 1.7 लाख रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवंबर 2025 तक 4.42 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। मातृ मृत्यु अनुपात 379 (2001-03) से घटकर 142 (2021-23) प्रति लाख जीवित जन्म हो गया।












### विधानसभा में आवारा कुत्तों काटने के मुद्दों पर करीब एक घंटे तक चली चर्चा

# कांग्रेस: 2 करोड़ खर्च, आबादी बढ़ती जा रही कैलाश: 51 नए नसबंदी केंद्र खोले जा रहे हैं


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट, संसद के बाद मप्र विधानसभा में भी मंगलवार को आवारा कुत्तों के काटने की घटनाओं में इजाफे का मुद्दा उठा। कांग्रेस विधायक आतिफ अकील ने भोपाल में आवारा कुत्तों के मुद्दे पर कहा कि कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात यह है कि प्रशासन और नगर निगम नसबंदी-वैक्सीनेशन के नाम पर करीब 2 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। इसके बावजूद न तो आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण हो पा रहा है, और न ही काटने की घटनाओं में कमी आ रही है। उन्होंने सदन से बाहर एक मुद्दा गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का उठाया। अपने जवाब में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि 16 नगर निगमों कुल 80,704 कुत्तों के नसबंदी ऑपरेशन किए गए हैं। साथ ही साथ 97,936 एंटी-रेबीज टीकाकरण किया गया है। पांच बड़े नगर निगम में 51 नए स्वान नसबंदी केंद्र भी खोले जा रहे हैं। जिला कलेक्टरों को स्थानीय स्तर पर भी एक समिति गठित कर श्वान से बचाव के लिए बंदोबस्त करने को कहा गया है। ऐहतियात के तौर पर जो भी कदम उठाए जा सकते हैं, वह सरकार उठा रही है। इस दौरान आरिफ मसूद, राजेंद्र पांडे, शैलेंद्र कुमार जैन, गोपाल भार्गव, राजेंद्र शुक्ल ने भी अपनी बात कही।

*विजयवर्गीय ने कहा कि नगर निगम भोपाल में डॉग बाइट की हर घटना को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई की जाती है*

**16 नगर निगमों में कुल 80,704 कुत्तों के नसबंदी ऑपरेशन किए गए**

**जिला कलेक्टरों को स्थानीय स्तर पर भी एक समिति गठित कर श्वान से बचाव के लिए बंदोबस्त करने को कहा गया**



मंत्री विजयवर्गीय ने बताया

### भोपाल में एंटी-रेबीज वैक्सीन के 5,023 इंजेक्शन उपलब्ध



मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि कुत्ता शब्द की जगह श्वान कहा जाए तो ज्यादा अच्छा होगा। विजयवर्गीय ने कहा कि नगर निगम भोपाल में डॉग बाइट की हर घटना को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई की जाती है। बदलते मौसम, भोजन की उपलब्धता, ब्रीडिंग सीजन, बीमारियां जैसे कारणों से आवारा कुत्तों में आक्रामकता बढ़ जाती है, जिससे यह ▶▶ शेष पेज 4 पर

### गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का संकल्प प्रस्तुत किया



कांग्रेस विधायक आतिफ अकील ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने का संकल्प प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भारत विविध धर्मों का देश है और हर धर्म का सम्मान किया जाना चाहिए। हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा प्राप्त है, इसलिए माता का व्यापार नहीं होना चाहिए। अकील ने अपने संकल्प में मांग की कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि किसी गाय की मृत्यु होती है तो उसका विधिवत अंतिम संस्कार किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### विधायक शर्मा ने पब्लिसिटी स्टंट करार दिया



*संकल्प पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने इसे पब्लिसिटी स्टंट करार दिया। उन्होंने कहा कि केवल प्रचार के लिए ऐसे प्रस्ताव विधानसभा में नहीं लाने चाहिए। शर्मा ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर वास्तव में गंभीर हैं तो मस्जिदों में जाकर संकल्प कराएं, जिससे गो-हत्या पर रोक लगे। दोनों विधायकों के बीच इस मुद्दे को लेकर तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सदन में कुछ देर तक हंगामे की स्थिति भी बनी रही। हालांकि, अध्यक्ष की समझाइश के बाद सदन की कार्यवाही आगे बढ़ी।* ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी




प्रदर्शन करते कांग्रेस विधायक

### दूषित पानी से मौतों पर प्रदर्शन

# गंदे पानी की बोतलें लेकर पहुंचे कांग्रेस के विधायक

**नेता प्रतिपक्ष ने परिसर में किया प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सत्र से पहले कांग्रेस विधायकों ने इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी से हुई मौतों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार गंदे पानी की बोतल लेकर विधानसभा पहुंचे। उज्जैन के तराना से विधायक महेश परमार ने सरकार और प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया।

कांग्रेस ने विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायकों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने गंदे पानी से भरी बोतलें और नारे लिखी तख्तियां हाथ में लेकर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से इस्तीफे की मांग की और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की बात कही।

### क्या इस पर सदन में चर्चा होगी?

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में प्रदेश में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के दावे किए गए, लेकिन जमीनी सच्चाई इससे बिल्कुल उलट है। कई क्षेत्रों में लोग दूषित और मलयुक्त पानी पीने को मजबूर हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार इस गंभीर मुद्दे पर विधानसभा में चर्चा कराने को तैयार है या नहीं? हर व्यक्ति महंगा आरओ पानी खरीदने में सक्षम नहीं होता।

### ओला के सीईओ को दिया गिरफ्तार करने का आदेश

**पणजी।** ओला इलेक्ट्रिक की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कई जगहों पर ओला स्कूटी में आग लगने की घटनाओं के बीच अब ओला इलेक्ट्रिक के सीईओ भविश अग्रवाल को गिरफ्तार करने का आदेश जारी किया गया है। यह आदेश कंफ्यूमर फोरम की ओर से जारी किया गया है। जारी आदेश में उपभोक्ता आयोग ने अग्रवाल के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। यह आदेश गोवा के मडगांव स्थित जिला उपभोक्ता आयोग ने दिया है। बताया गया कि यह कार्रवाई कंज्यूमर कंप्लेंट के तहत की गई है। ओला इलेक्ट्रिक के खिलाफ प्रीतिश चंद्रकांत घाड़ी नामक ग्राहक ने शिकायत की थी। आयोग की ओर से 28 जनवरी 2026 को नोटिस जारी कर भविश अग्रवाल को 4 फरवरी 2026 सुबह 10:30 बजे आयोग के सामने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा गया था।



### परिवार के अन्य सदस्य मिलने पहुंचे

# सलीम खान की तबीयत बिगड़ी एक्टर सलमान अस्पताल पहुंचे

**लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया**



एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के पिता और इंडस्ट्री के दिग्गज पटकथा लेखक सलीम खान की अचानक तबीयत बिगड़ी है। इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता की सेहत की जानकारी मिलते ही सलमान खान भी तुरंत ही अस्पताल पहुंचे। हालांकि, सलीम की सेहत को लेकर अब तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। हॉस्पिटल से सलमान खान का वीडियो सामने आया है। इसमें सलमान का चेहरा उतरा हुआ नजर आ रहा है और वो काफी चिंतित नजर आए। सलमान खान के बाद अब बहन अलवीरा और उनके पति अतुल ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शंकराचार्य विवाद पर ब्रजेश पाठक बोले

# चोटी नहीं खींचना चाहिए था, ये तो बड़ा महापाप है

**मौनी अमावस्या पर पुलिस ने रोका था**



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रयागराज माघ मेले के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और प्रशासन के बीच विवाद का मामला सामने आया था। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। इस मामले में प्रशासन, सीएम योगी, डिप्टी सीएम केशव तक ने अपनी बात रखी। शंकराचार्य के बटुक ब्राह्मणों के साथ हुई घटना पर अब डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भी अपनी बात रखी है। पाठक ने कहा कि चोटी नहीं खींचना चाहिए था। ये महापाप है। जिन लोगों ने चोटी को छुआ है, पाप लगेगा। कई बरस बाद भी बहुत पाप पड़ेगा। सब खाता बही में लिखा जा रहा है। कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। माघ मेले में शंकराचार्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पंजाब सीएम मान को सांस लेने में दिक्कत

# घातक केमिकल पोलोनियम देने का दावा, बम से उड़ाने की धमकी मिली

**मोहाली के फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट**

एजेंसी ▶▶ मोहाली



भगवंत मान

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जान से मारने की धमकी दी गई है। खालिस्तान समर्थक संगठन, खालिस्तान नेशनल आर्मी ने प्रशासन को ई-मेल भेजकर धमकी दी कि सीएम मान को भाई दिलावर सिंह के वारिसों ने पोलोनियम से संक्रमित किया है। अगर वे बच गए तो उनका पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह जैसा हाल करेंगे। सीएम मान मोहाली के फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। खालिस्तान नेशनल आर्मी ने इस अस्पताल समेत 16 स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी दी। धमकी भरा ई-मेल मिलते ही पंजाब पुलिस और इंटेलिजेंस विंग तुरंत सक्रिय हो गई। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे इलाके में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया। विशेष रूप से मोहाली और चंडीगढ़ के महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा घेरा कड़ा कर दिया गया। मोहाली के एसपी सिटी दिलप्रीत सिंह का कहना है कि धमकी भरा ईमेल आया है। हम सभी चीजों को वैरिफाई कर रहे हैं। मुख्यमंत्री फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। अस्पताल की अच्छी तरह से जांच की गई है। सब सेफ है। जिस पोलोनियम केमिकल देने की बात सामने आई है, वह दुर्लभ रेडियोएक्टिव पदार्थ है। यह बहुत जहरीला होता ▶▶ शेष पेज 4 पर


### बुरहानपुर में 10वीं का पेपर लीक! नकल कराने के उद्देश्य से अनुपस्थित छात्र की डेस्क से फोटो खींची

**शिक्षिका को परीक्षा केंद्र से बाहर किया, केंद्राध्यक्ष को भी बदला**

# शिक्षिका ने वाट्सएप स्टेटस पर लगाया अंग्रेजी का प्रश्नपत्र, कलेक्टर ने दो को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

बुरहानपुर में मंगलवार सुबह परीक्षा के दौरान उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक प्राथमिक शिक्षिका द्वारा 10वीं के अंग्रेजी प्रश्नपत्र की फोटो सोशल मीडिया पर साझा किए जाने का मामला सामने आया। सुबह करीब 9:35 बजे प्रशासन को जानकारी मिली कि तुकईथड़ में पदस्थ प्राथमिक शिक्षिका राजकुमारी सोनी ने अपने वाट्सएप स्टेटस पर परीक्षा से जुड़ी तस्वीर डाली है। एडीएम की प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई कि सुबह 9:06 बजे अंग्रेजी प्रश्नपत्र की फोटो स्टेटस पर अपलोड की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर हर्ष सिंह और जिला पंचायत सीईओ तत्काल तुकईथड़ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। पूछताछ में शिक्षिका ने स्वीकार किया कि उसने एक अनुपस्थित छात्र की डेस्क से प्रश्नपत्र की फोटो ▶▶ शेष पेज 4 पर



परीक्षा केंद्र पहुंचे अधिकारी

**शिक्षिका और केंद्राध्यक्ष निलंबित**

*कर्तव्य में लापरवाही और अनुचित गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में शिक्षिका राजकुमारी सोनी और केंद्राध्यक्ष को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। आरोपी शिक्षिका को पुलिस थाने भेजा गया है, जहां उससे विस्तृत पूछताछ जारी है। प्रशासन मामले से जुड़े अन्य संभावित पहलुओं की भी जांच कर रहा है।*

### पेपर लीक की अटकलों पर विराम

घटना के बाद पेपर लीक की चर्चाएं तेज हो गईं, हालांकि प्रशासन ने इसे सिरे से खारिज किया है। अधिकारियों के अनुसार, केंद्र पर मौजूद 109 छात्र-छात्राओं को सुबह 8:40 बजे से पहले प्रवेश दे दिया गया था और प्रश्नपत्र निर्धारित समय पर वितरित किए गए। चूंकि फोटो परीक्षा ▶▶ शेष पेज 4 पर





बेहतर भविष्य की ओर
अन्नदाता
समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश
किसान कल्याण वर्ष 2026
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
किसान सम्मेलन
आधुनिक कृषि पर केन्द्रित प्रदर्शनी
एवं
विकास कार्यों का भूमिपूजन
तथा लोकार्पण
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
18 फरवरी 2026 । अपराह्न 2:00 बजे । ग्राम कुलैथ, ग्वालियर
"किसान कल्याण वर्ष मनाने वाला मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य है
हमारा लक्ष्य किसानों की आय बढ़ाकर उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए
समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है। भविष्य में किसानों को सब्सिडी देकर उद्योगों में
उनकी भागीदारी बढ़ाएंगे।"
–डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
D11209/25
डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

भोपाल
बुधवार, 18 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-01
वर्ष : 12, अंक : 319
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 17

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

13 अहमदाबाद को आज अभिषेक से ....



विचार पेज
06 वीडियो खेल बच्चों के लिए...

## खबर संक्षेप

### कफ सिरप कांड: डॉ. सोनी सहित 4 की याचिका खारिज

**छिंदवाड़ा।** जिले में जहरीला कफ सिरप कांड में मंगलवार को बड़ा न्यायिक घटनाक्रम सामने आया।



30 मासूम बच्चों की मौत से जुड़े इस मामले में मप्र हाई कोर्ट ने मुख्य आरोपी डॉ. प्रवीण सोनी सहित चार आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। इस निर्णय के बाद सभी आरोपियों को जेल में ही रहना होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर है और इसमें मासूम बच्चों की जान गई है।

### इंजीनियर 20 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया

**कटनी।** जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने सोमवार को कटनी में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन



यंत्री वीए सिद्दीकी को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कार्यपालन यंत्री के निजी आवास पर की गई, जहां वे विभाग के ही एक रिटायर्ड कर्मचारी से उसके जायज पैसों के बदले कमीशन की मांग कर रहे थे। शिकायतकर्ता कुंवर लाल की शिकायत पर ये कार्रवाई की गई।

### सुनार नदी में गिरी कार, पत्नी लापता

**दमोह।** दमोह-छतरपुर स्टेट हाईवे पर मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे हादसा हो गया। सुनार नदी के



पुल से एक कार अनियंत्रित होकर लगभग 60 फीट नीचे नदी में जा गिरी। देहात थाना क्षेत्र के कल्याणपुरा निवासी सुनील उर्फ अमित अहिरवार अपनी पत्नी सपना के साथ कार से बकायन स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर जा रहे थे। पुल पर कार बेकाबू होकर नदी में जा गिरी। सुनील को बाहर निकाल लिया है। पत्नी की तलाश जारी है।

### कुबेरेश्वरधाम पहुंचे पंडित धीरेंद्र शास्त्री

**सीहोर।** कुबेरेश्वरधाम पर जारी सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के चौथे दिवस मंगलवार को बागेश्वर



धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का आगमन हुआ। मंच पर पं प्रदीप मिश्रा और धीरेंद्र शास्त्री की मौजूदगी में पूरा पंडाल हर-हर महादेव और जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। पं धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, कुबेरेश्वर धाम आकर कथा सुनना परम सौभाग्य की बात है।

## रईसजादे की तेज रफ्तार और रील बनाने की वजह से 23 वर्षीय साहिल की मौत

# मां की दुनिया था साहिल... घर की दीवारों पर हाथ से लिखे थे सपने, यूके जाने की थी तैयारी

मां ने कहा-इस केस के जरिए एक मिसाल बननी चाहिए ताकि किसी और माता-पिता को मेरा जैसा दर्द न झेलना पड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में द्वारका की सड़कों पर बिखरा वह खून सिर्फ एक हादसे का निशान नहीं, बल्कि एक मां के उन तमाम सपनों की आहुति है जिसे उसने 23 साल तक सींचा था। एक रईसजादे की रफ्तार और सोशल मीडिया पर रील बनाने की सनक ने 23 वर्षीय साहिल धनेश्रा की जिंदगी छीन ली।

साहिल सिर्फ एक बेटा नहीं, अपनी सिंगल मदर इन्ना माकन की पूरी दुनिया था। साहिल बीबीए कर रहा था और उसका लक्ष्य



साहिल की मां इन्ना माकन विलाप करते हुए

था विदेश जाकर मास्टर्स करना। वह अपनी मां पर बोझ नहीं बनना चाहता था, इसलिए खुद ही मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के एडमिशन फॉर्म, डॉक्यूमेंटेशन और इंश्योरेंस की कागजी कार्रवाई पूरी कर रहा था। घर की दीवारों पर साहिल के हाथों से लिखे करियर नोट्स और लक्ष्य तो मौजूद हैं, लेकिन उन्हें सच करने वाला साहिल हमेशा के लिए खामोश हो गया है। अगस्त में उसे यूके के लिए उड़ान भरनी थी। साहिल जन्मदिन से पहले इस हादसे का शिकार हो गया। आरोपी के पिता ने कहा कि यह मेरे बेटे की गलती है मैं इसके लिए माफी मांगता हूं।

### स्कॉर्पियो चला रहा चालक 17 साल का नाबालिग

जांच में सामने आया कि स्कॉर्पियो चला रहा चालक 17 साल का नाबालिग था, जिसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। पुलिस के मुताबिक स्कॉर्पियो ने पहले सामने से आ रही साहिल की मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी डिज़ायर कार से भी जा भिड़ी। नाबालिग चालक को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे ऑब्जर्वेशन होम भेज दिया गया। हालांकि 10 फरवरी को बोर्ड परीक्षा का हवाला देते हुए उसे अंतरिम जमानत दे दी गई।

### पैरेंट्स के पास पैसा है तो वे कुछ भी करेंगे

इन्ना माकन ने बताया कि मेरे बेटे की मौत रैश ड्राइविंग की वजह से हुई है। यह एक साधारण दुर्घटना नहीं- यह अपराध था। ये बच्चे सोचते हैं कि उनके माता पिता के पास पैसा है तो सड़क पर कुछ भी कर सकते हैं। स्टंट, रील, फन-विडियोज और उन्हें कोई सजा नहीं मिलेगी। इस लड़के पर पहले भी ओवर स्पीडिंग के कई ▶▶ शेष पेज 4 पर

## मैक्रों-मोदी की अहम मुलाकात : प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा

# भारत व फ्रांस एवरेस्ट तक उड़ने वाला विशेष हेलिकॉप्टर बनाएंगे

### टाटा-एयरबस की एच-125 हेलिकॉप्टर असेंबली लाइन का उद्घाटन

*पीएम ने फ्रांस से कहा- भारत के साथ मिलकर ऐसा भविष्य बनाएं, जहां तकनीक मानवता की सेवा करे और यह तकनीक समावेशी हो*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार को भारत पहुंचे। इस दौरान मुंबई में उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुंबई के लोकभवन में वार्ता और प्रेस ब्रीफिंग के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक ही कार में यात्रा की। इससे पहले मैक्रों और प्रथम महिला ब्रिगिट मैक्रों ने मंगलवार को अपने भारत दौरे की शुरुआत मुंबई में 2008 के आतंकी हमलों (26/11) में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दे की।

प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में एक ऐसा हेलिकॉप्टर बनाएंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भर सके। इनका पूरे विश्व को भी निर्यात किया जाएगा। पीएम मोदी ने यह बातें तब कही जब दोनों नेताओं ने टाटा-एयरबस की एच-125 हेलिकॉप्टर असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया। असेंबली लाइन वह जगह है जहां हेलिकॉप्टर का ढांचा, इंजन, पंखे और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम अलग-अलग ▶▶ शेष पेज 4 पर

**राष्ट्रपति मैक्रों ने 26/11 आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि**



कार में पीएम मोदी और मैक्रों



उद्घाटन करते हुए दोनों नेता

- *मोदी और मैक्रों ने एक ही कार में यात्रा की*
- *कहा- यहां दोनों देशों के बेस्ट माइंड्स एक साथ*
- *भारत फ्रांस एक दूसरे के टैलेंट का स्वागत कर रहे*

### लीडर्स, सीईओ, निवेशक और विश्वविद्यालयों को दिया न्योता

पीएम मोदी ने कहा कि मैं फ्रांस और पूरे विश्व के लीडर्स, सीईओ, निवेशक और विश्वविद्यालयों को आमंत्रित करता हूं, आइए भारत के साथ मिलकर ऐसा भविष्य बनाएं, जहां तकनीक मानवता की सेवा करे और यह तकनीक समावेशी हो। साल 2026 भारत फ्रांस संबंधों के लिए विशेष वर्ष है। उद्योग से उद्योग साझेदारी का विस्तार हो रहा है। आज जिस तरह हम यहां जुड़े हैं, उसी तरह हम जून 2026 में फ्रांस में भारत के बेहतरीन टेक स्टार्टअप्स को दुनिया के सामने रखेंगे। आज भी यहां दोनों देशों के बेस्ट माइंड्स एक साथ हैं। आज भारत फ्रांस एक दूसरे के टैलेंट का स्वागत कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत फ्रांस की साझेदारी एक फोर्स फॉर ग्लोबल स्टैबिलिटी है। हम बहुपक्षीय डायलॉग पर जोर देना ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

### मैक्रों बोले- यह विशेष रणनीतिक साझेदारी

राष्ट्रपति मैक्रों ने बताया कि दोनों देशों ने इस साझेदारी को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया है। चाहे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र हो, नई तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी परियोजनाएं हों, दोनों देशों ने मिलकर कई कदम उठाए हैं। मैक्रों ने संबोधन में सबसे पहले भारत में अपने चौथे औपचारिक दौरे के दौरान गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय संबंध विशेष और अद्वितीय हैं, जो विश्वास, पारदर्शिता और महत्वाकांक्षा पर आधारित हैं।

### इन 21 समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

दोनों देशों के बीच हुए 21 समझौतों में सबसे पहले सामरिक भागीदारी के स्तर में किया गया जरूरी बदलाव मुख्य है। साथ ही कई अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एमओयू-समझौते इसमें शामिल हैं। रक्षा सहयोग को लेकर दोनों देशों के बीच मौजूदा समझौते का नवीनीकरण, परिवर्तित साझेदारी की निरंतर समीक्षा करने के लिए वार्षिक विदेश मंत्रियों के संवाद तंत्र की स्थापना, बीईएल और सेफ्रॉन द्वारा भारत में हैमर ▶▶ शेष पेज 4 पर



नवजात के शव को नोंचता कुत्ता

## कलेक्टोरेट से चंद कदमों की दूरी पर

# उफ....नवजात के शव को नोंच नोंच कर खा गए कुत्ते

*पहले मेडिकल कॉलेज के पीछे और जिला अस्पताल के टॉयलेट में भी मिल चुका है नवजात का शव*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर में नवजात बच्चों के शिव मिलने के मामले आम हो चुके हैं। मेडिकल कॉलेज के पीछे, जिला अस्पताल के टॉयलेट में तक नवजात के शव मिल चुके हैं। मंगलवार शाम 4 बजे विवेकानंद चौराह स्थित तहसील परिसर के पास एक नवजात के शव को कुत्ते नोंच रहे थे। शर्मशार कर देने वाला यह दृश्य देखकर कुछ लोगों ने वीडियो बनाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे। लेकिन यह पता नहीं चल सका है कि शव यहां कहां से आया और नवजात की मां कौन है? सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कोई जवाब देना उचित नहीं समझा। करीब ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पहले भी ऐसी ही रही चुप्पी

तीन महीने पहले बेतवा नदी के रंगई घाट 3 महीने के बच्चे का शव मिला था। तब पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम कराया, लेकिन शव यहां किसने फेंका और मां कौन है इसका पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी। इससे पहले मेडिकल कॉलेज के पीछे भी एक नवजात का शव मिला था। उस मामले में भी पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने यह पता लगाने का प्रयास नहीं किया की नवजात की मां ▶▶ शेष पेज 4 पर

## नौकरी से निकाले जाने से नाराज था

# डिप्टी रेंजर को मारी गोली फिर आरोपी ने फांसी लगाई

**फायरिंग में दो महिलाएं भी घायल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सागर रोड पर अमरावद नर्सरी में मंगलवार दोपहर करीब एक बजे सनसनीखेज गोलीकांड हो गया। नर्सरी में पदस्थ डिप्टी रेंजर राकेश शर्मा पर पूर्व मजदूर पूरन सिंह लोधी (निवासी बनखेड़ी) ने देशी कट्टे से फायरिंग कर दी। घटना को अंजाम



अस्पताल में उपचार कराते राकेश शर्मा

देने के बाद आरोपी ने नर्सरी परिसर में एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पूरन सिंह गुड्डा लोधी को कुछ समय पहले नौकरी से निकाल ▶▶ शेष पेज 4 पर

## भाजपा नेता सत्तन की बेटी कांग्रेस में

# कनुप्रिया ने भोपाल में ली सदस्यता इंदिरा गांधी के नेतृत्व से प्रभावित

**कांग्रेस कार्यालय में सदस्यता दिलाई गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के दिग्गज नेता सत्यनारायण सत्तन की बेटी कनुप्रिया सत्तन ने मंगलवार को कांग्रेस की सदस्यता ले ली। कनुप्रिया ने दोपहर भोपाल कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर पार्टी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक



मुकेश नायक के बाएं कनुप्रिया

और महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष अर्चना जायसवाल की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण की। सत्तन की बेटी कनुप्रिया के कांग्रेस ज्वॉइन करने पर कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 4 पर

## बांग्लादेश में अब बीएनपी 'राज'

**25 मंत्री और 24 राज्य मंत्री बनाए गए हैं**



स्पीकर बिरला पीएम मोदी का बधाई पत्र सौंपते हुए

### तारिक रहमान बने बांग्लादेश के नए पीएम

*ढाका। बांग्लादेश की राजनीति का एक नया अध्याय शुरू हो गया है। हाल ही में हुए आम चुनाव में बीएनपी की ऐतिहासिक जीत के बाद तारिक रहमान अब बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री बन चुके हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रहमान को पीएम पद की शपथ दिलाई। उन्होंने 25 मंत्री और 24 राज्य मंत्री* ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पौधों की हरित पट्टी विकसित की जाएगी

# एनएचएआई राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे विकसित करेगा 'पॉलिनेटर' कॉरिडोर

**लगभग 40 लाख पेड़ लगाने की योजना**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सतत अवसंरचना विकास के अपने संकल्प को दोहराते हुए नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे 'पॉलिनेटर' या 'बी कॉरिडोर' विकसित करने की अनूठी पहल की घोषणा की है।

इस योजना के तहत सजावटी पौधों की जगह पर्यावरणीय दृष्टि से



फाइल फोटो

उपयोगी पौधों की हरित पट्टी विकसित की जाएगी, जिसमें सालभर फूल देने वाले पेड़-पौधे लगाए जाएंगे ताकि मधुमक्खियों को लगातार पराग और मधुरस उपलब्ध हो सके। राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे की भूमि को पॉलिनेटर संरक्षण के लिए उपयोग करने से मधुमक्खियों और अन्य पॉलिनेटर पर बढ़ते पर्यावरणीय दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। इससे परागण सेवाओं, कृषि और बागवानी उत्पादन तथा समग्र पारिस्थितिक संतुलन को भी लाभ होगा। इस पहल के तहत एनएचएआई पेड़, झाड़ियाा, जड़ी-बूटियां और घास का मिश्रण लगाएगा, जिसमें मधुरस और पराग से भरपूर प्रजातियां शामिल होंगी। साथ ही, ऐसे पौधों और ▶▶ शेष पेज 4 पर

## 1 हिंदू युवती के साथ महाकाल के दर्शन करने पहुंचा मुस्लिम युवक

# हिंदू युवक बनकर शहर में घूम रहा था जफर, बजरंगियों ने पीटा

**माथे पर तिलक भगवा कपड़े और गले में रुद्राक्ष की माला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

यहां एक गैर हिंदू युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। युवक पर आरोप है कि वह हिंदू युवक बनकर शहर में घूम रहा था और महाकाल सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में दर्शन कर रहा था। घटना के बाद हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने युवक को पकड़कर नानाखेड़ा पुलिस के हवाले कर दिया।



आरोपी जफर

युवक का नाम जफर बताया जा रहा है। वह धोती कुर्ता पहने हुए था, माथे ▶▶ शेष पेज 4 पर

## 2 होटल में हिंदू लड़की के साथ पकड़ाया मुस्लिम युवक, जमकर धुनाई

# मोबाइल में युवतियों के आपत्तिजनक वीडियो, जुलूस निकालकर थाने ले गए

**नाबालिग लड़की अलमारी के अंदर छिपी मिली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खजुराहो

जिले में खजुराहो के एक होटल में मुस्लिम युवक, हिंदू नाबालिग लड़की के साथ पकड़ा गया है। एबीवीपी कार्यकर्ता दरवाजा तोड़कर कमरे में घुसे तो युवक ने अंदर किसी के भी होने से इनकार किया। तलाशी के दौरान नाबालिग लड़की आलमारी के अंदर छिपी मिली। उसने बाहर निकलते ही कहा कि भैया मुझे बचा लो। इसके



आरोपी युवक

बाद कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद का मामला बताकर युवक की पिटाई ▶▶ शेष पेज 4 पर

# मध्य प्रदेश सरकार ने 19,287 करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया, चर्चा 23 फरवरी को

## सबसे अधिक राशि नर्मदा विकास प्राधिकरण के लिए 4700 करोड़ रुपए आवंटित की गई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने मंगलवार को विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में 19,287 करोड़ रुपए का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें सबसे अधिक राशि नर्मदा विकास प्राधिकरण के लिए कुल 47 सौ करोड़ रुपए आवंटित की गई है। इसके बाद ऊर्जा विभाग के लिए 2630 करोड़ रुपए तथा सरकार 1810 करोड़ रुपए ब्याज की अदायगी और ऋण सेवा के नाम पर खर्च करेगी। इस पर चर्चा 23 फरवरी को होगी। इसके बाद अनुपूरक बजट पारित कर दिया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने चर्चा के लिए दो घंटे का समय तय किया है।

मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 बीतने में महज डेढ़ महीने बाकी है। सरकार इस तृतीय अनुपूरक बजट में आवंटित राशि इन 45 दिनों में खर्च करेगी। इसी तरह नगरीय विकास व आवास के लिए 1867 करोड़ रुपए, लोक निर्माण विभाग में चल रहे निर्माण कार्यों के लिए 1703 करोड़ रुपए तथा वाणिज्य कर विभाग के लिए 1388 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट में आवंटित किया गया है। इसके साथ ही साथ अन्य मदों में राशि का आवंटन किया गया है। सरकार 1810 करोड़ रुपए की जो राशि आवंटित की है, उसमें नए और पुराने समय में ली गई कर्ज की राशि का ब्याज चुकाने पर खर्च करेगी। इसमें 950 करोड़ की राशि नए बाजार ऋण के ब्याज और 700 करोड़ रुपए की राशि पुराने ऋण के के प्रबंध पर खर्च की जाएगी।

### बजट में सिंचाई, ऊर्जा शिक्षा पर ज्यादा फोकस

इस अनुपूरक बजट में सरकार ने सिंचाई, ऊर्जा, सड़क, शिक्षा और स्थानीय निकायों पर खास जोर दिया गया है। ब्याज भुगतान के साथ ही नर्मदा घाटी की सिंचाई परियोजनाओं, ऊर्जा कंपनियों की मदद और नगरीय निकायों को अनुदान के लिए बड़ी राशि तय की है। सामान्य प्रशासन विभाग के तहत मुख्यमंत्री विवेकाधीन अनुदान के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वहीं राजस्व विभाग में राष्ट्रीय आपदा शमन निधि से प्राप्त राशि के लिए 100 करोड़ रुपए रखे गए हैं।


विधानसभा में हेमंत खंडेलवाल से चर्चा करते सदस्यगण।

### मप्र सरकार रख रही 25 साल की सोच: रामेश्वर शर्मा

भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने सदन में कहा कि मध्यप्रदेश सरकार 25 साल की सोच रख रही है। वहीं कांग्रेस सरकार पांच साल का सोचकर काम करती थी। मप्र सरकार प्रत्येक ग्राम पंचायत पर फोकस कर रही है। भोपाल में सबसे ज्यादा आयुष्मान कार्ड मुसलमानों के बने हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वंदे मातरम के दो छंद दिए थे। मोदी सरकार ने छह छंद दिए हैं। कांग्रेस के नेता वंदे मातरम गाने से मना करते हैं।

### सदन में गूंजा मूसा गैंग का मामला

विधानसभा में भाजपा विधायक प्रदीप पटेल को मूसा गैंग द्वारा धमकी दिए जाने का मामला गूंजा। कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने ये मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल का विधायक सुरक्षित नहीं है। मूसा गैंग के नाम पर उन्हें धमकाया गया है। मूसा गैंग के डर से विधायक छुप कर रहे थे। उनको कोरेक्स जैसे नशे का विरोध करने पर धमकी दी जा रही थी।

### किस विभाग के लिए कितनी राशि का हुआ आवंटन

- 4,700 करोड़ रुपए का नर्मदा घाटी विकास विभाग को दिया गया
- ऊर्जा विभाग की कंपनियों को ऋण के लिए 2,630 करोड़
- कर्ज के ब्याज के लिए 1,650 करोड़ का प्रावधान
- पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए 21 करोड़
- 13 करोड़ की केन्द्रांश मद से पुलिस आधुनिकीकरण के लिए मशीन और संयंत्र का निर्माण किया जाएगा
- मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना में 615 करोड़ रुपए का प्रावधान
- लोक निर्माण विभाग ने भू अर्जन के मुआवजे के लिए 1337 करोड़ रुपए का प्रावधान
- ग्रामीण सड़कों और जिला मार्गों के निर्माण के लिए 225 करोड़ का प्रावधान
- केन बेतवा के लिए 370 करोड़ की राशि दी जाएगी

## हेमंत ने प्रदेश सरकार की नीतियों, उपलब्धियों का उल्लेख कर व्यक्त किया आभार

### राज्यपाल के अभिभाषण पर विधायक अर्चना चिटनीस ने पेश किया धन्यवाद



विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनीस ने अभिभाषण का समर्थन करते हुए वंदे मातरम के अखंड गायन की परंपरा की सराहना की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' के रूप में मनाए जाने की घोषणा का स्वागत किया और कहा कि राज्य सरकार कृषकों के हित में सतत एवं प्रभावी प्रयास कर रही है।

चिटनीस ने प्रदेश में सिंचाई के रकबे में निरंतर वृद्धि का उल्लेख करते हुए इसे मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन का परिणाम बताया। उन्होंने नक्सलवाद से प्रदेश को मुक्त करने के लिए भी मुख्यमंत्री के नेतृत्व की प्रशंसा की।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान प्रदेश सरकार की नीतियों और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से प्रदेश को नक्सलवाद से मुक्त करने की उपलब्धि को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 11 लाख करोड़ रुपये का निवेश लाया गया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की चार श्रेणियों में प्रदेश को 'टॉप अचीवर' का दर्जा मिला है। 48 नए औद्योगिक पार्क स्थापित किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### कमलेश बनी महिला मोर्चे की प्रदेशाध्यक्ष



**भोपाल।** अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कल्याण सिंह लोधी एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विधायक राम सिया भारती की सहमति से लोधी कमलेश वर्मा को लोधी महासभा में महिला मोर्चे का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### भोजशाला मामले में आज सुनवाई

**जबलपुर।** भोजशाला प्रकरण में बुधवार को सुनवाई होगी। यह सुनवाई मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच के समक्ष सूचीबद्ध की गई है।

### रोड शो के साथ विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण व भूमिपूजन

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुलैथ में आज करेंगे पहले किसान सम्मेलन का शुभारंभ

87.86 करोड़ के 41 विकास कार्यों की सौगात

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कृषक कल्याण वर्ष के पहले राज्य स्तरीय विशाल एवं भव्य किसान सम्मेलन 18 फरवरी बुधवार को ग्वालियर जिले के ग्राम कुलैथ में शुभारंभ करेंगे। वे 87.86 करोड़ रुपए लागत के 41 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे।



किसान सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर एवं सांसद भारत सिंह कुशवाह सहित अन्य अतिथिगण शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उन्नत खेती कर रहे प्रगतिशील किसानों को हितलाभ वितरित करेंगे। कुलैथ में उन्नत कृषि तकनीक पर प्रदर्शनी भी लगेगी। प्रदर्शनी में उद्यानिकी, प्राकृतिक खेती व पशु नस्ल सुधार को प्रमुखता से शामिल किया गया है। डॉ. यादव किसान सम्मेलन में लगाई गई कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। इस अवसर पर स्थानीय किसानों की पारंपरिक बैलगाड़ी-दौड़ होगी। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण आधारित लोकगीतों की प्रस्तुति भी होगी।

### नवकरणीय ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण संबंधी नवाचार पर होगा प्रेजेंटेशन

### मुख्यमंत्री आज करेंगे मुंबई क्लाइमेट वीक के विशेष सत्र की अध्यक्षता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश शासन द्वारा 17 से 19 फरवरी तक आयोजित मुंबई क्लाइमेट वीक 2026 में राज्य की सतत, स्केलेबल एवं निवेश-अनुकूल नवकरणीय ऊर्जा तथा ऊर्जा भंडारण संबंधी नवाचारों का प्रेजेंटेशन किया जाएगा।

डॉ. यादव 18 फरवरी को शाम 6:30 बजे से 8:10 बजे तक मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित होटल सोफिटेल में विशेष आयोजन में प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण रोडमैप पर केंद्रित प्रेजेंटेशंस का नेतृत्व करेंगे। मुंबई क्लाइमेट वीक में मप्र सरकार के प्रेजेंटेशन से यह प्रदर्शित किया जाएगा कि प्रदेश ग्रीन एनर्जी की सुलभता, विश्वसनीयता और निवेश प्रतिस्पर्धा के साथ सतत विकास की दिशा में अग्रसर है। मुंबई क्लाइमेट वीक 2026 का आयोजन भारत में जलवायु संबंधी कार्यवाहियों को गति देने के लिए एक केंद्रीकृत राष्ट्रीय मंच के रूप किया जा रहा है। इस मंच पर राज्यों की जलवायु संबंधी नवाचारों के प्रस्तुतिकरण के साथ स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और जलवायु संबंधी बेसिक इको सिस्टम पर हितधारकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद किया जाएगा। देश-विदेश के नीति-निर्माता, अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ, निवेशक एवं क्लाइमेट क्षेत्र से जुड़े प्रैक्टिशनर भाग लेंगे। यह आयोजन राज्य को हरित ऊर्जा निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

### प्रबंध संचालक ने की विद्युत आपूर्ति एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा

## बिजली के अवैध उपयोग के आरोपियों को नेशनल लोक अदालत में प्रकरण सुलझाने के लिए प्रेरित करें: ऋषि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने गुना वृत्त में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि बिजली के अवैध एवं अनधिकृत उपयोग के आरोपियों को नोटिस देकर आगामी 14 मार्च 2026 को लगने वाली लोक अदालत में लंबित प्रकरणों को सुलझाने के लिए प्रेरित करें।

गर्ग ने बताया कि कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करें। गौरतलब है कि नेशनल लोक अदालत में



धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए कंपनी में लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। नेशनल लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी जो आकलित सिविल दायित्व राशि 10,00,000 रुपए (दस लाख) तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी।

### हितग्राहियों को लाभ दें

समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने समाधान योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि फिलहाल समाधान योजना 2025-26 का दूसरा चरण जो 28 फरवरी तक चलेगा, इस अवधि में उपभोक्ता जागरूकता अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाएं। चालू फरवरी एवं मार्च में एटीएंडसी को कम करने के लिए विक्रित यूनिट को बढ़ाया जाए। बैठक में मुख्य महाप्रबंधक (ग्वालियर क्षेत्र) विनोद कटारे, गुना वृत्त के महाप्रबंधक अशोक कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) अभिषेक मार्तण्ड, महाप्रबंधक (स्काडा) रामेश्वर चतुर्वेदी, सभी उप महाप्रबंधक, प्रबंधक एवं जूनियर इंजीनियर मौजूद थे।

## आयुष कर्मचारी-अधिकारियों का आक्रोश प्रदर्शन 24 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने से नाराज आयुष विभाग के कर्मचारी और अधिकारी 24 फरवरी को भोपाल में आक्रोश प्रदर्शन कर विरोध जताएंगे।

आयुष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष गोवर्धन सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष निशा खड़िया, संगठन मंत्री हेमलता सेंगर, सचिव आशुतोष रावत, कोषाध्यक्ष महेश खोरे ने बताया कि आयुष विभाग के अधिकारी-कर्मचारी की वर्षों से लंबित मांगों के संबंध में लगातार विभाग को ज्ञापन देकर जायज मांगों का शीघ्र निराकरण करने की गुहार लगाई जा चुके है। बावजूद विभाग द्वारा जानबूझकर आयुष कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी की जा रही है। समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव ने बताया कि आयुष कर्मचारियों की अनेक मांग अनार्थिक है, विभागीय विसंगतियां है, जिनका आसानी से विभाग द्वारा निराकरण किया जा सकता है। इस संबंध में अनेक बार विभागीय अधिकारियों से चर्चा के बाद मांगो पर सहमती भी बनी। फिर भी मांगो को अनदेखा किया जा रहा है। जायज मांगों की अनदेखी के विरोध में 24 फरबरी को एक दिवसीय आक्रोश प्रदर्शन राजधानी भोपाल में किया जाएगा। जिसमें प्रदश भर के आयुष कर्मचारी और अधिकारी शामिल होंगे।

### डॉ.शर्मा ने किया गोविंदपुरा कॉल सेंटर का निरीक्षण

## कॉल सेंटर में आने वाले उपभोक्ताओं की शिकायतों का तुरंत हो समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. राकेश शर्मा ने गोविंदपुरा स्थित कॉल सेंटर एवं पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉल सेंटर में उपभोक्ताओं द्वारा की जाने वाली शिकायतों व आने वाली कॉल पर कंपनी द्वारा की जाने वाली कार्रवाई की समीक्षा की।

डॉ. राकेश शर्मा को अधिकारियों ने बताया कि कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा में वृद्धि तथा शिकायतों के पारदर्शी एवं त्वरित निराकरण हेतु 1912 कॉल सेंटर सेवाओं का विस्तार किया गया है जो कि जिला एवं संभागीय मुख्यालयों के अतिरिक्त 15 नवीन 24 ७7 निम्नदाब एफओसी टीमों का संचालन किया जा रहा है। कंपनी के केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर द्वारा शिकायत दर्ज करने विभिन्न माध्यमों जैसे एप की मॉनीटरिंग के परिणामस्वरूप दिसंबर 2025 तक निम्नदाब उपभोक्ताओं की 13 लाख 12 हजार से अधिक एवं उच्चदाब उपभोक्ताओं की 1 हजार 500 से अधिक विद्युत प्रदाय संबंधी शिकायतों को दर्ज कर निराकृत किया गया है। केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-2026 में प्रतिदिन 500 उपभोक्ताओं का फीडबैक लेते हुए कुल 1 लाख 37 हजार उपभोक्ताओं से फीडबैक लिया गया।

### महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

## गैस सिलेंडर व चूल्हा लेकर पहुंचीं कांग्रेस कार्यकर्ता थाली बजाकर सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा सत्र के दौरान महिला कांग्रेस ने मंगलवार को महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेठिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर बैठकर थाली बजाई और रोटियां बेलीं। बोरासी ने कहा आज बजट में यदि महंगाई से राहत नहीं मिली, तो हम 19 फरवरी को वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के बंगले का घेराव करेंगे।

महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता रूपाली शर्मा ने कहा हमारी सरकार से एक ही मांग है कि आप गैस का सिलेंडर 400 रुपए का कर दो।



पीसीसी के बाहर विरोध प्रदर्शन करती महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना व कार्यकर्ता।

## राज्यपाल के अपर सचिव भार्गव का विदाई समारोह आयोजित

भार्गव ने लोकभवन में बिताए गए समय को महत्वपूर्ण बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने राज्यपाल के स्थानांतरित अपर सचिव उमाशंकर भार्गव को विदाई दी। इस अवसर पर राज्यपाल की ओर से प्रमुख सचिव ने भार्गव को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी ने भार्गव के कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने महत्वपूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारी मिलने के लिए बधाई दी।

उन्होंने भार्गव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आशा जताई कि लोकभवन के साथ भार्गव का संपर्क और संवाद निरंतर बना रहेगा। राज्यपाल के स्थानांतरित अपर सचिव भार्गव ने लोकभवन में बिताए गए समय को अपने प्रशासनिक जीवन का महत्वपूर्ण और अविस्मरणीय अध्याय बताया। लोकभवन परिवार


भार्गव को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

के सहयोग, पारस्परिक विश्वास एवं टीम भावना के कारण ही वे अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सके। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार माना। विदाई समारोह का संचालन आईटी प्रमुख जितेन्द्र पाराशर ने किया। आभार प्रदर्शन नियंत्रक हाउस होल्ड शिल्पी दिवाकर ने किया।

### सांसद शर्मा व नागर ने की बीएसएनएल दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक

## बीएसएनएल टावरों की संख्या बढ़ेगी, कार्ययोजना बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल सांसद आलोक शर्मा एवं राजगढ़ सांसद रोडमल नागर की अध्यक्षता में बीएसएनएल की दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक मंगलवार को बीएसएनएल ऑफिस टीटी नगर में हुई।

बैठक में भोपाल व्यवसाय क्षेत्र के प्रधान महाप्रबंधक महेंद्र सिंह धाकड़ भी शामिल हुए। सांसद भोपाल आलोक शर्मा ने भोपाल एवं सीहोर जिलों में बीएसएनएल मोबाइल एवं फाइबर सेवाओं में व्यापक सुधार एवं इनके विस्तार पर बल दिया। उन्होंने भोपाल एवं सीहोर जिलों की दूरस्थ ग्राम पंचायतों में दूरसंचार कनेक्टिविटी को सुगम बनाए जाने के लिए ठोस कदम उठाने एवं बीएसएनएल मोबाइल टावरों की संख्या क्षेत्रीय आवश्यकता के अनुपात में बढ़ाए जाने के वास्ते कार्य योजना बनाकर उन्हें अवगत कराने का निर्देश दिया ताकि मंत्रालय स्तर पर इसे उठाया जा सके।




बैठक में शामिल सांसद शर्मा और नागर।

सांसद रोडमल नागर ने अपने सम्बोधन में कहा कि बीएसएनएल कंपनी हमारी अपनी है इसलिए इसके विकास एवं विस्तार की दिशा में हम सबको मिलजुल कर काम करना होगा। इसकी प्रगति के मार्ग में जो भी बाधाएं हैं उन्हें दूर करने में वे अपनी ओर से पूरा प्रयास करेंगे।

### क्वालिटी वाला फास्ट नेटवर्क उपलब्ध कराने पर विचार करें: सांसद आलोक

सांसद शर्मा ने कहा कि ये प्रयास करना होगा कि बीएसएनएल कैसे क्वालिटी सेवाएं देकर जनता में अपनी साख को सबसे ऊपर लाएं। सांसद शर्मा ने कहा कि अब भारत बदल रहा है। बीएसएनएल भी प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है। क्वालिटी वाला फास्ट नेटवर्क उपलब्ध कराने पर विचार करें। ऐसे प्रस्ताव बनाएं जिन्हें हम केंद्र से मंजूर कराकर लाएं और जनता की बेहतर सेवा कर सकें। बैठक में दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्यगण एवं बीएसएनएल के अधिकारी उपस्थित रहे।



भोपाल। बसंत ऋतु का आगमन हो चुका है। होली भी नजदीक है। शहर के जंगली इलाकों में टेसू के फूल भी खिल गए हैं। चित्र बंगरसिया रोड का।

## खबर संक्षेप

### मेट्रो की ब्लू लाइन के लिए 22 एकड़ जमीन का होगा अधिग्रहण

**भोपाल।** राजधानी के मेट्रो के दूसरे रूट ब्लू लाइन के लिए 22 एकड़ जमीनों का अधिग्रहण किया जाएगा। जिसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह जमीनें भदभदा डिपो चौराहा, जवाहर चौक, रोशनपुरा, कुशाभाऊ ठाकरे हॉल, लाल परेड मैदान, पुल बोगदा, प्रभात चौराहा, गोविंदपुरा, इंडस्ट्रियल एरिया, जेके रोड, इंद्रपुरी, पिपलानी, रत्नागिरी तिराहा तक बनने वाले रूट के लिए जमीनों की जरूरत है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने भूमि अर्जन में आने वाले खसरों की जमीनों की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत करीब 22 एकड़ से ज्यादा की जमीन की जरूरत इस रूट में पड़ेगी। अफसरों का कहना है कि कलेक्टर गाइडलाइन का दोगुना मुआवजा दिया जाएगा। इस रूट पर सरकारी और गैर सरकारी दोनों तरह की जमीनें आ रही हैं। इसमें कब्रिस्तान, लक्ष्मी गंज मंडी, नाली, पठार की जमीनें आ रही हैं। अगले साठ दिनों में अधिग्रहण का काम पूरा कर लिया जाएगा।

### संदिग्ध लिंक, ईमेल या फोन कॉल के माध्यम से भुगतान करने से बचें

**भोपाल।** नगर निगम ने शहरवासियों को साइबर ठगी के खतरे के चलते सतर्क रहने की हिदायत दी है। निगम ने कहा है कि सभी नागरिक जोन और वार्ड कार्यालयों में टैक्स जमा करें और ऑनलाइन भुगतान के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट का ही उपयोग करें। उल्लेखनीय है कि साइबर अपराधियों ने दो बार निगम आयुक्त के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट से ठगने का प्रयास किया। ऐसे मामलों में अपराधी लोगों को भ्रमित करके बैंक डिटेल्स व जानकारी निकालने की कोशिश करते हैं। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने अपील की है कि किसी भी संदिग्ध संदेश या लिंक पर प्रतिक्रिया न दें और ऐसे मामलों की सूचना तुरंत निगम या पुलिस साइबर सेल को दें। अधिकारिक वेबसाइट पर ही ऑनलाइन भुगतान करें।

### फुटेज के आधार पर कचरा फेंकने वाले की शिनाख्त, किया जुर्माना

**भोपाल।** निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने जोन-9 में वर्धमान ग्रीन कॉलोनी में रात 12 बजे के बाद खुले में कचरा फेंकने वाले की शिनाख्त सीसीटीवी फुटेज से करते हुए संबंधित कचरा फेंकने वाले से एक हजार रुपए की राशि वसूल की। उक्त व्यक्ति के विरुद्ध कॉलोनी के रहवासी ने शिकायत दर्ज कराई थी और फुटेज निगम को उपलब्ध कराए थे। दरअसल, उक्त व्यक्ति की शिकायत वर्धमान ग्रीन कॉलोनी के हंसराज कन्नौजी द्वारा निगम अमले को की थी कि एक व्यक्ति रात्रि 12 बजे के बाद उनके घर के पास कचरा फेंकने आता है। सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बलवीर मलिक ने फुटेज देखे और कचरा फेंकने वाले की शिनाख्त करते हुए निजाम नामक व्यक्ति को ढूंढकर उसके विरुद्ध स्पॉट फाइन की कार्रवाई की।

## ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न तोमर से मिले भोपाल सांसद आलोक शर्मा

# जल्द शिफ्ट होंगे सड़कों पर बाधा बने 200 बिजली के खंभे

इस काम के लिए विद्युत विभाग ने बनाया 7 करोड़ रुपए का प्रस्ताव

पीर गेट, वंदेभारत चौराहा समेत शहर के अनेक इलाके शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहे 200 बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग को लेकर चर्चा की। बैठक के दौरान पुलिस कमिश्नर संजय कुमार, एडीएम प्रकाश नायक सहित ट्रैफिक पुलिस, एमपीईबी के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

इस कार्य के लिए विद्युत विभाग के शहर वृत महाप्रबंधक द्वारा लगभग 7 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाया है। भोपाल शहर में जहां से बिजली के खंबे शिफ्ट होना हैं, उनमें पीर गेट भवानी मंदिर के सामने, वंदे मातरम चौराहा से भोजपुर क्लब तरफ, वंदे मातरम चौराहे से 10 नंबर तरफ, बंसल प्लाजा से गणेश मंदिर, 10 नंबर से नेशनल हॉस्पिटल तरफ, 10 नंबर से साढ़े 10 नंबर तरफ, रोहित नगर बावरिया कल ब्रिज के पास, रंगमहल चौराहा, पलाश होटल तिराहा, डिपो चौराहा, जहांगीराबाद क्षेत्र, गणेश मंदिर, लालघाटी चौराहा, काली मंदिर तिराहा कली मंदिर तिराहे से भारत टॉकीज के बीच, सेंट्रल लाइब्रेरी के पास, संगम तिराहा, नादरा बस स्टैंड से छोला मार्ग की तरफ, डीआईजी बंगला चौराहा, सिंधी कॉलोनी चौराहा, डीआईजी बंगला चौराहा से बैरसिया रोड की तरफ, डीआईजी बंगला चौराहा से छोला अंडर ब्रिज की तरफ, मनीषा मार्केट तिराहा, बाबा नगर तिराहा, चंचल चौराहा, काली मंदिर चौराहा, संत जी की कुटिया चौराहा, सिविल अस्पताल बैरागढ़, संत हिरदाराम कंपलेक्स बैरागढ़ और करोंद चौराहा शामिल हैं।

### अफसरों के साथ अब तक पांच बैठकें कर चुके हैं सांसद



ऊर्जा मंत्री तोमर से बैठक में चर्चा करते सांसद आलोक शर्मा।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने सांसद आलोक शर्मा को शहर के चिन्हित किये गए यातायात में बाधक खंबों को शिफ्ट किए जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि सांसद आलोक शर्मा शहर की यातायात व्यवस्था की दुरुस्त करने के लिए अब तक कलेक्टर, कमिश्नर और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ पांच बैठकें कर चुके हैं। सांसद शर्मा लगातार इन कार्यों की समीक्षा भी कर रहे हैं। उनके प्रयासों से शहर में रोड एक्सीडेंट जैसी घटनाओं में कमी आएगी और जनता को आवागमन में सुगमता मिलेगी।

## प्रदेश में करवट लेगा मौसम

# आज से प्रदेश में बारिश का दौर भोपाल में शुक्रवार से गरज चमक के साथ बौछारें पड़ेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में बुधवार से मौसम करवट लेना शुरू करेगा। पहले दिन प्रदेश के उत्तर पश्चिमी हिस्से के जिलों में बादलों के साथ उज्जैन, नीमच, रतलाम, मंदसौर आदि जिलों में बारिश होगी। शेष हिस्सों में बादलों का असर रहेगा। गुरुवार को प्रदेश के पूर्वी हिस्सें के छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना, धार आदि जिलों में बारिश का अनुमान है। शुक्रवार से शनिवार के बीच प्रदेश के मध्य हिस्से के भोपाल, रायसेन, विदिशा आदि कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी। मौसम केंद्र के अनुसार आज से रात का तापमान बढ़ेगा। कुछ जिलों में मौसम बदलेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार पाकिस्तान पर दो पश्चिमी विक्षोभ होने से बुधवार से प्रदेश में मौसम की करवट शुरू होगी। यह क्रम तीन दिन रहेगा। इस बीच अधिकांश जिले भीगेंगे।

### अभी पाकिस्तान पर दो सिस्टम, आज यह पश्चिम की ओर बढ़ेगा

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी एक डब्ल्यूडी सेंट्रल पाकिस्तान में है, जिसका इन्ड्यूस्ड सिस्टम पंजाब में बना है, जबकि दूसरा पश्चिमी विक्षोभ भी दक्षिणी पाकिस्तान पर सक्रिय है, जो साइक्लोनिक सकुर्लेशन के रूप में है। इसका असर पंजाब से लेकर आसपास के इलाकों पर पड़ रहा है। बुधवार को यह उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ेगा, जिससे मप्र में मौसम बदलेगा। विशेषकर उत्तर पश्चिमी मप्र के हिस्सों में आज से ही बारिश शुरू हो सकती है। इसके बाद गुरुवार से शनिवार के बीच प्रदेश के पूर्वी और मध्य हिस्से में बारिश होगी। इससे रात का तापमान बढ़ेगा।

### ऐसे होगा बारिश का डिस्ट्रीब्यूशन

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार मौसम में बदलाव के पहले दिन बुधवार को प्रदेश के उत्तर पश्चिमी हिस्से के उज्जैन, इंदौर, नीमच, रतलाम, मंदसौर आदि शहरों में बादल-बारिश होने की उम्मीद है। इसके बाद यह सिस्टम आगे बढ़ेगा, जिससे गुरुवार को पूर्वी हिस्से के छतरपुर, टीकमगढ़ सहित कुछ जिले भीगेंगे। शुक्रवार से शनिवार के बीच मध्य हिस्से में सिस्टम की अधिक सक्रियता से भोपाल, रायसेन, विदिशा, सीहोर आदि जिलों में बारिश होगी। अगले तीन दिन में प्रदेश के अधिकांश हिस्से भीगेंगे, जिससे दिन के तापमान में कमी आएगी। इस बीच रात का पारा बढ़ा हुआ रहेगा।

### अभी सामान्य से अधिक पारा

मंगलवार को भोपाल में दिन का पारा 30 डिग्री तक थमा रहा, जबकि रात का तापमान 14 डिग्री रहा। दिन में सामान्य से 1.4 डिग्री अधिक रहा। रात सामान्य के करीब है। प्रदेश में सर्वाधिक दिन का पारा खंडवा में 35.1 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 3.5 डिग्री अधिक है। सबसे कम रात का पारा कटनी में 8 डिग्री रहा है।

## तय मानकों के अनुरूप नहीं मिले ट्यूबवेलों के पानी के सैंपल

# जल सुनवाई की रिपोर्ट में 2 निजी ट्यूबवेलों के सैंपल हुए फेल, कहा-ये पानी न करें इस्तेमाल

*13 जनवरी से शुरू की गई जल सुनवाई में मिल रहे सैंपल की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक*

*255 पानी के सैंपल की रिपोर्ट में 253 मिले मानक स्तर के*

*मौके पर पूरे शहर के 24 नमूनों की जांच में सभी सही पाए गए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम द्वारा 13 जनवरी से शुरू की गई जल सुनवाई के दौरान मिल रहे पानी के सैंपलों की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की है। निगम प्रशासन के अनुसार 13 जनवरी से प्रति मंगलवार शहर के 85 वार्डों में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक पानी के सैंपल लिए जा रहे हैं। अब तक 255 सैंपल की जांच की गई जिसमें 2 निजी ट्यूबवेलों के सैंपल फेल हुए हैं। जिन आवेदकों ने यह सैंपल जांच के लिए निगम की जल सुनवाई में दिए थे उन्हें निगम की ओर से नलकूपों का इस्तेमाल न करने की हिदायत दी गई है।

जल सुनवाई के क्रम में अब तक 255 जल नमूनों में से 253 नमूने मानक स्तर के पाए गए। मंगलवार को निगम के 85 वार्डों में आयोजित जल सुनवाई में 24 जल के नमूनों की स्थल पर ही जांच की गई और सभी नमूने निर्धारित मानकों अनुरूप पाए गए। जल सुनवाई के दौरान अब तक 8 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनका निराकरण कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देश पर 13 जनवरी 2026 से प्रत्येक मंगलवार को जल सुनवाई के आदेश दिए गए थे।

### 47 लीकेज सुधारे, 177 विभिन्न क्षेत्रों से लिए सैंपल




मंगलवार को वार्ड 33 में जल सुनवाई के लिए तैनात अधिकारी-कर्मचारी।

शहर में चल रही लीकेज सुधार मुहिम के तहत मंगलवार को निगम अमले ने 47 लीकेज सुधारे और 177 पानी के सैंपल विभिन्न क्षेत्रों से लिए। जिन्हें निगम ने शहर की आठ प्रयोगशालाओं में जांच के लिए भेजा। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन एवं महापौर हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों में से 6 शिकायतों का निराकरण किया गया।निगम अमले ने अभी तक झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 4409 स्थानों सहित शहर में कुल 9914 जल के नमूने लेकर गुणवत्ता की जांच कराई जा चुकी है। साथ ही 1864 लीकेज सुधारे। निगम अमले द्वारा 5749 सीवेज चैंबरों की सफाई करवाई जा चुकी है।

## साइबर पंजीयन की हुई शुरुआत

# साइबर पंजीयन में पहली बार घर बैठे 27 प्रॉपर्टी के दस्तावेज कराए रजिस्टर्ड



पंजीयन करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के लोगों को बड़ी सौगात मिली है। अब घर बैठे दस्तावेजों का पंजीयन करवा सकते हैं, जिसको लेकर भोपाल में साइबर पंजीयन की शुरुआत की है। पहले दिन प्रदेश भर में 27 प्रॉपर्टी के दस्तावेज दर्ज कराए गए हैं। दरअसल, संपदा 1 और संपदा 2.0 के बाद प्रदेश में साइबर पंजीयन का काम शुरु किया गया है।

साइबर तहसील में लोन, मुख्तार नामा, माइनिंग लीज, हलफनामा, पावर ऑफ अटार्नी, पार्टनरशिप डीड जैसी 75 से अधिक सेवाओं के लिए साइबर पंजीयन शुरू किया है। इसका लाभ यह होगा कि पंजीयन दफ्तरों में भीड़ भी कम हो जाएगी। वहीं, प्रदेश के किसी भी हिस्से से दस्तावेज रजिस्टर्ड कराए जा सकेंगे।

## कमियां मिलने पर होगी नियमानुसार कार्रवाई

# भौंरी में गैस सिलेंडर ब्लॉस्ट मामले में फायर सेफ्टी सिस्टम की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर से लगे भौंरी क्षेत्र में प्लेओटेल रिसॉर्ट में बीती रात एक रिसेप्शन कार्यक्रम के दौरान गैस सिलेंडर फटने की जांच निगम का फायर अमला करेगा। रिसॉर्ट में फायर सेफ्टी सिस्टम के अलावा अन्य सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की जाएगी। निगम की तीन सदस्यीय कमेटी बुधवार को भौंरी पहुंचेगी। मंगलवार को घटना स्थल से सामान हटाने और सफाई का काम जारी रहने के कारण टीम जांच के लिए नहीं पहुंची।

इस बात की भी जांच की जाएगी कि जहां सिलेंडर रखे गए थे वो जगह उन्हें रखने के लिए अनुकूल थी या नहीं। नगर निगम के फायर अधिकारी सौरभ पटेल ने बताया कि बुधवार को भौंरी में घटना स्थल की जांच करने तीन सदस्यीय टीम जाएगी। वहां सुरक्षा संबंधी सभी मानकों की बारीकी से जानकारी लेकर जांच की जाएगी। इसके अलावा नुकसान का आंकलन भी किया जाएगा। कमियां मिलने पर नोटिस देने के अलावा अन्य नियामानुसार कार्रवाई होगी।



फाइल फोटो

## नए सिरे से जांच करेगी टीम

# एमबीबीएस छात्रा मौत के मामले में तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के कोहफिजा इलाके में एक पीजी हॉस्टल में एमबीबीएस छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस कमिश्नर ने 3 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन कर दिया है। एसआईटी की अगुवाई एसीपी अंकिता खातरकर करेंगी। टीम में तीन वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए गए हैं। गौरतलब है कि कोहफिज़ा क्षेत्र के एक पीजी में छात्रा रोशनी कलेश का शव मिला था। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने इसे आत्महत्या का मामला बताया था। हालांकि छात्रा के परिजनों ने इस पर सवाल उठाते हुए हत्या की आशंका जताई है। छात्रा की मौत के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश तब दिखा जब परिजनों ने थाने का घेराव कर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। मामले की गंभीरता और बढ़ते दबाव पर पुलिस प्रशासन ने एसआईटी गठित करने का निर्णय लिया है। एसआईटी घटनास्थल के साक्ष्यों, मोबाइल कॉल डिटेल, फोरेंसिक रिपोर्ट और छात्रा के साथियों से पूछताछ सहित सभी बिंदुओं पर दोबारा जांच करेगी। इस मामले पर पूरे शहर की नजर बनी हुई है और एसआईटी की जांच रिपोर्ट के बाद ही छात्रा की मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी।



मृतक छात्रा

### रेल यात्रा के लिए रेलवन एप बना एकीकृत डिजिटल मंच, यूटीएस 1 से होगा बंद

**भोपाल।** यात्रियों की सुविधा, डिजिटल सेवाओं के एकीकरण तथा रेल यात्रा को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने भारतीय रेलवे ने रेलवन ऐप को एक समग्र डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया गया है। यह ऐप रेल यात्रा से जुड़ी लगभग सभी आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। रेलवे प्रशासन ने यह निर्णय लिया है कि अब यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप, जो अब तक अनारक्षित टिकट बुकिंग के लिए प्रयुक्त हो रहा था, 1 मार्च, से बंद कर दिया जाएगा। चूंकि अनारक्षित टिकट बुकिंग की सुविधा अब रेलवन ऐप में समाहित कर दी गई है, यात्रियों को अलग-अलग ऐप की आवश्यकता नहीं रहेगी। साथ ही रेलवन पर अनारक्षित टिकटों की बुकिंग पर 3 प्रतिशत की छूट 14 जून तक दी जा रही है।

## पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर चार थाना प्रभारियों के तबादले

# कजलीखेड़ा को मिली पहली टीआई पल्लवी पांडे, शाहपुरा संतोष कुमार, राजन सिंह संभालेंगे जहांगीराबाद थाने की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर मंगलवार को चार थाना प्रभारियों की नई पदस्थापना की गई। सबसे अहम नियुक्ति कोलार के पास नवगठित कजली खेड़ा थाने में की गई है, जहां अब टीआई के रूप में पल्लवी पांडे जिम्मेदारी संभालेंगी।

कजली खेड़ा थाना हाल ही में अस्तित्व में आया है। थाना बनाए जाने का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद यहां पुलिस बल की तैनाती की गई थी, लेकिन थाना प्रभारी की पोस्टिंग लंबित थी। अब पल्लवी पांडे की नियुक्ति के साथ थाना पूरी तरह सक्रिय हो गया है। पल्लवी इससे पहले महिला थाना में पदस्थ थीं और संवेदनशील मामलों के निपटारे में उनकी कार्यशैली को प्रभावी माना जाता है। वहीं शाहपुरा थाने में खाली पड़ी कुर्सी पर भी पदस्थापना कर दी गई है। हाल ही में एक विवादित मामले में थाना प्रभारी की भूमिका संदिग्ध पाए जाने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया था। इसके बाद से थाना प्रभारी का पद खाली था। अब रिजर्व में पदस्थ संतोष कुमार को शाहपुरा थाने की कमान सौंपी गई है। माना जा रहा है कि शाहपुरा जैसे संवेदनशील और व्यस्त थाने में अनुभवी अधिकारी की जरूरत को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।




### चौधरी को हटाकर पुलिस लाइन भेजा

इसी क्रम में जहांगीराबाद थाने में भी बदलाव किया गया है। यहां कार्यकुशलता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर थाना प्रभारी मानसिंह चौधरी को हटा दिया गया है और उन्हें पुलिस लाइन रिजर्व भेज दिया गया है। उनकी जगह रिजर्व में तैनात राजन सिंह अहिरवार को जहांगीराबाद थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों का मानना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सख्ती से लागू करने और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए यह बदलाव जरूरी था। पुलिस उपयुक्त मुख्यालय की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी अधिकारी तत्काल प्रभाव से नई पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करें। राजधानी में तेजी से बदलते शहरी परिदृश्य और बढ़ती जनसंख्या के बीच पुलिस व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए यह प्रशासनिक सर्जरी की गई है।

## नाली पर रखी फर्शियां, रेंप, खंभों पर लगे कटआउट उठाए

# चौक बाजार, जुमेराती, मंगलवारा से हटाए अतिक्रमण, दो ट्रक सामान किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम ने मंगलवार को पुराने शहर के मंगलवारा, चौक बाजार, जुमेराती में अतिक्रमण अमला कार्रवाई के लिए पहुंचा और नाली पर रखी फर्शियां, रेम्प, खंबों पर लगे कटआउट सहित अन्य सामग्री जप्त की। यहां से करीब दो ट्रक सामग्री जप्त की गई। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने मंगलवार को आजाद मार्केट, लोहा बाजार, चूड़ी वाली गली, झंडा चौक, दयानंद चौक, मंगलवारा, जुमेराती, चौक बाजार आदि क्षेत्रों में कार्रवाई जारी रखते हुए ठेले, गुमठी, काउंटर, फोल्डिंग टेबिल, कुर्सी, बोर्ड स्टूल आदि को हटाया गया।

इसके अलावा कोलार अमरनाथ कॉलोनी, कोलार दानिश चौराहा, जेके हास्पिटल, मंदाकनी, सर्वधर्म पुलिया, होशंगाबाद रोड जाटखेड़ी, जाटखेड़ी एफीटाल होटल, शक्ति नगर, अवधपुरी, जवाहर चौक, केम्पियन स्कूल, नीलबढ़, न्यू मार्केट रोशनपुरा, श्यामला हिल्स, जहांगीराबाद, बुधवारा चार बत्ती चौराहा, इतवारा, मारवाडी, रोड, प्रभात चौराहे से रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नं-1, हमीदिया गेट नं-1, बाबे अली मैदान आदि क्षेत्रों में फुटपाथ व सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गई।




अमले की कार्रवाई।

## जैकेट का शेष...

### स्थिर मूल्यों पर ...

2025-26 की अवधि के दौरान मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति शुद्ध आय स्थिर (2011-12) मूल्यों पर 38,497 से बढ़कर 76,971 रुपए एवं प्रचलित मूल्यों पर 38,497 से बढ़कर 1,69,050 रुपए हो गई है। यह वास्तविक आय स्तर में उल्लेखनीय सुधार को दर्शाता है।

### सकल राज्य घरेलू ...

मूल्यों पर 7,81,911 करोड़ रुपए अनुमानित है, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 (त्वरित अनुमान) के 7,23,724 करोड़ रुपए की तुलना में 8.04 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि को दर्शाता है।

### स्वच्छ सर्वेक्षण में आठ राष्ट्रीय ...

कुल बजट का 10.37 प्रतिशत शिक्षा के लिए आवंटित किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक है। कक्षा 1-5 में ड्रॉपआउट दर शून्य हो गई है, जबकि कक्षा 6-8 में यह घटकर 6.3 प्रतिशत रह गई है।

### भोपाल में एंटी-रेबीज ...

घटनाएं होती हैं। यह कहना सही नहीं है कि नियंत्रण में प्रशासन विफल है या शहर में स्थिति विस्फोटक बनी हुई है। मंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष 19 नवंबर को श्वान नियंत्रण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इसके बाद 22 दिसंबर 2025 को प्रदेश के सभी जिला स्तरीय नगरीय निकायों को जरूरत अनुसार नए एबीसी केंद्र खोलने और श्वान आश्रय स्थल बनाने के निर्देश दिए गए। वर्तमान में प्रदेश के 16 नगरीय निकायों में 19 श्वान नसबंदी केंद्र संचालित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि साल 2023 में श्वान नसबंदी केंद्रों की संख्या एक से बढ़ाकर 3 की गई। नसबंदी कार्य ऑनलाइन टेंडर के जरिए चयनित, भारत सरकार की एनिमल वेलफेयर बोर्ड से मान्यता प्राप्त एनजीओ की ओर से पशु चिकित्सकों की निगरानी में कराया जा रहा है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मप्र के अनुसार भोपाल शहर में एंटी-रेबीज वैक्सीन के 5,023 इंजेक्शन उपलब्ध हैं, इसलिए यह कहना सही नहीं है कि शहर में वैक्सीन की उपलब्धता नहीं है।

### गाय को राष्ट्रीय पशु ...

मांग रखी कि गाय के चमड़े और अन्य अवशेषों के व्यापार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। उनके अनुसार इससे धार्मिक आस्थाओं का सम्मान सुनिश्चित होगा। इससे सामाजिक सद्भाव को बल मिलेगा।

### सलीम खान की ...

अग्निहोत्री भी लीलावती अस्पताल पहुंचे हैं। अलवीरा इस दौरान काफी जल्दी में दिखीं और कार से उतरकर भागते हुए अस्पताल पहुंचीं। बेटे अरबाज समेत परिवार के कई सदस्य भी अस्पताल पहुंचे। सलमान खान के अलावा सलीम खान के तीन और बच्चे भी हैं, इनमें अरबाज खान, सोहेल खान और अलवीरा खान शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने अर्पिता को गोद लिया है। सलीम खान ने सलमा खान से पहली शादी की थी। जबकि वेटरन एक्ट्रेस हेलन सलीम खान की दूसरी पत्नी हैं। उन्होंने साल 1981 में हेलन से शादी की थी। पहले उनकी दूसरी शादी से उनका परिवार नाराज था, हालांकि बाद में हालात सुधर गए। अब सभी एकसाथ रहते हैं।

### चोटी नहीं खींचना ...

अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बीते 18 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर संगम में स्नान करने जा रहे थे। इस दौरान पुलिस की ओर से रोक लिया गया। इसके बाद पुलिस अधिकारियों से उनकी बहस हो गई। अविमुक्तेश्वरानंद ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि उन्हें संगम में स्नान करने से रोका गया। बटुक ब्राह्मणों की चोटी खींची गई। इस दौरान उन्होंने उन पुलिसकर्मियों की फ़ोटो दिखाई जिन्होंने उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

### घातक केमिकल ...

है। जांच एजेंसियों के अनुसार पूरी तलाशी के बाद कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। अब पुलिस की साइबर सेल उस ई-मेल आईडी को ट्रैक करने में जुटी है, जिससे यह धमकी भेजी गई थी।

### शिक्षिका ने वाट्सएप ...

खींची थी। उसका उद्देश्य कथित तौर पर बाहर से पेपर हल कराकर छात्रों को नकल में मदद पहुंचाना था। प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शिक्षिका को परीक्षा केंद्र से बाहर कर दिया और केंद्राध्यक्ष को भी तत्काल प्रभाव से बदल दिया गया।

### पेपर लीक की ...

प्रारंभ होने के बाद साझा की गई, इसलिए प्रश्नपत्र लीक होने की बात निराधार बताई जा रही है। परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई।

## पेज एक का शेष...

### पैरेंट्स के पास ...

चालान हैं। इसके बावजूद उसके पिता ने उसे नहीं रोका। ऐसे लोग सोचते हैं कि वे पैसे के दम पर सिस्टम को मरोड़ सकते हैं, पनिशमेंट से बच सकते हैं, और मनमानी कर सकते हैं। सड़क पर बाकी लोगों की जान खतरे में डाल सकते हैं। मेरे बेटे के साथ जो हुआ- वह सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, यह एक मिसाल बनने वाला मामला होना चाहिए। मातापिता की भी ज़िम्मेदारी है कि बिना लाइसेंस, बिना ड्राइविंग सेंस वाले बच्चों को लग्ज़री गाड़ियां न थमाएं। एक मिनट में किसी की दुनिया उजड़ जाती है। मेरी उजड़ गई। मेरा एक ही बच्चा था, अब मैं क्या करूंगी? मैं अपने बच्चे के लिए न्याय चाहती हूं।

### भारत व फ्रांस....

चरणों में जोड़े जाते हैं और यहीं पूरा हेलिकॉप्टर तैयार होता है।

**स्वामी विवेकानंद कल्चरल सेंटर फ्रांस में खोला जाएगा:** पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस दोनों प्राचीन और समृद्ध सभ्यताएं हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंधों को बहुत महत्व दिया जाता है। अब भारत और फ्रांस नेशनल मरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स, लोथल पर सहयोग करेंगे, और पहले ही ज्वेल म्यूजियम पर साथ काम किया जा चुका है। जल्द ही स्वामी विवेकानंद कल्चरल सेंटर फ्रांस में खोला जाएगा।

**आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे:** पीएम ने ये भी कहा, भारत, फ्रांस दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों, नियम के शासन और बहुध्रुवीय दुनिया में विश्वास रखते हैं। हम इस बात को लेकर भी एकमत हैं कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार से ही वैश्विक चुनौतियों का समाधान निकलेगा। दोनों देश यूक्रेन, पश्चिम एशिया और हिंद प्रशांत क्षेत्र में शांति के सभी प्रयासों को समर्थन प्रदान करते रहेंगे। इसके अलावा आतंकवाद के सभी रूपों और प्रकारों को जड़ से मिटाना हमारी साझा प्रतिबद्धता है।

### लीडर्स, सीईओ, ...

जारी रखेंगे। यूक्रेन, पश्चिमी एशिया या वैश्विक दक्षिण हम हर समस्या के खात्मे के लिए साथ काम करते रहेंगे। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से एक-दूसरे को गले लगाया। इसके बाद दोनों के बीच अहम मुद्दों पर बातचीत हुई।

### इन 21 समझौतों ...

मिसाइलों के उत्पादन के लिए संयुक्त उपक्रम की स्थापना, भारत-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन के लांच, हेलीकॉप्टर असेंबली लाइन का उद्घाटन, जटिल खनिजों और मेटल के क्षेत्र में सहयोग को लेकर आशय वाला संयुक्त घोषणा पत्र, भारत-फ्रांस के लोगों को दोहरे कराधान से बचाने वाला समझौता, एम्स दिल्ली में सेंटर फॉर एआई इन हेल्थ की स्थापना जैसे समझौते अहम हैं।

### उफ....नवजात के ...

2 माह पूर्व गंजबासौदा में पाराशरी घाट स्थित श्मशान घाट पर नवजात का शव मिला था। कुछ कुत्ते शव को अपने मुंह में दबाकर घूम रहे थे और नोंच नोंच कर खा रहे थे। श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए पहुंचे लोगों ने यह दृश्य देखकर पुलिस को सूचना दी थी। जांच कराई जा रही है: सूचना मिलते ही पुलिस को मौक पर भेजा। शव को कुत्ते नोच रहे थे। मामले को गंभीरता से लेकर पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि नवजात का शव वहां कैसे पहुंचा।

**आनंद राज,** टीआई सिटी कोतवाली विदिशा

### पहले भी ऐसी ....

कौन थी। बता दें की जिला अस्पताल के शौचालय में भी नवजात का शव मिल चुका है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग इसका भी कोई सुराग अब तक नहीं लगा सका।

### डिप्टी रेंजर को ....

दिया गया था। वह दोबारा वन सुरक्षा समिति में मजदूर के रूप में रखने के लिए डिप्टी रेंजर राकेश शर्मा पर दबाव बना रहा था। मंगलवार को वह देशी कट्टा लेकर नर्सरी पहुंचा और राकेश शर्मा से विवाद करने लगा। गाली-गलौज के बीच उसने फायरिंग कर दी। एक गोली डिप्टी रेंजर राकेश शर्मा की पीठ में लगी, जिससे वे बेसुध होकर बरामदे में गिर पड़े। फायरिंग में नर्सरी की महिला मजदूर सुमन बाई को भी गोली लगी जो आरपार हो गई जबकि एक अन्य महिला कर्मचारी घायल हो गईं। वारदात के बाद आरोपी ने नर्सरी परिसर में ही पेड़ पर फांसी का फंदा बनाकर जान दे दी।एडिशनल एसपी कमलेश कुमार खरपुसे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मृतक के सीने में भी गोली लगने की निशान मिले हैं। मामले की जांच की जा रही है।

### कनुप्रिया ने भोपाल...

ने उनका अभिनंदन किया है। कनुप्रिया सत्तन ने अपनी राजनीतिक दिशा बदलने की वजह वैचारिक कारण बताए हैं। उन्होंने कहा कि मैं बचपन से ही पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के ओजस्वी व्यक्तित्व और कांग्रेस के सेवाभावी आदर्शों से गहराई से प्रभावित रही हूं। जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए मैंने कांग्रेस को चुना है।

### तारिक रहमान बने ....

*बनाए हैं। उनकी कोशिश है कि बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाया जाए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बांग्लादेश के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यक्तिगत बधाई पत्र सौंपा। ओम बिरला, विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ भारत सरकार की ओर से रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।*

### एनएचएआई राष्ट्रीय....

संरचनाओं को भी बढ़ावा दिया जाएगा जो मधुमक्खियों के प्राकृतिक आवास के लिए अनुकूल हों। पौधों का चयन इस तरह किया जाएगा कि अलग-अलग मौसम में फूल खिलते रहें और पूरे वर्ष निरंतर फूलों का चक्र बना रहे। राजमार्गों के किनारे नीम, करंज, महुआ, पलाश, बॉटल ब्रश, जामुन और सिरिस जैसे देशी पेड़ लगाए जाएंगे। स्थानीय जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त स्थानों पर ऐसे कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे।

### हिंदू युवक बनकर ....

पर अष्टगंध चंदन का तिलक लगाए हुए था और गले में रूद्राक्ष की माला पहने हुए था। उसके पहनावे से ऐसा लग रहा था कि वह एक हिंदू भक्त है। इसी कारण कई लोग धोखा खा गए। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि एक गैर हिंदू युवक शहर के एक होटल में ठहरा हुआ है। संगठन के लोग दिनभर उसकी तलाश करते रहे। शाम को युवक पकड़ा गया तो कार्यकर्ताओं का गुस्सा बढ़ गया। आरोप है कि जफर बिना अपनी पहचान पत्र दिए एक हिंदू युवती के पहचान पत्र से होटल में रुका था। कार्यकर्ताओं ने उससे नाम पूछा तो उसने हिंदू नाम बताया। शक होने पर कुछ कार्यकर्ता उसका पीछा करते रहे। इसी दौरान उसके एक साथी ने उसे जफर कहकर आवाज लगाई, जिसके बाद मामला खुल गया। हकीकत सामने आने के बाद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने युवक की पिटाई कर दी। जफर चंडीगढ़ का रहने वाला है और वह दिल्ली की एक हिंदू युवती के साथ उज्जैन आया था।

### मोबाइल में युवतियों...

कर दी। होटल का रिसेप्शन और फर्नीचर भी तोड़ दिया। फिर युवक को सड़क पर घुमाते हुए थाने ले गए। आरोपी के मोबाइल में कई आपत्तिजनक वीडियो भी मिले हैं। इनमें लड़कियां रोते हुए खुद को छोड़ने की बात कह रही हैं, जबकि युवक उनसे सौदेबाजी करता सुनाई दे रहा है। एबीवीपी कार्यकर्ता शिवांक अवस्थी ने बताया कि लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि शकील नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर होटल 'अपना कैफे' लाता है। जब कार्यकर्ता होटल के रूम नंबर 205 में पहुंचे, तो शकील ने दरवाजा नहीं खोला। उन्होंने होटल संचालक पर बिना सही दस्तावेज के कमरा देने के आरोप भी लगाए हैं। पीड़िता को बयान और काउंसलिंग के लिए छतरपुर स्थित महिला हेल्प डेस्क भेजा गया है।

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एस.एल.- 10 मण्डल द्वारा श्री बसंत लाल सनेही आत्मज स्व. श्री जी. आर. सनेही के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 29/01/2014 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 09/01/2026 को पंजीकृत है। श्री बसंत लाल सनेही आत्मज स्व. श्री जी. आर. सनेही द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती शन्नो जहा पत्नी श्री इस्लामुल हक जैदी को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 16/02/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती शन्नो जहा पत्नी श्री इस्लामुल हक जैदी के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**(रविन्द्र निकोसे)**
**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक- 1302/ए मण्डल द्वारा श्रीमती कमलेश मैथिल पत्नी श्री भारत भूषण मैथिल के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 08/03/2024 को पंजीकृत है। श्रीमती कमलेश मैथिल पत्नी श्री भारत भूषण मैथिल द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती सुरूर फातमा पत्नी श्री रजी हसन जैदी को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 22/01/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती सुरूर फातमा पत्नी श्री रजी हसन जैदी के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**(रविन्द्र निकोसे)**
**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

---

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)
**न्यायालय तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल**
(पुराना जिला पंचायत भवन, कोहेफिजा जिला भोपाल)

**रा.प्र.क्र. 2448/अ/6-2025-26**

:: सार्वजनिक नोटिस ::

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण/बटान /बटवारा/सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 25/2/26 को समय दोपहर 03:00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ़ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो. या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण/ बटान/बटवारा/सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। अनुसूची - ग्राम का नाम, लाऊखेडी, खसरा नंबर 213/1/1/4/1, क्षेत्रफल 0.2426 हेक्टर, उस व्यक्ति का विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) विकास तीर्थानी अर्जुन दास निवासी शहर, आज दिनांक 13/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया

**तहसीलदार**
**नजूल संत हिरदाराम नगर (बैराग़ढ) वृत्त, भोपाल**

---

बिहार सरकार

**समाहरणालय, कैमूर**
(मद्यनिषेध एवं उत्पाद शाखा)

**वाहन नीलामी हेतु अति अल्पकालीन आम सूचना**

**(बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 एवं संशोधित अधिनियम 2018 के सुसंगत प्रावधानों के तहत राज्यसात किये गये वाहनों की (अल्पकालीन सार्वजनिक नीलामी सूचना)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कैमूर जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों / उत्पाद वादों में निम्न वाहनों का बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 एवं संशोधित अधिनियम 2018 के सुसंगत प्रावधानों के तहत विभिन्न अधिहरण वादों में न्यायालय समाहर्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी, कैमूर (भभुआ) एवं अनुमण्डल दण्डाधिकारी, कैमूर (भभुआ) के उत्पाद न्यायालयों द्वारा राज्यसात (Confiscate) किये गये वाहनों की सार्वजनिक नीलामी ¼Public Auction)" जहाँ है, जैसे है" के रूप में समाहर्ता, कैमूर द्वारा गठित नीलामी समिति के द्वारा 11.00 बजे पूर्वाहन से अधीक्षक मद्यनिशेध, कैमूर (भभुआ) में निम्न प्रकार से की जायेगी।

| आवेदन प्राप्त करने की तिथि | वाहन निलामी की तिथि | | आवेदन प्राप्त करने का स्थान |
|---|---|---|---|
| 23.02.2026 | नीलामी की पहली तिथि | 25.02.2026 | कार्यालय अधीक्षक मद्य निषेध, कैमूर |
| 28.02.2026 | नीलामी की दुसरी तिथि | 02.03.2026 | |
| 06.03.2026 | नीलामी की तीसरी तिथि | 09.03.2026 | |

**बिहार राज्य एवं मध्यप्रदेश राज्य अंतर्गत प्रेस विज्ञप्ति हेतु वाहनों की विवरणी**

| क्र0 | थाना | थाना काण्ड संख्या | वाहन प्रकार | निबंधन सं0 | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | अधिहरण वाद सं0 / अधिहरण आदेश तिथि | मुल्यांकित राशि | तीसरी नीलामी की राशि 20 % कम राशि | SOP के आलोक में तीसरी नीलामी का 10% कम राशि दिनांक 25.02.26 | अग्रधन की राशि | SOP के आलोक में चौथी नीलामी का 10% कम राशि दिनांक 02.03.26 | SOP के आलोक में पांचवी नीलामी का 10% कम राशि दिनांक 09.03.26 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मद्यनिषेध | 960/24 | TVS Jupiter | MP05MR-6165 Ch- MD626EG44H1C36231 Eng- EG4CH154158 | श्री रामाशिष साह, पे0–खोभारी साह, सा0–12– बंगलो, इतारसी, जिला–होशंगाबाद, म0प्र0 | 95/25 28.02.2025 | 20000 | 16000 | 14400 | 1440 | 12960 | 11664 |

प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा। विस्तृत जानकारी कैमूर जिला के वेबसाईट www.kaimur.nic.in या अधीक्षक मद्यनिषेध, कैमूर से प्राप्त की जा सकती है।

**अधीक्षक मद्य निषेध,**
**कैमूर (भभुआ)**

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.024198 (Excise) 2025-26

**नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)**

वि.क्र/E-T/PRO. /12 /DWS/2026 — देवास दिनांक: 09.02.2026

**//ई-निविदा सूचना //**
**द्वितीय निविदा आमंत्रण**

**निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त ई-निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।**

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि वषार्काल सहित एवं लागत लॉख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_480675_1 Date 10.02.2026 | Operation & Maintenance of Barrage having 12 nos. Radial gates with logical circuit Panel at Tumni Village & Ogee at Budi Barlai Nala on Kshipra River. | 1. समयावधि 12 माह (संचालन एवं संधारण कार्य) 2. लागत रू. 28,57,437/- (विथआउट जीएसटी) | 1. रू.5000/- 2.रू. 85,723/- | 02.03.2026 |

नोट:-निविदा से संबंधित किसी भी के संशोधन प्रकार का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (परि.).**
**नगर पालिक निगम, देवास**


WE PROVIDE THE BEST SOLAR ENERGY
HERRY UP!
Na 2 Lakh Mein.. Na 1.5 Lakh Mein..
BEST OFFER
BRANDS we deal with! TATA POWER SOLAROOF, WAAREE One with the Sun, adani Solar, ECE INDIA Sun for Everyone
Sirf ₹72,000 Mein! 3.3 kW Solar Lagaye
Bachat ka Naya Tareeka!
Contact us 99932-41867, 73549-99281
Aura Mall, Bhopal, 462010
228, Dwarkadhish Colony Indore (M.P.) 452005

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644





नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्प्लेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यकता
अनुभवी सुरक्षागार्ड, गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस सांई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 8085233213, 8253010291, 722302602, 8889997826 (RO 39987)
BSP- 18 to 26/02/2026

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।





18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330
R- 22/01/25 to13/03/26
Not , 26,27/01/26, 15/02/26 , 04,08/03/2026


## शब्द पहेली - 6142



**बाएँ से दाएँ**
1.मन मोहने वाला-5
5.प्रस्थान करना,रवानगी-5
9.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10.तेल में पकाना-3
11.प्रेम,प्यार-2
13.थोड़ा,जरा-2
14.मैं का बहुवचन-2
15.उम्मीद करना-5
18.धन,संपदा-2
19.पक्षियों की चहचहाट-4
20.अभिप्राय-4
21.सद्,अच्छा-2
22.दम,ताकत-2
23.प्रकाशवान-4
26.ठसाठस-4
29.माईल,दूरी नामपे की इकाई-2
30.क्रोधित होना-2,3
33.विदेशी शराब-2
34.झुका हुआ-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.आखेट मंच-3
38.खुजली-3
41.मनमोहकता-5
42.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.आकर्षक.चिताकर्षक-5
2.वैक्स,मधुज-2
3.अधिकार-2
4.फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5.जागरण-4
6.दीवार (अंग्रेजी-2)
7.मां के पिता-2
8.असफल-5
12.गर्भ,कोख-3
13.करामात-3
15.खातिरदारी -5
16.उद्देश्य-2
17.नामकरण-2,3
23.भूस्वामी-2,3
24.सही का विलोम-3
25.मृत्यु-2
27.इमामदस्ता-3
28.कांतिमान, चमकीला-5
31.उदारता,बड़प्पन-4
32.मालगोदाम-4
36.रत्न,नग-2
37.टी,चहा-2
39.याचिका,वाद (अंग्रेजी-2)
40.वहम,संदेह-2

**शब्द पहेली -6141 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6152

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकू नवताल - 6151 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## खबर संक्षेप

### मारुति ने शुरू की ई-विटारा की बिक्री

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजुकी ने मंगलवार को अपने एसयूवी विटारा के इलेक्ट्रिक संस्करण ई-विटारा की घरेलू बाजार में बिक्री शुरू कर दी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि ग्राहक नेक्सा शोरूम पर जाकर या नेक्सा की वेबसाइट पर 21,000 रुपए का शुरुआती भुगतान करके ई-विटारा की बुकिंग करा सकते हैं।

### खजांची को हुआ 63.82 करोड़ का लाभ

**चेन्नई।** खजांची ज्वैलर्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही और नौवे माह के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। वित्त वर्ष 2026 के नौवे माह में कंपनी का कुल राजस्व 1,542.02 करोड़, एबिटडा 89.12 करोड़ और शुद्ध लाभ 63.82 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। जबकि वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में कुल राजस्व 589.26 करोड़, एबिटडा 35.34 करोड़ और शुद्ध लाभ 25.13 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया।

### मोबिलाइज एप लैब का आईपीओ 23 को खुलेगा

**मुंबई।** मोबिलाइज एप लैब लिमिटेड ने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग सोमवार 23 फरवरी 2026 को खोलने जा रही है। कंपनी का लक्ष्य ऊपरी प्राइस बैंड पर 20.09 करोड़ जुटाने का है। यह इश्यू 10 रुपए अंकित मूल्य के 25,12,000 इक्विटी शेयरों का है, जिसके लिए प्राइस बैंड 75 से 80 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर आशीष शर्मा ने कहाकि एंकर निवेशक भाग शुक्रवार, 20 फरवरी 2026 को खुलेगा। मुख्य इश्यू सोमवार 23 को खुलेगा और बुधवार 25 फरवरी को बंद होगा।

### देव इंफॉर्मेशन का शुद्ध लाभ 66.64 करोड़

**मुंबई ।** देव इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ने वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही और नौवे माह के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। नौवे माह में कंपनी कुल राजस्व 137.50 करोड़, एबिटडा 2.19 करोड़ और शुद्ध लाभ 66.64 करोड़ रुपए रहा। कंपनी आईपीओ के बाद ईवी एक्सेलरेटर में हिस्सेदारी के पुनर्वर्गीकरण पर लगभग 92 करोड़ के असाधारण अप्राप्त लाभ शामिल हैं। कंपनी के संस्थापक एवं चेयरमैन प्रणव पांड्या ने कहाकि यह तिमाही उद्देश्यपूर्ण निवेश और प्लेटफ़ॉर्म सुदृढ़ीकरण का चरण दर्शाती है।

### सैमसंग एआई स्मार्टफोन का प्री-रिजर्वेशन शुरू

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने अपने अगले एआई स्मार्टफोन के लिए भारत में प्री-रिजर्वेशन की घोषणा कर दी है। इस नई गैलेक्सी एस सीरीज स्मार्टफोन को 25 फरवरी को सैन फ्रांसिस्को में आयोजित 'गैलेक्सी अनपैक्ड' कार्यक्रम में पेश किया जाएगा। ग्राहक 999 रुपए की रिफंडेबल टोकन राशि देकर नए गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस को प्री-रिज़र्व कर सकते हैं। प्री-रिजर्वेशन सेमसंग.कॉम, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, अमेजन.इन, फ्लिपकार्ट .कॉम और देशभर के प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है। प्री-रिज़र्व करने वाले ग्राहकों को नए गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस की खरीद पर 2,699 रुपये तक के विशेष लाभ मिलेंगे। नई गैलेक्सी एस सीरीज़ को इस तरह तैयार किया गया है कि रोज़मर्रा के काम आसान हों।

### थम्स अप ने 'टेस्ट द थंडर' एंथम के साथ मचाई धूम

**नई दिल्ली।** थम्स अप ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप के भारत–पाकिस्तान मुकाबले को एक यादगार रोमांच में बदल दिया। मशहूर हिप-हॉप स्टार हनुमानकाइंड ने जब स्टेडियम की कमान संभाली, तो मैच का जोश और भी बढ़ गया। स्टेडियम के बीच हनुमानकाइंड ने थम्स अप का नया एंथम 'टेस्ट द थंडर' पेश किया और अपने कुछ खास गानों से पूरे माहौल में जोश भर दिया। परफॉरमेंस ने थम्स अप की ऊर्जा को स्टैंड्स से लेकर स्क्रीन तक जीवंत कर दिया।

## मप्र का बजट आज : उद्योगों को 'ऊर्जा' और 'संतुलन' की उम्मीद

# मप्र को राष्ट्रीय स्तर पर आदर्श विकास मॉडल बनाने 'कर प्रणाली और व्यापारिक, भूमि नीति, रजिस्ट्री एवं गाइडलाइन' में सुधार किया जाए




वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्य में औद्योगिक क्षेत्र के लिए 'ऊर्जा' और 'संतुलन' का एक नया रोडमैप तैयार हो। बजट जो 'विकसित भारत 2047' के विजन से प्रेरित है, उसमें उद्योगों को सरल प्रक्रियाओं, स्थिर बुनियादी ढांचे और हरित ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण सौगातें प्रदान की जानी चाहिए। इसके साथ ही कर रहा है। मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श विकास मॉडल बनाने के लिए कर प्रणाली, व्यापार, भूमि और रजिस्ट्री नियमों में व्यापक सुधार किए जाएं।

राज्य ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' रैंकिंग में 'अचीवर' का दर्जा हासिल किया है और 'संपदा 2.0' जैसी नागरिक-केंद्रित पहल लागू की है। यह कहना है 18 फरवरी यानी बुधवार को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पेश बजट से प्रोत्साहन की उम्मीद लगाए बैठे व्यापारी, उद्यमी और अन्य कारोबारियों का। संगठनों के प्रतिनिधियों के अनुसार छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए आसान ऋण और कम नियम-कायदे का संतुलन बनाया जाए, ताकि वे 'आत्मनिर्भर भारत' का हिस्सा बन सकें। उद्योगों को समय पर और तेज गति से सब्सिडी मिले। इसके साथ ही यह मांग की गई है कि मध्य प्रदेश औद्योगिक संवर्धन नीति 2025 के तहत, व्यवसायों के लिए कर फाइलिंग, निरीक्षण और लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जाए। 2026-27 के लिए नई गाइडलाइन दरों को अद्यतन करने की तैयारी की जाए। राज्य में रियल एस्टेट नीति-2019 के अंतर्गत भूमि रिकॉर्ड को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के साथ जोड़कर पारदर्शी विकास सुनिश्चित किया जाए।

### गैस आधारित ईंधन पर वैट कटौती हो

वर्तमान 14 फीसदी वैट को पड़ोसी राज्यों के समकक्ष 3–4 फीसदी करने की मांग है जिससे उत्पादन लागत में कमी, निर्यात प्रतिस्पर्धा में वृद्धि और ग्रीन फ्यूल को बढ़ावा मिलेगा। निवेश आकर्षण और प्रदूषण नियंत्रण दोनों में सकारात्मक परिणाम होंगे। एमएसएमई और क्लस्टर विकास के लिए ब्याज अनुदान, पूंजी सब्सिडी और तकनीकी उन्नयन योजनाओं की अपेक्षा है। जिला-स्तरीय औद्योगिक क्लस्टर और "वन-डिस्ट्रिक्ट-वन-प्रोडक्ट" को प्रोत्साहनका प्रस्ताव हो । समयबद्ध भुगतान कानून का सख्त क्रियान्वयन का प्रावधान किया जाए ।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स अपग्रेड हो

औद्योगिक क्षेत्रों में आंतरिक सड़कों का चौड़ीकरण और रख-रखाव अपेक्षित है। निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति हेतु अधोसंरचना विकास के लिए अतिरिक्त बजट प्रावधान किया जाये। मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और ड्राई पोर्ट सुविधाओं का विस्तार किया जाये।

### स्टार्टअप्स के लिए टैक्स राहत, विशेष इनोवेशन जोन बने

इंडस्ट्री-लिंक्ड स्किल , डेवलपमेंट सेंटर, अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन और रोजगार आधारित प्रोत्साहन योजनाएं अपेक्षित हैं । नए उभरते मुद्दे-ईवी और ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग नीति तथा इलेक्ट्रिक वाहन एवं बैटरी निर्माण के लिए विशेष पैकेज दिया जाए । सिंगल-विंडो सिस्टम का सशक्तिकरण करते हुए अनुमतियों की समय-सीमा तय किए जाने हेतु विशेष नियम प्रस्तावित किए जाएं। निर्यात प्रोत्साहन हेतु राज्य से निर्यात करने वाली इकाइयों को अतिरिक्त प्रोत्साहन की व्यवस्था तथा डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशनः इंडस्ट्री 4.0 और ऑटोमेशन के लिए अनुदान का प्रावधान किया जाये ।

### उद्योग जगत को अब नीतिगत स्पष्टता और क्रियान्वयन की गति, दोनों की प्रतीक्षा



सरकार गैस पर वैट में युक्तिसंगत कटौती और एमएसएमई व इंफ्राक्चर पर ठोस प्रावधान करती है, तो यह बजट मध्य प्रदेश को एक प्रतिस्पर्धी, हरित और रोजगार-उन्मुख औद्योगिक राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध हो सकता है। उद्योग जगत को अब नीतिगत स्पष्टता और क्रियान्वयन की गति,दोनों की प्रतीक्षा है।

**डॉ.गौतम कोठारी,** अध्यक्ष पीथमपुर इंडस्ट्रीज एसो.

### कैपिटल एक्सपेंडिचर में वृद्धि होगी



बजट में प्रदेश के विकास से संबंधित अधोसंरचना डेवलपमेंट से संबंधित एवं जरूरतमंद लोगों की जीवन में आवश्यक सुधार आए इसके लिए योजनाएं देखने को मिलेंगी। देखने में आ रहा है की प्रदेश कर्ज के बोझ में दबता जा रहा है उससे मुक्ति मिलेगी एवं कैपिटल एक्सपेंडिचर में वृद्धि होगी । सरकार मजबूरी के खर्चों के स्थान पर मर्जी के खर्चों पर व्यय कर पाएगी ।

**सीए राजेश जैन,** वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट

### भोपाल सहित मप्र के दीर्घकालिक विकास पर सुझाव



मध्यप्रदेश को आर्थिक, औद्योगिक, कृषि, सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं आधारभूत संरचना के प्रत्येक क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए श्री होलसेल सराफा एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष संजीव गर्ग (गांधी) ने विस्तृत सुझाव शासन के समक्ष प्रस्तुत किए है। यह सुझाव जमीनी अनुभव, व्यापार, किसान, महिला, युवा, सुरक्षा, संस्कृति एवं प्रशासनिक सुधारों को समाहित करते हैं। गर्ग ने कहाकि सभी सुझाव मध्यप्रदेश को व्यापार-अनुकूल, उद्योग-प्रधान, कृषि-संपन्न, महिला-सशक्त, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो सकते हैं। जिससे मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर आदर्श विकास मॉडल बन सके।

#### कर प्रणाली एवं व्यापारिक सुधार

कर प्रणाली का सरलीकरण एवं दोहरे कर की समाप्ति। सिंगल विंडो प्रणाली लागू की जाए। अनावश्यक निरीक्षण एवं व्यापारी उत्पीड़न बंद हो। वैध दस्तावेज होने पर माल/आइटम जब्ती न हो। गिरवी (पॉउन) नियमों में व्यावहारिक संशोधन। धारा 411 के स्थान पर धारा 317 अथवा उपयुक्त संशोधन हेतु संयुक्त समिति गठन।
व्यापारिक सुरक्षा के लिएआत्मरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस प्रक्रिया सरल एवं समयबद्ध हो। कलेक्टर गाइडलाइन का बाजार मूल्य के अनुसार पुनर्मूल्यांकन। सैटेलाइट सर्वे से स्थानांतरित भूमि की त्रुटि सुधार हेतु विशेष प्राधिकरण। लंबित भूमि प्रकरणों हेतु फास्ट ट्रैक कोर्ट (समयसीमा 6 माह)। सरकारी व राजस्व मामलों का 1 माह में निस्तारण।

## 11 छात्रों ने 98 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त कर किया बेहतरीन प्रदर्शन

आकाश के मजबूत शैक्षणिक तंत्र का प्रमाण

# आकाश इंस्टीट्यूट भोपाल के तनिष्क सिंघल बने भोपाल टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के भोपाल के छात्रों ने एक बार फिर जेईई मेन (सेशन 1) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपने क्षेत्र में संस्थान के मजबूत शैक्षणिक कार्यक्रम को साबित किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी परिणामों के अनुसार जेईई मेन 2026 में आकाश इंस्टीट्यूट, भोपाल के 11 छात्रों ने 98 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन दिया। जेईई मेन 2026 में, आकाश इंस्टीट्यूट भोपाल शाखा के छात्रों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

तनीष्क सिंगल ने 99.925 परसेंटाइल प्राप्त कर भोपाल सिटी रैंक 1 हासिल किया। यह पिछले 3 वर्षों में दूसरी बार है जब भोपाल सिटी टॉपर आकाश इंस्टीट्यूट की भोपाल शाखा का छात्र बना है। उनके बाद अर्श गिरी ने 99.56 परसेंटाइल और कृष्णा वर्मा ने 99.55 परसेंटाइल के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंशिका धाकड़ और अनुज सिंह दोनों ने 99.48 परसेंटाइल हासिल किए, निहारिका मीणा ने 99.17, सालेहा अंसारी ने 98.79, आराध्य रैकवार ने 98.75, वेदांत पचौरी ने 98.50, मोहम्मद अज़लान सिद्दीकी ने 98.31 तथा वैभव रंजन ने 98.12 परसेंटाइल प्राप्त किए। यह प्रदर्शन भोपाल शहर में सर्वश्रेष्ठ चयन प्रतिशत में से एक माना जा रहा है। छात्रों की उपलब्धियों पर विक्रम सक्सेना असिस्टेंड डायरेक्टर


तनीष्क का सम्मान

> योग्य शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम

और डॉ. एचआर राव, चीफ ऑफ एकेडेमिक्स एवं बिजनेस हेड, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने कहाकि भोपाल के छात्रों का उत्कृष्ट परिणाम उनके समर्पण और आकाश के मजबूत शैक्षणिक तंत्र का प्रमाण है। हमें उनकी मेहनत पर गर्व है और हम उन्हें दिल से बधाई देते हैं। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। कई छात्रों ने बताया कि अनुशासन, निरंतर अभ्यास, कठोर प्रशिक्षण, समय पर मार्गदर्शन और नियमित मूल्यांकन ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम, योग्य शिक्षकों के मार्गदर्शन और नियमित मॉक टेस्ट के अवसरों ने उन्हें अपनी कमजोरियों को जल्दी पहचानने और लगातार सुधार करने में सहायता की।

## अडाणी समूह स्वदेशी एआई अवसंरचना में करेगा 100 अरब डॉलर का निवेश

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



अडाणी समूह ने साल 2035 तक नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित, हाइपरस्केल, एआई के लिए तैयार डेटा सेंटर विकसित करने के लिए 100 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि इस स्वदेशी एआई अवसंरचना का उद्देश्य उभरते 'इंटेलिजेंस रिवॉल्यूशन' में देश को दुनिया में अग्रणी बनाना है। इसमें कहा गया है कि यह निवेश 2035 तक सर्वर निर्माण, उन्नत विद्युत अवसंरचना, स्वदेशी क्लाउड प्लेटफॉर्म और सहायक उद्योगों में अतिरिक्त 150 अरब डॉलर के निवेश को प्रोत्साहित करेगा।

## एका मोबिलिटी, क्रूट, ट्रैवल टाइम और जीआईजेड ने किया महिला ई-बस ड्राइवरों को प्रशिक्षित

**पुणे ।** एका मोबिलिटी ने कैपिटल रीजन अर्बन ट्रांसपोर्ट (क्रूट) की 20 महिला ड्राइवरों के लिए दो सप्ताह का ई-बस ड्राइवर स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस पहल को ड्यूश गेसेलशाफ्ट फॉर इंटरनेशनाले जुसामेनारबाइट द्वारा अपने सीएसआर फ्रेमवर्क का सपोर्ट मिला और एका मोबिलिटी की चाकण, पुणे स्थित विनिर्माण इकाई में ट्रैवल टाइम द्वारा संचालित किया गया। यह प्रोजेक्ट कैपिटल रीजन अर्बन ट्रांसपोर्ट के अपने परिचालन बेड़े में महिलाओं की संख्या बढ़ाने के बड़े प्रयास का हिस्सा है, साथ ही राज्य के इलेक्ट्रिक सार्वजनिक परिवहन अपनाने को समर्थन प्रदान करता है। इलेक्ट्रिक बसों के लिए विशेष तकनीकी ज्ञान और परिचालन हैंडलिंग की आवश्यकता होती है] जिसमें प्रतिभागियों को एका की ई-बसों पर व्यावहारिक ड्राइविंग अनुभव, ईवी सिस्टम की तकनीकी जानकारी और दैनिक यात्री परिचालन के लिए पेशेवर विशेषज्ञता प्रदान की गई।

## मशीन लर्निंग एवं ऑप्टिमाइजेशन तकनीकों पर

# वीआईटी भोपाल विवि में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला हुई संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गणित विभाग, स्कूल ऑफ एडवांस्ड साइंसेज एंड लैंग्वेजेज , वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय द्वारा "वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों में मशीन लर्निंग के लिए संख्यात्मक और अनुकूलन तकनीकें विषय पर एक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का सफल आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस कार्यशाला को मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी भोपाल द्वारा तकनीकी प्रायोजन प्राप्त था। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य गणितीय मूल सिद्धांतों तथा उनके मशीन लर्निंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बीच सेतु स्थापित करना था। इसमें भारत एवं यूरोप के प्रतिष्ठित संस्थानों से आए प्रख्यात शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं उद्योग विशेषज्ञों ने सहभागिता की, जिससे एक समृद्ध अंतर-विषयक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण हुआ। कार्यक्रम में डॉ. हेमंत कुमार नाशिने (डीन, एसएएसएल) द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। कार्यशाला का परिचय डॉ. अनंत कांत शुक्ला (संयोजक) द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा डॉ. नेहा चौबे (संयोजक) द्वारा औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर एमपीसीएसटी , भोपाल को तकनीकी सहयोग हेतु तथा विश्वविद्यालय प्रबंधन को संस्थागत समर्थन के लिए विशेष आभार व्यक्त किया गया। तीन दिवसीय कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ व्याख्यानों में अनेक उन्नत एवं समकालीन विषयों पर चर्चा की गई।

# जेईई में रेजोनेंस ने एक बार फिर लहराया अपना परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

रेजोनेंस ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की है। हाल ही में घोषित जेईई (मेन) 2026 जनवरी सत्र के परिणामों में रेजोनेंस के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। संस्थान से कुल 105 विद्यार्थियों ने (99 क्लासरूम, 6 दूरस्थ) 99 परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित किए हैं. जिससे उन्होंने जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा में उत्कृष्ट रैंक हेतु अपनी मजबूत दावेदारी सुनिश्चित की है। कोटा केन्द्र से सफल विद्यार्थियों में स्नेहिल आनंद. वंश



अरोडा, हर्षवर्धन रघुवंशी, दिव्यांश अग्रवाल. कुलवीर सिंह, स्वयंदीप साहू, पारिजात चतुर्वेदी, अनुपम पाल, आदित्य राज, हर्ष अग्रवाल, गौतम आनंद, लक्ष्य शुक्ला, अनंत त्रिपाठी, पार्थ कुमार, मयंक राज, आदित्य आनंद, प्रथम सुमन, नमन मित्तल, उज्ज्वल कुमार ने कक्षा 12वीं के साथ यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। रेजोनेंस के अन्य शिक्षण केंद्रों से भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर प्राप्त कर संस्थान की गुणवत्ता को प्रमाणित किया है। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ इस सफलता का उत्सव मनाया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक आरके वर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, अनुशासन एवं संस्थान के अनुभवी मार्गदर्शन का परिणाम है।

## एशियन पेंट्स ने एंथम के साथ किया रंगों को जीवंत

**मुंबई।** एकजुटता की भावना के मद्देनजर एशियन पेंट्स ने लांच किया है एशियन पेंट्स रंग दे इंडिया क्रिकेट एंथम। यह संगीत के जरिए उन रंगों और एकता की खुशियां मनाती है जिसे क्रिकेट हर भारतीय घर में भरता है। एशियन पेंट्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ अमित सिंगल ने कहा कि एशियन पेंट्स में हम हमेशा मानते आए हैं कि रंग सिर्फ खूबसूरती के लिए नहीं होते, बल्कि वो कहीं अधिक भावनाओं की अभिव्यक्ति होते हैं।

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना, खुली निविदा क्रमांक**
**WCR-CRWS-FURN-MLR-25-08R1**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं।, **कार्य का नाम**– स्ट्रिपिंग ऑफ मैकानिकल एंड इलैक्ट्रिकल आइटम्स एंड सपलाई एंड फिटमेंट ऑफ ऑल इंटीरियर फर्नीशिंग आइटम्स सच एज पेनेलिंग, सीट एंड बर्थ, पैसेंजर एमिनिटीज आइटम्स सच एज पीयू लेडर, साइनेज, पीवीसी. विंडो, मेन डोर. एंटेरेंस हैंड रेल, एंड बाल डोर, कम्युनिकेशन डोर, वेस्टिब्यूल बेलो कंप्लीट (एलएच. आआरएच एंड टॉप), प्लम्बिंग आइटम्स, एलईडी लाइट्स, माड्यूलरस्विचेस ईटीसी ऑफ एलएचबी कोचेस।, **कार्य की लागत** – रू.18,62,58,633.68/–, **निविदा फॉर्म का मूल्य**– रू.0.00/–, **धरोहर राशि** – रू.10,81,300.00/–, **कार्य पूर्ण करने की अवधि**– 12 माह, **ऑलनाईन बिडिंग प्रारम्भ होने का दिनांक/ऑनलाईन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय**– 20/02/2026, 06/03/2026 को 16:00 बजे तक, **निविदा खुलने का दिनांक एवं समय**– 06/03/2026 को 16:30 बजे तक, निविदा तथा निविदा प्रारूप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेब साइट "www.ireps.gov.in एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक, सडिपुका/भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

(हस्ता.)
मुख्य कारखाना प्रबंधक सडिपुका, निशातपुरा
पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फॉर्मेसी में व्याख्यान



**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में बी.फार्मा चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए विदेश में उच्च शिक्षा विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान 'एओसीजी' टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआतडॉ एके सिंघई , निदेशक, स्कूल ऑफ फार्मेसी एवं डीन अकादमिक, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने विदेश में अध्ययन के महत्व तथा उससे मिलने वाले अवसरों और लाभों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात व्याख्यान शंकर श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने उच्च रैंकिंग वाले कॉलेजों एवं उनकी फीस संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने उन कॉलेजों के बारे में भी बताया जो विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति प्रदान करते हैं और अतिरिक्त ट्यूशन फीस नहीं लेते।इसके अतिरिक्त, उन्होंने भारत सरकार द्वारा विदेश में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियों की जानकारी भी साझा की। यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा।

### सेंट्रल बैंक रिटायर्ड एम्पलाइज एसो. की बैठक और सम्मान समारोह संपन्न



**भोपाल।** मध्यप्रदेश सेंट्रल बैंक रिटायर्ड एम्प्लाइज एसोसिएशन, भोपाल की सामान्य बैठक स्थानीय सिंघल कम्युनिटी हॉल बावड़ियां कला में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया भोपाल के अंचल प्रमुख धीरेंद्र गोयल( महाप्रबंधक) विशेष रूप से उपस्थित थे। अध्यक्ष श्याम कस्तूरे ने अंचल प्रमुख के समक्ष संगठन की गतिविधियों का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया। इसके पश्चात अंचल प्रमुख धीरज गोयल ने सेवानिवृत्त सदस्यों को संबोधित करते हुए संगठन की एकजुटता, सक्रियता एवं सामाजिक सहभागिता की सराहना की। अन्य पदाधिकारियों वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र जोशी, वाइस चेयरमेन एन. के. अय्यर, आंचलिक सचिव राजीव श्रीवास्तव एवं उपाध्यक्ष व्ही. रंगन ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अपोलो सेज हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. गौरव खंडेलवाल एवं डॉ. चेतन सिंह , डॉ. अर्पिता अग्रवाल द्वारा उपयोगी चिकित्सा उद्बोधन प्रस्तुत किया गया, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य संरक्षण पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर रिटायर्ड बैंकर सुनील सोन्हिया को लघु फिल्म निर्माण एवं अभिनय कला क्षेत्र में योगदान के लिए श्रीमती नन्दा मजूमदार एवं श्रीमती कमलजीत को तैराकी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जेपी विजयवर्गीय को हमीदिया हॉस्पिटल में भोजन आपूर्ति के लिए तथा अशोक श्रीवास्तव एवं व्ही. रंगन को संगठनात्मक गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए अंचल प्रमुख गोयल द्वारा सम्मानित किया गया।

### टाइटन ने 'गुकेश डोम्माराजु' को बनाया टाइटन ऑफ द ईयर 2026



**मुंबई ।** टाइटन वॉचेज ने 'टाइटन ऑफ द ईयर' के दूसरे संस्करण का लांच करने की घोषणा की है, यह प्लेटफॉर्म उन लोगों को सम्मानित करता है, जिन्होंने अपनी यात्रा के साथ परम्पराओं को चुनौती दी, मास्टरी में नए बेंचमार्क स्थापित किए हों और विश्वस्तरीय मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने में योगदान दिया हो। पहले संस्करण के ज़रिए विंग कमांडर राकेश शर्मा को श्रद्धांजली देने के बाद 2026 का संस्करण ग्राण्डमास्टर गुकेश डोम्माराजु को सम्मानित करता है, जिन्होंने निडर योजना, शांत सटीकता एवं स्थायी उत्कृष्टता को सर्वोच्च स्तर पर लाकर बेहतरीन प्रदर्शन वाली यात्रा को एक नई पहचान दी।

**कार्यालय, प्राचार्य अग्रणी शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम (म.प्र.)**

फोन/फैक्स: 07574-254072
महाविद्यालय कोड- 3202
www.mp.gov.in/highereducation/hoshangabad
ईमेल: heghsgpgchos@mp.gov.in
महाविद्यालय वि.वि. कोड 147
NAAC Grade - B++

क्रमांक. 279/स्था./2026 नर्मदापुरम, दिनाँक 17/02/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में सामग्री क्रय किये जाने हेतु एम.पी.ई. टेंडर पोर्टल पर निविदा जारी की गई है निविदा में भाग लेने हेतु एम.पी.ई. टेंडर पर दर्शित प्रक्रिया अनुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Start Date | 16.02.2026 |
| 2. | End Date | 03.03.2026 |

प्राचार्य
शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय
नर्मदापुरम (म.प्र.)

**यूको बैंक UCO BANK**
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)

यूको बैंक, 110, मालवीय नगर, भोपाल - 462003 फोन :0755-4330021, ई–मेल : malvia@ucobank.co.in

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)**

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 (54 का 2002) के साथ पठित सेक्शन 13(12)सपठित (नियम 3) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **यूको बैंक, मालवीय नगर शाखा, भोपाल** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक **21-11-2025** को निम्न वर्णित ऋणी एवं सहऋणी को डिमांड नोटिस जारी किया एवं नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है। ऋणी एवं सहऋणी ने ऋण अदा करने में चूक की है, अतः उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि यूकों बैंक ने अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 एवं उपधारा (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा दिनांक **13.02.2026** को ले लिया है।
ऋणी एवं सहऋणी को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियोंके साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **यूको बैंक, मालवीय नगर शाखा, भोपाल** के अधीन होगा। ऋणी एवं सहऋणी का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी का नाम एवं पता | बंधक संपत्ति का विवरण | बकाया राशि |
|---|---|---|
| ऋणीः **मेसर्स एमपी फर्नीचर** प्रोपराइटर- आरिफ खान पुत्र अब्दुल हमीद खान जमानतदार- श्री अब्दुल हमीद खान | **संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित शॉप नं. 1, भूतल, विशाल सेन्टर वार्ड नं. 18, रेलवे स्टेशन पेट्रोल पंप के पास, हमीदिया रोड, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.) चर्तुसीमाएं-** पूर्व- दुकान नं. 1 एवं 10 का शेष भाग, पश्चिम- हमीदिया रोड से भारत टाकीज, उत्तर- शालीमार ट्रेड सेन्टर, दक्षिण- दुकान नं. 2 एवं दुकान नं. 11 | ₹ 9,22,137.75 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |

स्थान-भोपाल, दिनांक 13.02.2025 प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

## चिंतन

# युवा एआई को नए रूप में अपनाकर दक्षता निखारें

तेजी से बदलती दुनिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब कोई भविष्य की कल्पना नहीं, बल्कि वर्तमान की ठोस वास्तविकता बन चुकी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, मीडिया और प्रशासन हर क्षेत्र में एआई की पैठ बढ़ रही है। ऐसे समय में युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह नहीं है कि एआई आएगा या नहीं, बल्कि यह है कि वे इसे किस रूप में अपनाते हैं। यदि युवा एआई को केवल आसान कामों का सहारा मानेंगे, तो उनकी मूल दक्षताएं कमजोर पड़ सकती हैं, लेकिन यदि वे इसे अपनी क्षमता बढ़ाने का उपकरण बनाएंगे, तो यही तकनीक उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है। राजधानी नई दिल्ली में आयोजित पांच दिवसीय 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' इस बदलते परिदृश्य का प्रतीक है। समिट का मुख्य आयोजन भारत मंडपम में हो रहा है, जहां 70,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में 'एआई इम्पैक्ट एक्सपो' लगाया गया है। 300 से अधिक कंपनियां यहां अपने नवाचारों का प्रदर्शन कर रही हैं। लाइव डेमो के माध्यम से यह दिखाया जा रहा है कि एआई किस तरह रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित कर सकता है। यह केवल तकनीकी प्रदर्शनी नहीं, बल्कि भविष्य की झलक है। इस समिट में वैश्विक स्तर की बड़ी हस्तियों की मौजूदगी भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भागीदारी इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय महत्व देती है। वहीं, तकनीकी जगत की चर्चित हस्तियां सैम ऑल्टमैन, सुंदर पिचाई, एलेक्जेंडर वांग, डारियो आमोदेई और क्रिस्टियानो आमोन इस बात का संकेत हैं कि एआई अब वैश्विक सहयोग और प्रतिस्पर्धा का केंद्र बन चुका है। भारत से भी उद्योग जगत के दिग्गज जैसे मुकेश अंबानी, एन. चंद्रशेखरन और सलील पारेख की उपस्थिति यह दर्शाती है कि भारतीय उद्योग एआई को भविष्य की रणनीति का अहम हिस्सा मान रहा है। समिट का मुख्य लक्ष्य कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई के प्रभाव को बढ़ाना है। यदि एआई का सही उपयोग हो तो किसान फसल की बेहतर योजना बना सकते हैं, डॉक्टर सटीक निदान कर सकते हैं और छात्र व्यक्तिगत सीखने के अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। यह तकनीक केवल उत्पादकता नहीं बढ़ाती, बल्कि अवसरों के नए द्वार भी खोलती है। आसान कार्यों के लिए यदि हर बार एआई का सहारा लिया जाएगा, तो बुनियादी कौशल कमजोर पड़ सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि युवा एआई को प्रतिस्थापन नहीं, बल्कि सहयोगी के रूप में देखें। तकनीकी दक्षता, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और नैतिक समझ ये चार स्तंभ ही युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करेंगे। भारत पहले ही डिजिटल क्रांति का नेतृत्व कर चुका है। अब एआई के क्षेत्र में भी वह वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। डांसिंग रोबोट जैसे आकर्षक प्रदर्शन भले ही मनोरंजन का माध्यम लगें, पर इनके पीछे छिपी तकनीक यह संकेत देती है कि एआई आधारित रोबोट आने वाले समय में हमारे घरों, दफ्तरों और उद्योगों का हिस्सा बन सकते हैं। ऐसे में युवाओं के लिए यह समय तैयारी का है, नई तकनीकों को समझने और उन्हें रचनात्मक रूप से अपनाने का है। आज की युवा पीढ़ी के सामने विकल्प साफ है या तो वे एआई के बदलावों से डरकर पीछे रह जाएं, या फिर उसे अपना साथी बनाकर आगे बढ़ें। एआई का दौर आ चुका है, अब तय युवाओं को करना है कि वे इसके दर्शक बनेंगे या निर्माता।



आभासी दुनिया
प्रमोद भार्गव

# वीडियो खेल बच्चों के लिए आत्मघाती

आपके लाड़ले को यदि मोबाइल पर गेम खेलने की लत लग गई है तो होशियार हो जाइए, क्योंकि अब बच्चों को इन खेलों के जरिए आतंकवाद का पाठ पढ़ाए जाने का खतरनाक सिलसिला शुरू हो गया है। इन प्रशिक्षित नाबालिगों को बाद में आतंकवादी संगठनों और नफरत फैलाने वाले समूहों में भर्ती करा दिया जाता है, जिससे ये आतंक और नफरत फैलाने के औजार बन जाएं। इस सच्चाई को उजागर करने का काम यूनाइटेड नेशंस की काउंटर-टेररिज्म कमेटी ने किया है। इसके अनुसार यूरोप और उत्तरी अमेरिका में आतंकवाद से जुड़े मामलों में अब 42 प्रतिशत आरोपी नाबालिग हैं। 2021 की तुलना में यह आंकड़ा तीन गुना अधिक है।

अमेरिकी दैनिक न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी खबर के अनुसार माइनक्राफ्ट और रोबलॉक्स जैसे लोकप्रिय वीडियो खेल किशोर और बालकों को आतंकी बनाने का मानवता विरोधी काम कर रहे हैं। अतएव आपके लाड़ले को यदि मोबाइल पर गेम खेलने की लत लग गई है तो होशियार हो जाइए, क्योंकि अब बच्चों को इन खेलों के जरिए आतंकवाद का पाठ पढ़ाए जाने का खतरनाक सिलसिला शुरू हो गया है। इन प्रशिक्षित नाबालिगों को बाद में आतंकवादी संगठनों और नफरत फैलाने वाले समूहों में भर्ती करा दिया जाता है, जिससे ये आतंक और नफरत फैलाने के औजार बन जाएं। इस सच्चाई को उजागर करने का काम यूनाइटेड नेशंस की काउंटर-टेररिज्म कमेटी ने किया है। इसके अनुसार यूरोप और उत्तरी अमेरिका में आतंकवाद से जुड़े मामलों में अब 42 प्रतिशत आरोपी नाबालिग हैं। 2021 की तुलना में यह आंकड़ा तीन गुना अधिक है। नीदरलैंड के हेग स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर काउंटर-टेररिज्म के अनुसार यूरोप में 20 से 30 प्रतिशत आतंकवाद विरोधी गतिविधियों में हुई जांचों में 12-13 साल के बच्चे शामिल पाए गए हैं। अनेक ऑनलाइन प्लेटफार्म के जरिए कट्टरपंथी संगठन तेजी से किशोर और बालकों को आतंकी बनाने का खेल खेल रहे हैं। ये प्रशिक्षित बच्चे इस्लामिक आतंकवाद को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं।

हालांकि भारत में आतंक फैलाने की दृष्टि से बच्चों और किशोरों को आतंकी बनाने का काम पाकिस्तानी सेना अर्से से कर रही है। मुंबई के 26/11/2008 के आतंकी हमले में शामिल अजमल कसाब इसका जीता-जागता उदाहरण रहा है। इस सच्चाई का खुलासा संयुक्त राष्ट्र भी कर चुका है। पाकिस्तान के पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल एवं पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के सेवानिवृत्त अधिकारी रहे शाहिद अजीज ने 'द नेशनल डेली' अखबार में पहले ही यह मुद्दा उठा दिया था कि 'कारगिल की तरह हमने कोई सबक नहीं लिया है। हकीकत यह है कि हमारे गलत और जिद्दी कामों की कीमत हमारे बच्चे अपने खून से चुका रहे हैं। हमने इस धंधे को व्यापार का जरिया बना लिया है। वह भी अपनी ही कौम के किशोर एवं युवाओं के जीवन को दांव पर लगाने का खेल खेलते हुए!' पूरी दुनिया में इस समय डिजिटल खेलों का कारोबार बढ़ रहा है। इस कारण दुनिया इनके निर्माण और निर्यात में दिलचस्पी ले रही है। नतीजतन इसका रूप दैत्याकार होता जा रहा है। फिलहाल विश्व में लोकप्रिय डिजिटल खेलों में मोबाइल प्रीमियर लीग (एमपीएल), फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफार्म, माइनक्राफ्ट, रोबलॉक्स, ड्रीम-11, कोरियन लवर गेम और लूडो किंग हैं। ये सभी खेल भारत समेत लगभग सभी देशों में उपलब्ध हैं। भारत से संचालित होने वाली खेल कंपनियों में चीन सहित कई देशों की कंपनियों की पूंजी लगी हुई है।

इन खेलों के अमेरिका, चीन, भारत, ब्राजील और स्पेन बड़े खिलाड़ी हैं। हाल ही में गजियाबाद में तीन सगी नाबालिग बहनों द्वारा नौवीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया हुआ है। इन बहनों में ऑनलाइन टास्क बेस्ड कोरियन लवर गेम खेलने की लत लग गई थी। इसी आत्मघाती खेल को खेलते हुए इन बहनों ने सामूहिक आत्महत्या कर ली



थी। इस घटना से साफ होता है कि ये खेल कितने खतरनाक है। कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा के बढ़ते चलन के चलते दुनिया के विद्यार्थियों की मुट्ठी में एनरॉयड मोबाइल जरूरी हो गया था। मनोविज्ञानी और समाजशास्त्री इसके बढ़ते चलन पर निरंतर चिंता प्रकट कर रहे हैं। पालक बच्चों में खेल देखने की बढ़ती लत और उनके स्वभाव में आते परिवर्तन से चिंतित व परेशान हैं। पालक बच्चों को मनोचिकित्सकों से उपचार कराने के बावजूद लत से मुक्ति दिलाने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं।

दरअसल बच्चों का मोबाइल या टेबलैट की स्क्रीन पर बढ़ता समय आंखों की दृष्टि को खराब कर रहा है। साथ ही अनेक शारीरिक और मानसिक बीमारियों की गिरफ्त में भी बच्चे आ रहे हैं। पोर्न फिल्में भी देखते बच्चे पाए गए हैं। अब ऐसे वीडियो खेल भी आभासी दुनिया के लिए बनाए जाने लगे हैं, जहां खिलाड़ी आतंकी हमलों और गोलीबारी की घटनाओं को दोहरा सकते हैं। 2019 में न्यूजीलैंड की चर्च और मस्जिदों पर हुए हमलों को भी खेलों का हिस्सा बनाया जा रहा है। ये उपाय बच्चों को धार्मिक कट्टरपंथी बनाए जाने की दृष्टि से किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में किशोर और युवाओं को लुभाने के लिए एक्टिव क्लब्स नाम के समूह बनाए जा रहे हैं। ये ऐसे समूह हैं, जो खेलते हुए नस्लीय युद्ध की तैयारी में जुट जाते हैं और नस्लीय भावना से लड़ते दिखाई देते हैं। 27 देशों में फैले इन क्लबों द्वारा 15 से 17 साल के नादान किशोरों को लक्षित किया जा रहा है। इन्हें देखते हुए किशोर अपनी गोरी या काली पहचान से जुड़कर नस्लवादी मानसिकता की गिरफ्त में आकर आतंकी बनने की दिशा में अनायास मुड़ जाते हैं।

ऑनलाइन खेल आंतरिक श्रेणी में आते हैं, जो भौतिक रूप से मोबाइल पर एक ही किशोर खेलता है, लेकिन इनके समूह बनाकर इन्हें बहुगुणित कर लिया जाता है। वैसे तो ये खेल सकारात्मक होते हैं, लेकिन ब्लू व्हेल, पब्जी, माइनक्राफ्ट और रोबलॉक्स जैसे खेल उत्सुकता और जुनून का ऐसा मायाजाल रचते हैं कि मासूम बालक के दिमाग की परत पर नकारात्मकता की पृष्ठभूमि रच देते हैं। मनोचिकित्सकों और स्नायु वैज्ञानिकों का कहना है कि ये खेल बच्चों के मस्तिष्क पर बहुआयामी प्रभाव डालते हैं। ये प्रभाव अत्यंत सूक्ष्म किंतु तीव्र व तीक्ष्ण होते हैं, इसलिए ज्यादातर मामलों में अस्पष्ट होते हैं। दरअसल व्यक्ति की आंतरिक शक्ति से आत्मबल दृढ़ होता है और जीवन क्रियाशील रहता है। किंतु जब बच्चे निरंतर एक ही खेल खेलते हैं तो दोहराव की इस प्रक्रिया से मस्तिष्क कोशिकाएं परस्पर घर्षण के दौर से गुजरती हैं, नतीजतन दिमागी द्वंद्व बढ़ता है और बालक मनोरोगों की गिरफ्त से लेकर नस्लीय गिरफ्त में आता जाता है, जो उसे आतंक की राह में धकेलने का काम कर देते हैं। ये खेल हिंसक और अश्लील होते हैं, इसलिए बच्चों के आचरण में आक्रामकता और गुस्सा देखने में आने लगता है। दरअसल इस तरह के खेल देखने से मस्तिष्क में तनाव उत्पन्न करने वाले डोपाइन जैसे हार्मोनों का स्राव होने लगता है।

इस द्वंद्व से भ्रम और संशय की मनस्थिति निर्मित होने लगती है और बच्चों का आत्मविश्वास छीनने के साथ विवेक अस्थिर होने लगता है, जो आत्मघाती कदम उठाने को विवश कर देता है। हालांकि डोपाइन ऐसे हार्मोन भी सृजित करता है, जो आनंद की अनुभूति के साथ सफलता की अभिप्रेरणा देते हैं। किंतु यह रचनात्मकता साहित्य पढ़ने से संभव होती है, जो अधिकांश पत्र-पत्रिकाओं और घरों से बाहर होता जा रहा है। यह एक चिंतनीय पहलू है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा
डॉ. मोनिका शर्मा



# शादी के वादे और शोषण के जाल से सजग रहें महिलाएं

हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने महिलाओं के लिए विवाह पूर्व शारीरिक संबंध बनाने को लेकर सजग रहने का प्रभावी संदेश का दिया। ज्ञात हो कि इस विषय पर सुप्रीम अदालत की रेखांकित करने योग्य टिप्पणियां एक 30 वर्षीय महिला की शिकायत से जुड़े मामले में आई हैं। मैट्रिमोनियल साइट के माध्यम से 2022 में आरोपी से मिली महिला के मुताबिक आरोपी ने पहले से शादीशुदा होने के बावजूद शादी का वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने दिल्ली और फिर दुबई में कई बार उसके साथ संबंध बनाए। इतना ही नहीं, दुबई में उसकी बिना अनुमति के अंतरंग वीडियो भी बना लिए। विरोध करने पर वीडियो को उसे ब्लैकमेल करने के लिए इस्तेमाल किया और वायरल करने की धमकी भी दी। बाद में 2024 में आरोपी ने पंजाब में किसी दूसरी महिला से शादी कर ली। हालिया बरसों में कभी सहमति तो कभी बहकावे में आकर शारीरिक सबन्ध बनाने के बाद आरोप-प्रत्यारोप के मामले तेजी से बढ़े हैं। किशोरिया और युवतियां ही नहीं परिपक्व उम्र की महिलाएं जाने-अनजाने शारीरिक शोषण के इस जाल में फंस रही हैं। यह स्थिति आपराधिक आंकड़े बढ़ाने वाली ही नहीं, संबंधों में भरोसे के भाव को कमजोर करने वाली भी है। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय की हालिया टिप्पणियां हर आयु वर्ग की महिला के लिए अपने सम्मान को सहेजने और सुरक्षित रहने के दिशानिर्देशों के समान हैं।


गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाने से पहले लोगों को बहुत सावधानी बरतने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि



'शायद हम पुराने खयालात वाले हैं, लेकिन शादी से पहले लड़का और लड़की कानूनी और सामाजिक रूप से अजनबी ही होते हैं। रिश्ते कितने भी गहरे क्यों न हों, शादी पक्की होने तक शारीरिक सम्बन्धों में जाना समझ से परे है। शादी से पहले किसी पर भी पूरी तरह भरोसा नहीं करना चाहिए। लोगों को बहुत सतर्क रहना चाहिए।' निस्संदेह, न्यायालय की टिप्पणियां महिलाओं को व्यावहारिक और जागरूक रहने का सन्देश देने वाली हैं। हालांकि, अब समाज में उदारवादी दृष्टिकोण बढ़ रहा है पर ऐसे संबंधों के परिणाम और उनसे जुड़े शारीरिक-मानसिक शोषण से बचने के लिए स्त्रियों को स्वयं भी सजग होना होगा। आज की महिलाएं घर और बाहर अपनी मौजूदगी दर्ज करवा रही हैं। हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। ऐसे में कोई भी पढ़ी-लिखी महिला ऐसे संबंधों के मामले में अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। कहना गलत नहीं होगा कि शोषण और धोखाधड़ी के ऐसे मामलों में झांसा देने की दलील भी उचित नहीं लगती। कानून ही नहीं, समाज और परिवार भी यह नहीं मानेगा कि शिक्षित-सजग महिला ने बहकावे में आकर संबंध बनाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में भी महिला से पूछा कि 'आखिर दुबई तक इतनी दूर क्यों गईं? यह तो आपसी सहमति से हुआ लगता है। ऐसे मामलों में जहां शारीरिक संबंध दोनों की मर्जी से बनाए गए हों, वहां बलात्कार का केस चलाना और सजा देना ठीक नहीं लगता।' स्पष्ट है कि इस केस को लेकर न्यायालय का सार्थक संवाद और सवाल सब कुछ विचारणीय है। हमारे देश में अधिकतर कानूनी प्रावधान महिलाओं की सहायता के लिए ही बने हैं, लेकिन इन प्रावधानों का इस्तेमाल महिलाएं अपने ही निर्णय के नकारात्मक परिणाम से बचने के लिए नहीं कर सकतीं। चिंतनीय यह भी है कि तमाम आधुनिकताओं के बावजूद महिलाओं को लेकर लोगों की मानसिकता नहीं बदली है। स्त्रियों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के आंकड़े समाज के समक्ष सबसे बड़ी चिंता बने हुए हैं। बावजूद इसके शादी के वादों-इरादों के नाम पर शारीरिक संबंध बनाने के बाद आरोप लगाने के वाकये भी खूब हो रहे हैं। तकलीफदेह यह भी है कि इन मामलों से महिलाओं का ही पक्ष कमजोर होता है। खासकर किसी पढ़ी-लिखी महिला के साथ अगर ज़ोर-जबर्दस्ती नहीं की गई है तो उसे भी इन सबन्धों की जिम्मेदारी लेनी होगी। दायित्व का यह भाव किसी की बातों के भुलावे में आने से पहले ही होना चाहिए। शिक्षित और सशक्त होने के मायने यही हैं कि अपनी सुरक्षा के लिए जागरूक रहा जाए। ऐसे धोखे या झांसे में ना आएं जो शोषण का शिकार बनाने का जाल हो। मौजूदा दौर में महिलाओं को अपने विचार और व्यवहार में इतनी समझ और जवाबदेही तो रखनी ही होगी।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मन को अच्छी बातों से जोड़ें



संकलित
दर्शन

नए साल में संकल्प करने की परंपरा है। बहुत-से लोग बहुत प्रकार के संकल्प करते हैं, जैसे- वजन कम करेंगे, मीठा नहीं खाएंगे, झूठ नहीं बोलेंगे। ऐसे संकल्प करना भी अच्छी बात है, क्योंकि उससे भी आपके मन की शक्ति बढ़ जाती है और मन की कमजोरी दूर हो जाती है। बहुत-से लोग संकल्प तो करते हैं, परंतु उसे पूरा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि मन बेईमान हो जाता है। जरूरी है कि हम अपने मन पर नियंत्रण करें। उसके गुलाम नहीं बनें। यह कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं है। इसके लिए जरूरी है ईमानदारीपूर्वक निरंतर प्रयास करने की। जैसे पानी के लिए नीचे गिरना आसान और सहज होता है, परंतु अगर उसे ऊपर उठाना हो, तो मोटरपंप की जरूरत पड़ती है। ऐसे ही हमारे मन के लिए नीचे गिरना आसान और सहज है। मन को ऊंचा उठाना बहुत मुश्किल है। मन के लिए अच्छी बातों से जुड़ना बहुत मुश्किल है, उनको छोड़ देना सहज है।मन की आदतें ऐसी होती हैं कि उन्हीं आदतों में मन को सुविधा महसूस होने लगती है। हमारा मन कुछ आदतों को पाल लेता है और उन्हीं में खुश रहता है। अगर आप अपनी दिनचर्या में साधना को बढ़ाने का संकल्प करते हैं, तो उसको बिना किसी अटकाव के सालभर चलाते रहना बहुत जरूरी है। भूतकाल बीत चुका है, परंतु वर्तमान आपके हाथ में है, इसलिए आनेवाले कल में क्या होगा, यह आपके आज पर निर्भर करता है। अगर आप अपने आज को साधनापूर्ण, शांतिपूर्ण और सुंदर बना लोगे, तो निश्चित रूप से आपका कल भी वैसा ही होगा।

## माता-पिता व गुरु के ऋणों से कैसे मुक्त हों



संकलित
प्रेरणा

वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उनके दर्शन के लिए लोगों की लाइनें लगी रहती हैं। भक्त महाराज जी का दर्शन करते ही हैं, साथ में उनसे सवाल भी पूछते हैं। ऐसे ही एक भक्त ने प्रेमानंद महाराज जी से सवाल पूछा कि इसी जन्म में माता-पिता और गुरु के ऋण से मुक्त होने के क्या उपाय है? ताकि सभी ऋण उतरने से और नाम जप के प्रभाव से दोबारा जन्म ना लेना पड़े। चलिए जानते हैं कि प्रेमानंद महाराज जी ने क्या जवाब दिया। महाराज जी कहते हैं कि नाम जप करते हुए जब हमारा भगवत साक्षात्कार हो जाता है। उन्होंने बताया कि एकादशी स्कंध में भागवत में लिखा हुआ है उद्धव जी को भगवान उपदेश करते हैं कि जिसको मेरी प्राप्ति हो जाती है, तो वह समस्त ऋणों से मुक्त हो जाता है। भगवान की प्राप्ति होते ही ऋषि ऋण, मातृ-पितृ, देव, गुरु ऋण सभी ऋणों से मुक्त हो जाता है। पर भगवान की प्राप्ति होनी चाहिए। प्रेमानंद महाराज जी कहते हैं कि भगवान की प्राप्ति का कलयुग में सहज और सरल उपाय है- नाम जप। तो नाम का आधार लेकर निरंतर नाम जप करें, तो भगवत प्राप्ति होगी। वो कहते हैं कि निरंतर नाम जप तभी होगा, जब हमारा आहार पवित्र होगा, हमारे आचरण ठीक होंगे। आचरण गलत हो, नाम गलत हो तो नाम घसीटने पर भी नहीं चलता, मन नहीं लगता है।

## सटाका




## आज की पाती

### असंगठित बल को संगठित करने की पहल

हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं। असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के आंकड़े एकत्रित करने और उनके नि:शुल्क पंजीकरण के लिए प्रयास हुए हैं। *-विजय साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### एआई का उपयोग



भारतीय युवा पिछली पीढ़ियों से अलग सोच रखते हैं। शिक्षा में एआई और एआई में शिक्षा परस्पर जुड़े हुए हैं। मैं अपने युवाओं से आह्वान करता हूं कि वे एआई का उपयोग शिक्षा देने, इसे अपनाने, सशक्त बनाने और ऐसे अभूतपूर्व पहल करने के लिए करें जो भारत को एआई क्षेत्र में एक सशक्त शक्ति के रूप में स्थापित करें।
**- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### अस्पतालों की उपेक्षा



भाजपा सरकार ने सपा काल में बने मेडिकल कॉलेज, केंसर इंस्टीट्यूट व अन्य अस्पतालों की जानबूझकर अनदेखी की है। भाजपाइयों ने अपने कार्यालय, और आयुष यूनिवर्सिटी तो खोल ली है परंतु जनहित के आम अस्पतालों की पूरी तरह उपेक्षा की है।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### नशा मुक्त पंजाब



पंजाब में पिछले एक साल में 2000 किलो से ज़्यादा नशा बरामद, बड़े तस्कर जेल में और अवैध संपत्तियों पर बुलडोज़र चला है। आम आदमी पार्टी सरकार का साफ़संदेश है, पंजाब में नशा तस्कर नहीं बचेंगे। नशा मुक्त पंजाब बनाकर ही दम लेंगे।
**-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### एआई की दुनिया



एआई की दुनिया में नए सीईओ का आगमन हो चुका है। हर कोई संभावित रूप से सीईओ है... और कोई भी सीईओ नहीं है। एआई की दुनिया में शीर्ष-स्तरीय संगठन व्यवस्था समाप्त हो चुकी है।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# एआई में स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों के बोझ कम करने की क्षमता




कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों के बोझ कम करने और चिकित्सक-रोगी संबंधों को मजबूत करने की क्षमता है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने सोमवार को कहा कि भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन 2026 के तहत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रभाव के लिए एआई का विस्तार: सार्वजनिक-निजी भागीदारी विषय पर आयोजित उच्चस्तरीय सामूहिक परिचर्चा में श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत की स्वास्थ्य प्रणाली राष्ट्रीय स्तर पर अंतर-संचालनीय डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में विकसित हुई है। एक प्रमुख भागीदार मंत्रालय के रूप में, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय उच्चस्तरीय सामूहिक परिचर्चा, प्रमुख पहल की शुरुआत और अपने समर्पित प्रदर्शनी स्टॉल पर एआई-संचालित स्वास्थ्य सेवा समाधानों के प्रदर्शन के माध्यम से शिखर सम्मेलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की स्वास्थ्य प्रणाली पिछले एक दशक में रिकॉर्ड के बुनियादी डिजिटलीकरण और बेहतर डेटा रिपोर्टिंग से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अंतरसंचालनीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण तक विकसित हुई है।

## ऑफ बीट

# होता कुछ है, देखते कुछ हैं, भ्रम में कुछ प्रजातियां



कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवत: हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है – छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

नेताओं के भाषणों पर सुप्रीम कोर्ट की नसीहत

# देश में माहौल जहरीला बनता जा रहा, नेता भाईचारा बढ़ाने पर ध्यान दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में नेताओं के भाषणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट ने शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं से राजनीतिक भाषणों पर दिशानिर्देश के लिए एक नई याचिका दाखिल करने को कहा है। चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस जयमाल्य बागची की बेंच ने मौजूदा जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिका में नेताओं और मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं।

*शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं की सुनवाई*

*सीजेआई, जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस बागची की बेंच ने कहा*

**दिशानिर्देश देने की याचिका खारिज**



**आदेश का पालन करना चुनौती बना: जस्टिस बागची**

सिब्बल ने चुनाव आचार संहिता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होती है, लेकिन उससे पहले दिए गए भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। उन्होंने पूछा कि ऐसे मामलों में मीडिया की क्या जिम्मेदारी है ताकि लोकतांत्रिक माहौल खराब न हो।

### गाइडलाइन का पालन कौन करेगा: जस्टिस नागरत्ना

*जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर हम गाइडलाइन बना भी दें, तो उनका पालन कौन करेगा? भाषण की उत्पत्ति विचारों से होती है। आप विचारों को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं? हमें संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप विचारों को बढ़ावा देना होगा।*

### गाइडलाइन का अनुरोध किया: सिब्बल बोले



याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने कहा कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के कथित हेट स्पीच के संदर्भ में दायर की गई थी। सिब्बल ने दलील दी कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी जा रही है, बल्कि भाषणों में जवाबदेही तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया गया है। बेंच सिब्बल की दलील से सहमत नहीं हुई। सीजेआई ने कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ चुनिंदा व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। उन्होंने कहा कि इसे वापस लें। एक दूसरी याचिका दायर करें जिसमें यह बताया जाए कि राजनीतिक दल कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। वह एक निष्पक्ष याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार है।

लालू से जुड़े केस में सीबीआई से कहा

## वो 60, 70 और 80 की उम्र के हैं... आपको भी पता है क्या होगा?



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई की उस अर्जी पर सुनवाई 22 अप्रैल तक के लिए टाल दी, जिसमें देवघर कोषागार से जुड़े चारा घोटाले के एक मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को झारखंड हाई कोर्ट से मिली जमानत को चुनौती दी गई थी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह कहते हुए मामले को टाल दिया कि दलीलें पूरी नहीं हुई हैं और मामले से जुड़े कुछ आरोपियों की मौत हो चुकी है। सीबीआई की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलील दी कि हाई कोर्ट ने एक गैर-कानूनी आदेश पारित किया है और कानून का उल्लंघन करते हुए दोषियों की सजा निलंबित की गई है। ऐसा नहीं किया जा सकता। लालू की तरफ से पेश हुए सिब्बल ने कहा कि मामले में एक से ज्यादा आरोपी हैं और कुछ आरोपियों ने अभी तक सीबीआई की अपील पर अपने जवाब दाखिल नहीं किए हैं।

### यह कैसी विशेष अनुमति याचिका?

कोर्ट ने कहा कि हम दोनों (जज) ही जानते हैं कि यह कैसी विशेष अनुमति याचिका है। हमें लगता है कि आप दोनों भी जानते हैं कि इसका नतीजा क्या होगा। लोग 60, 70 और 80 की उम्र के हैं। इस पर राजू ने कहा कि वे सभी गैर-कानूनी तरीके से बाहर हैं। यह (बेल) सजा के बाद है। इसके बाद कोर्ट ने आखिरकार मामले की सुनवाई अप्रैल में टाल दी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि फाइलें बस पड़ी हैं। हम अप्रैल में तारीख देंगे। जिन मामलों में रेस्पॉन्डेंट की मौत हो गई है, हम उन्हें बंद कर देंगे।

## खबर संक्षेप

### अहमदाबाद सहित गुजरात के 6 कोर्ट को धमकी



**नई दिल्ली।** गुजरात की 6 अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी के बाद हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने कहा कि अहमदाबाद, वडोदरा, वलसाड, राजकोट, गांधीनगर और मेहसाणा की कोर्ट को धमकी भरे ई-मेल मिले हैं। बम की धमकी मिलने बाद अधिकारियों ने सभी अदालतों की तलाशी ली। जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट को एनजीटी की मंजूरी



**नई दिल्ली।** एनजीटी ने ग्रेट निकोबार द्वीप पर प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल सहित बड़ी अवसंरचना परियोजना को मंजूरी दे दी है। ट्रिब्यूनल ने कहा पर्यावरणीय स्वीकृति में पर्याप्त सुरक्षा उपाय शामिल किए गए हैं और हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। कोलकाता स्थित पूर्वी जोनल बेंच की अध्यक्षता जस्टिस प्रकाश प्रकाश श्रीवास्तव ने की।

### सुल्तान और शिवाजी की तुलना, अब मांगी माफी




**मुंबई।** महाराष्ट्र की सियासत में कांग्रेस नेता हर्षवर्धन सपकाल के बयान को लेकर घमासान मचा हुआ था। उन्होंने टीपू सुल्तान की तुलना शिवाजी महाराज से कर ऐसी फजीहत मोल ली कि अब उन्हें माफी मांगनी पड़ी। उन्होंने कहा कि माफी 'शिवप्रेमियों' और छत्रपति शिवाजी महाराज के अनुयायियों से मांग रहे हैं। उनका बयान किसी को ठेस पहुंचाना वाला नहीं था।

### भूपेन 22 को भाजपा में शामिल होंगे: सरमा



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने मंगलवार शाम को ऐलान किया है कि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा 22 फरवरी को भाजपा में शामिल होंगे। सरमा ने कहा कि बोरा के साथ ही बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपामें आएंगे। बोरा के आने से असम में बीजेपी को मजबूती मिलेगी। सरमा ने भूपेन बोरा से मुलाकात की।

### जेल से बाहर आए राजपाल, बोले-शुक्रिया



**नई दिल्ली।** अभिनेता राजपाल यादव तिहाड़ जेल से बाहर आ गए हैं। बीते दिनों चेक बाउंस से जुड़े एक मामले में उन्होंने तिहाड़ में आत्मसमर्पण किया था। अब उन्हें हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई है। अभिनेता जेल से बाहर आने के बाद मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने मुश्किल वक्त में साथ देने वालों का और अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया।

विंध्याचल में दर्शन करने पहुंचे असम के सीएम सरमा बोले

# कोई भी राहुलवादी नहीं हो सकता, वे मानसिक रूप से बीमार चल रहे, इलाज कराना चाहिए

*सरमा ने शिवाजी महाराज व टीपू सुल्तान पर भी रखी अपनी राय*



■ राज्य में हिंदू- मुस्लिम की डेमोग्राफी पर भी की बात

एजेंसी ▶▶ मिर्जापुर/ गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि कोई भी राहुलवादी नहीं हो सकता है। राहुल गांधी मानसिक रूप से बीमार हैं और उन्हें अपना इलाज कराना चाहिए। वे सोमवार को मां विंध्यवासिनी का दर्शन करने विंध्याचल आए थे। पत्रकारों से यह पूछे जाने पर कहा कि मणिशंकर अय्यर ने कहा कि वे राहुल राहुल वादी नहीं है, उन्होंने यह बात कही। सरमा ने महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज व टीपू सुल्तान के मामले में पूछे जाने पर कहा कि दोनों कभी बराबर नहीं हो सकते। एक हिंदू का रक्षक था तो दूसरा हिंदू का भक्षक दोनों कभी बराबर नहीं हो सकते हैं। असम के बारे में पूछे जाने पर कहा कि असम की स्थिति बहुत नाजुक है। हिंदू मुस्लिम की डेमोग्राफी में वहां पर 40 प्रतिशत मुस्लिम है, इनमें से चार प्रतिशत भारत के हैं।



### गोगोई से संबंधित सबूत केंद्र को दे दिए

*गौरव गोगोई के मामले में कहा कि उन्होंने सारे सबूत केंद्र सरकार को दे दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने एनआरसी के मामले में कहा कि यह मामला न्यायालय के हवाले है। उन्होंने कहा कि वह यहां पर ढाई साल पूर्व आए थे, काफी बदल गया है और इस कायाकल्प के लिए यहां के विधायक जी, प्रदेश की सरकार प्रदेश के मुख्यमंत्री जी बधाई के पात्र हैं। मैं मां विंध्यवासिनी का सेवा करने आया हूं। इसके पूर्व विंध्याचल पहुंचने पर उनका विधायक रत्नाकर मिश्र जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक सहित अधिकारियों ने स्वागत किया। दर्शन पूजन धीरज मिश्रा ने कराया।*

### 2014 में ही सीएम बनने वाला था राहुल के फोन से पलटी बाजी

सरमा ने एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि साल 2014 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उन्हें खुद असम का मुख्यमंत्री बनने के लिए शपथ की तारीख तय करने को कहा था। उस समय कांग्रेस के 58 विधायकों का समर्थन उनके साथ था और वे मुख्यमंत्री बनने की स्थिति में थे।साल 2011 विधानसभा चुनाव के बाद असम कांग्रेस में अंदरूनी खींचतान शुरू हो गई थी। पार्टी के कई विधायक चाहते थे कि उस समय के मुख्यमंत्री तरुण गोगोई की जगह हिमंत सरमा को सीएम बनाया जाए। सोनिया ने उनसे कहा था कि वे शपथ लेने की तारीख तय कर लें। उन्होंने सोचा था कि वे कामाख्या मंदिर के अंबुबाची मेले के बाद जून 2014 में शपथ लेंगे। सरमा ने आगे बताया कि उस समय राहुल गांधी अमेरिका में थे और उन्होंने वहां से कांग्रेस नेताओं को फोन किए। इसके बाद पूरा माहौल बदल गया और वे बाहर हो गए।

**बंगाल में बन रही बाबरी पर तंज**

### जब असली ही नहीं रही, तो पुतला क्या करेगा?

सरमा ने तृणमूल कांग्रेस के सस्पेंड विधायक हुमायूं कबीर के पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद बनाने के ऐलान पर तंज कसा है। प्रस्तावित मस्जिद के बारे में पूछे जाने पर सरमा ने सोमवार को मिर्जापुर में रिपोर्टर्स से कहा कि यह बाबरी मस्जिद का 'पुतला' (डमी) है, असली (मस्जिद) नहीं। जब असली मस्जिद ही नहीं रही, तो 'पुतला' क्या करेगा?

**बढ़ती मुस्लिम आबादी चिंता का विषय**

### कुछ लोग बांग्लादेश का कर रहे समर्थन

सरमा ने मंगलवार को राज्य में मुस्लिम आबादी में बढ़ोतरी को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि असम की वर्तमान स्थिति 'बहुत अच्छी नहीं' है और इसके पीछे बड़े पैमाने पर हुई अवैध घुसपैठ जिम्मेदार है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि असम में मुस्लिम आबादी का एक बड़ा हिस्सा बांग्लादेश से अवैध रूप से आया है। यह घुसपैठ मुख्य रूप से उस समय हुई जब राज्य और केंद्र में कांग्रेस की सरकारें थीं। उन्होंने कहा कि उन सरकारों ने सीमाओं की सही तरीके से निगरानी नहीं की, जिससे राज्य की जनसांख्यिकीय संतुलन प्रभावित हुई है। सरमा ने यह भी दावा किया कि राज्य के कुछ लोग भविष्य में किसी भी संघर्ष की स्थिति में बांग्लादेश का समर्थन कर सकते हैं, जिससे सुरक्षा संबंधी खतरा पैदा हो सकता है। अवैध घुसपैठ असम और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। सरमा ने बताया कि उनकी सरकार राज्य की पहचान, जमीन और संसाधनों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठा रही है।

### चुनाव आयोग की असम में सर्वदलीय बैठक



### ज्ञानेश कुमार ने चुनाव की तैयारियों पर लिया फीडबैक

*असम विधानसभा चुनाव 2026 से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ मंगलवार को गुवाहाटी में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य दलों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया।इसमें असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) और भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस संवाद में कई मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में राष्ट्रीय दलों में आप, भाजपा, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी), सीपीआई (एम) और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस शामिल थीं।*

### राज्य में 2 चरणों में चुनाव कराने की मांग

*आयोग के साथ बैठक में अधिकांश राजनीतिक दलों ने चुनाव एक ही चरण में या अधिकतम 2चरणों में कराने की मांग की। उन्होंने चुनाव की तारीखों को बिहु उत्सव को ध्यान में रखते हुए निर्धारित करने की मांग भी रखी। राजनीतिक दलों ने असम में चुनावी रूल्स की विशेष समीक्षा के आयोजन की सराहना की। उन्होंने राज्य में शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुझाव भी दिए।*

सीएम ममता का ईसीआई पर हमला

# अगर वो 420 हैं... तो मैं 440 वोल्ट हूं, वह 'टॉर्चर कमीशन'





### मुख्यमंत्री ने एसआईआर पर उठाए सवाल

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने निर्वाचन आयोग पर तीखा हमला किया। उन्होंने आयोग को 'टॉर्चर कमीशन' बताया और हिटलर और तुगलकी अंदाज में काम करने का आरोप लगाया। ममता ने सवाल उठाया कि क्या कोई 'तुगलकी आयोग' चुनाव कराता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग जिलाधिकारियों को निर्देश दे रहा है और चेतावनी दी कि अगर किसी वैध मतदाता का नाम हटाया गया तो उनकी पार्टी इसका तीव्र विरोध करेगी। उनकी सरकार निष्पक्ष एसआईआर में आयोग को पूरा सहयोग देगी, लेकिन मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वे आयोग के सभी लोगों को दोषी नहीं ठहरा रहीं, बल्कि एक व्यक्ति को जिम्मेदार मानती हैं और जनता के हित में जेल जाने या किसी भी कुर्बानी के लिए तैयार हैं। ममता ने कहा कि मैं पीछे नहीं हटूंगी। अगर कुछ लोग 420 हैं, तो मैं 440 वोल्ट हूं।

### मंत्री शाह मिले सुवेंदु से आज जाएंगे बंगाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री के बंगाल आगमन से कुछ घंटे पहले बंगाल को लेकर दिल्ली में अहम बैठक हुई है। बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी की नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात हुई है। गृहमंत्री के आवास पर हुई यह मुलाकात लगभग 30 मिनट तक चली। वे राजधानी दिल्ली पहुंचते ही वो सीधा गृहमंत्री के आवास पर गए। इसके बाद दोनों के बीच करीब आधे घंटे तक मुलाकात हुई।

**यहां चुनाव से पहले बड़ा सियासी उलटफेर**

### पूर्व एनएसजी कमांडर समेत कई जाने-माने लोग भाजपा में शामिल


बंगाल में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। उससे पहले प्रदेश की राजनीति में बड़े उलटफेर होने शुरू हो गए हैं। मंगलवार को कोलकाता में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य की मौजूदगी में कुछ जाने-माने लोग भाजपा में शामिल हुए। इनमें पूर्व एनएसजी कमांडर और अंडरकवर एजेंट रहे दीपांजन चक्रवर्ती, सीआरपीएफ के पूर्व डीएसपी बिप्लब बिस्वास और पूर्व कद्दावर वामपंथी मंत्री खिती गोस्वामी की बेटी कस्तूरी गोस्वामी शामिल हैं।

अयोध्या में होगा विशेष कार्यक्रम

## राष्ट्रपति मंदिर निर्माण से जुड़े श्रमिकों का करेंगी अभिनंदन

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा 2 दिनी बैठक में भाग लेने के लिए मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में जारी विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से जानकारी दी और निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने की प्रतिबद्धता दोहराई। समिति के अध्यक्ष मिश्रा ने बताया कि 19 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अयोध्या आएंगी। इस दौरान वे मंदिर




निर्माण में योगदान देने वाले करीब 400 श्रमिकों को सम्मानित करेंगी।

**निर्माण अप्रैल तक पूरे होंगे**

मिश्रा ने बताया कि हुतात्मा स्मारक और अस्थायी रामलला मंदिर को स्थायी स्मारक के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन निर्माण कार्यों को अप्रैल के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है।

## नई दिल्ली-चेन्नई एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में आग, हड़कंप



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यहां से चेन्नई जा रही ट्रेन नंबर 12616 के स्लीपर कोच में मंगलवार दोपहर आग लग गई। यह घटना सेंट्रल रेलवे के नागपुर डिविजन में सिंधी और तुलजापुर स्टेशनों के बीच हुई। धुआं देखते ही ट्रेन को सुरक्षा के मद्देनजर तुरंत रोक दिया गया। यात्रियों को सुरक्षित रखा गया और किसी को चोट नहीं आई। रेलवे स्टाफ ने तेजी से कार्य करते हुए प्रभावित कोच को ट्रेन से अलग कर दिया। स्थानीय फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया। स्थानीय रेलवे कर्मचारियों ने फायर एक्सटिंग्विशर का इस्तेमाल करके आग पर काबू पाया।

चार धाम यात्रा के लिए सरकारी समिति कर रही बड़ा बदलाव

## अब श्रद्धालुओं को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए चुकाने होंगे कम से कम 10 रुपए

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में बदलाव किया गया है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए लोगों को अब फीस देनी होगी। फीस जल्द से जल्द तय करने के लिए गढ़वाल डिवीजन के एडिशनल कमिश्नर की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई है। मामले की अधिक जानकारी देते हुए गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने बताया कि चार धाम यात्रा के लिए फर्जी रजिस्ट्रेशन रोकने के लिए कम से कम 10 रुपए फीस ली जानी चाहिए। कमेटी की रिपोर्ट आने और सरकार से मंजूरी मिलने के बाद फाइनल फीस तय होगी।

**कमेटी करेगी शुल्क का निर्धारण**



### उत्तराखंड में अनगिनत धार्मिक जगह

उत्तराखंड को देवभूमि या देवताओं की भूमि भी कहा जाता है। यहां कई विश्व प्रसिद्ध मंदिर हैं। पूरे साल भक्तों का तांता लगा रहता है। उत्तराखंड में भक्त जिन अनगिनत धार्मिक जगहों पर जाते हैं, उनमें सबसे खास चार धाम यात्रा है।

### यात्रा में 4 पवित्र स्थल शामिल

यह यात्रा या तीर्थयात्रा हिमालय में ऊंचाई पर बसे चार पवित्र स्थलों, यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ हैं। ऊंचाई पर बने ये मंदिर हर साल लगभग छह महीने के लिए बंद रहते हैं, जो गर्मियों (अप्रैल या मई) में खुलते हैं और सर्दियों (अक्टूबर या नवंबर) की शुरुआत के साथ बंद हो जाते हैं।

भारत विस्तार...किसान अपनी भाषा में ही खेती की समस्या बता सकेंगे

# एक कॉल पर मिलेगी मौसम, मंडीभाव और खेती की जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार देश के किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने जरूरी कदम उठाई है। मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के लिए 'भारत विस्तार' को लॉन्च किया है। यह एक एआई-पावर्ड मल्टीलिंगुअल टूल है। इसकी मदद से किसान मोबाइल या एक सिंपल फोन कॉल के जरिए उनकी अपनी भाषा में खेती से जुड़ी सभी जानकारी ले सकते है। भारत विस्तार किसानों के लिए सरकार द्वारा बनाया गया एक नया डिजिटल साथी प्लेटफॉर्म है। यह एआई आधारित प्लेटफॉर्म किसानों को फोन कॉल, चैटबॉट और आगे चलकर ऐप के जरिए मौसम, मंडीभाव, कीटरोग, मिट्टी, फसल सलाह और सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही जगह पर देगा।

**केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने दी सुविधा**



**भारतविस्तार का इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं किसान?**

- *भारत विस्तार एक डिजिटल कृषि विशेषज्ञ के रूप में दो माध्यमों (भारतविस्तार चैटबॉट – फोन कॉल ) से 24 घंटे उपलब्ध रहेगा।*
- *भारत विस्तार के अंदर मौजूद बोलने वाला एआई सहायक 'भारती' ।*
- *किसानों से यह बातचीत कर सकता है, आसान भाषा में प्रश्नों के उत्तर दे सकता है।*

### 6 माह के अंदर 11 भाषाओं में मिलेगी सुविधा

*फेज1 में यह सुविधा हिंदी व अंग्रेजी में शुरू है और महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात सहित कई राज्यों के लाखों किसानों तक पहुंचेगी। अगले 3 महीनों के भीतर यह तमिल, बंगाली, असमिया और कन्नड़ भाषाओं में उपलब्ध होगा। अगले 6 महीनों के भीतर यह कुल 11 भाषाओं (अंग्रेजी, हिंदी और 9 क्षेत्रीय भाषाएं) में उपलब्ध होगा।*

### हेल्प लाइन नंबर जारी किया


- *अगर आपके पाससाधारण मोबाइल फोन हैं तो आप कॉल के जरिए भारत-विस्तार का लाभ ले सकते हैं। इससे टेलीफोन हेल्पलाइन 155261 को जोड़ा गया है जिस पर आप कॉल कर सकते हैं।*
- *10 प्रमुख केंद्रीय योजनाओं की जानकारी*
- *प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि*
- *प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना*
- *मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना*
- *संशोधित ब्याज अनुदान योजना*
- *कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन*
- *प्रति बूंद अधिक फसल*
- *प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना*
- *प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान*
- *कृषि अवसंरचना कोष*

गुजरात दौरे पर भाजपा अध्यक्ष नितिन

## तीन दिन में करेंगे कई अहम बैठकें, बजट मीट में भी जाएंगे

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

भाजपाके राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन 20 से 22 फरवरी तक गुजरात के 3 दिन के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे अहमदाबाद और गांधीनगर में कई संगठनात्मक बैठकों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। यह पार्टी के शीर्ष पद का कार्यभार संभालने के बाद उनका राज्य का पहला आधिकारिक दौरा होगा। गुजरात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन का यह राज्य का पहला दौरा है। 20 फरवरी



को वे सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। नबीन अहमदाबाद के नारनपुरा स्थित जीएससी बैंक में सांसदों और विधानसभा सदस्यों से बातचीत करेंगे। वे गांधीनगर के इंफोसिटी में आयोजित 'बजट मीट में भी शामिल होंगे।

10,000 से ज्यादा एआई रिसर्चर्स और इनोवेटर्स के लिए यहां खास जगह होगी

# बेंगलुरू में दुनिया की पहली 'एआई सिटी' का शंखनादः भारत वन डॉट एआई रचने जा रहा इतिहास, होंगे नए रिसर्च और इनोवेशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की सिलिकॉन वैली कहे जाने वाले बेंगलुरू ने अब पूरी दुनिया को पीछे छोड़ने की तैयारी कर ली है। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में बेंगलुरू के स्टार्टअप भारत वन डॉट एआई ने दुनिया की पहली 'एआई सिटी' बनाने का ऐलान कर ग्लोबल टेक जगत में हलचल मचा दी है। यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट शहर के सरजापुर इलाके में आकार लेगा, जिसका मुख्य केंद्र 5 लाख वर्ग फीट में फैला 'बी1 एआई सुपरपार्क' होगा। कंपनी का लक्ष्य एक ऐसा अत्याधुनिक रिसर्च और इनोवेशन कैंपस तैयार करना है जहां एआई सिर्फ बंद कमरों और कंप्यूटर स्क्रीन्स तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि असल जिंदगी की चुनौतियों के बीच अपनी काबिलियत साबित करेगा।

इस प्रोजेक्ट की सबसे क्रांतिकारी बात इसका 'ह्यूमन-सेंट्रिक' दृष्टिकोण है। भारत वन डॉट एआई के सीईओ उमाकांत सोनी के मुताबिक, यह दुनिया के लिए एक 'मूनशॉट' की तरह है जहां एआई मॉडल्स को न केवल स्मार्ट बनाया जाएगा, बल्कि उन्हें इंसानी मूल्यों और सुरक्षा के मानकों पर भी परखा जाएगा। यहाँ एआई के वैलिडेशन के लिए आधार कार्ड जैसा एक पुख्ता सिस्टम विकसित किया जा रहा है, ताकि कोई भी एआई एजेंट बिना पूरी जांच और स्ट्रेस टेस्टिंग के समाज के बीच न पहुँच सके। इस शहर में 10 हजार से ज्यादा एआई रिसर्चर्स और इनोवेटर्स एक साथ काम करेंगे, जिनके पास 400 जीबीपीएस जैसी सुपरफास्ट इंटरनेट कनेक्टिविटी और हाई-डेंसिटी कंप्यूटिंग की ताकत होगी।

## साल के अंत तक पहले फेज का काम पूरा करने का लक्ष्य है

## एआई एजेंट्स वास्तविक दुनिया के अनुभवों से ट्रेंड किया जाएगा

### पीएम मोदी ने स्वदेशी चश्मा पहनकर परखी भारत की डिजिटल ताकत



फाइल फोटो

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के मंच से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत मंडपम में 'सरवम काज ' नाम का एक हाई-टेक एआई चश्मा पहने देखा गया। यह कोई साधारण



वियरेबल नहीं, बल्कि शुद्ध रूप से 'मेड इन इंडिया' एआई डिवाइस है जिसे भारतीय स्टार्टअप सरवम एआई ने तैयार किया है। समिट के दौरान पीएम मोदी ने खुद इस चश्मे को पहनकर इसके रियल-टाइम रिस्पॉन्स और फीचर्स को टेस्ट किया।यह एक चश्मा नहीं, बल्कि एक पर्सनल असिस्टेंट है। यूजर जो कुछ भी देखता है, यह एआई ग्लास उसके बारे में बोलकर जानकारी दे सकता है। कंपनी बहुत जल्द इसमें एक 'चैट फीचर' भी जोड़ने वाली है, जिससे यूजर सीधे चश्मे से बात कर सकेंगे। स्टार्टअप के को-फाउंडर प्रत्यूष कुमार ने पीएम मोदी के साथ इस टेस्टिंग की तस्वीरें साझा करते हुए इसे भारत के एआई सफर का बड़ा मील का पत्थर बताया है। इस स्वदेशी चश्मे की सबसे बड़ी खूबी इसका 'सरवम ऐज' प्लेटफॉर्म है। जहां दुनिया भर के एआई मॉडल्स को इंटरनेट और महंगे क्लाउड सर्वर की जरूरत होती है, वहीं यह डिवाइस बिना इंटरनेट के भी काम कर सकता है। यह फीचर उन इलाकों के लिए गेम-चेंजर साबित होगा जहां नेटवर्क की समस्या है। चूंकि डेटा डिवाइस के अंदर ही प्रोसेस होता है, इसलिए यह यूजर की प्राइवेसी के लिए 100% सुरक्षित है।

### बी1एआई सुपरपार्कः रिसर्च और इनोवेशन का नया पावरहाउस

इस प्रोजेक्ट का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा 5,00,000 वर्ग फीट में फैला बी1एआई सुपरपार्क होगा। बेंगलुरू के सरजापुर में स्थित यह कैंपस एआई रिसर्च और इनोवेशन के लिए दुनिया का सबसे आधुनिक केंद्र बनेगा।

### जन-केंद्रित एआई पर भारत का फोकस

'इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का मुख्य उद्देश्य एआई को केवल तकनीक तक सीमित न रखकर उसे जन-केंद्रित बनाना है। इस सम्मेलन में वैश्विक प्रौद्योगिकी नेताओं, प्रख्यात शोधकर्ताओं और बहुपक्षीय संस्थानों के प्रतिनिधि एक साथ आए हैं, ताकि एआई के जरिए सार्वजनिक प्रणालियों को मजबूत करने और सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने पर ठोस रणनीति बनाई जा सके। भारत का यह कदम एआई के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर एक बड़ा और निर्णायक मोड़ माना जा रहा है।

### एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी रफ्तार भारत में जुड़ेंगे 20,000 नए जीपीयू

भारत अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वैश्विक दौड़ में सिर्फ शामिल नहीं है, बल्कि उसे लीड करने की तैयारी कर चुका है। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को ऐलान किया कि देश के एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को बूस्ट देने के लिए 20,000 नए जीपीयू जोड़े जाएंगे। इसके साथ ही भारत की कुल क्षमता मौजूदा 38,000 जीपीयू से कहीं ज्यादा हो जाएगी, जिससे स्टार्टअप्स और रिसर्चर्स को रॉकेट जैसी रफ़्तार मिलेगी। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इंडिया एआई मिशन के तहत मिल रहे जीपीयू की कीमत महज 65 प्रति घंटा है। यह ग्लोबल औसत कीमत का सिर्फ एक-तिहाई हिस्सा है। यानी भारत अब दुनिया का सबसे सस्ता और ताकतवर एआई इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया करा रहा है। मंत्री ने साफ किया कि भारत की स्ट्रैटेजी अब बुनियादी ढांचे से आगे बढ़कर देश की जरूरतों के हिसाब से 'कस्टम सॉल्यूशन' बनाने की ओर मुड़ चुकी है। वैष्णव ने वैश्विक प्लेटफॉर्म्स (मेटा, नेटफ्लिक्स आदि) को दो टूक लहजे में कहा कि उन्हें भारत के संवैधानिक ढांचे और सांस्कृतिक मर्यादा का पालन करना ही होगा। उन्होंने कहा, "चाहे कोई भी कंपनी हो, उन्हें उस देश के कॉन्स्टिट्यूशनल फ्रेमवर्क के तहत काम करना होगा जहाँ वे ऑपरेट कर रही हैं।"



### आने वाले समय में कोडिंग नहीं रहेगा टेक प्रोफेशनल्स का मुख्य कार्यः नीलेकणि

इंफोसिस के सह-संस्थापक और चेयरमैन नन्दन नीलेकणि ने मंगलवार को कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सॉफ्टवेयर बनाने और उसे लागू करने के तरीके को पूरी तरह बदल देगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कोड लिखना टेक्नोलॉजी पेशेवरों का मुख्य काम नहीं रहेगा। इंफोसिस के 'इन्वेस्टर डे' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीलेकणि ने कहा कि एआई का यह बदलाव केवल तकनीक जोड़ने भर का नहीं है, बल्कि कंपनियों को अपने कस्टमर जर्नी, बिजनेस प्रोसेस और संगठनात्मक ढांचे पर दोबारा विचार करना होगा। उन्होंने इसे 'जड़ से बदलाव' बताया।नीलेकणि ने कहा कि भविष्य में टेक्नोलॉजी टैलेंट का मकसद सिर्फ कोडिंग करना नहीं होगा, बल्कि एआई सिस्टम को प्रभावी तरीके से काम करने लायक बनाना होगा। इससे नौकरियों की प्रकृति और कंपनियों के ऑपरेटिंग मॉडल में बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि कंपनियों को एआई इंजीनियरिंग, एजेंट ऑर्केस्ट्रेशन और नॉन-डिटरमिनिस्टिक सिस्टम्स (गैर-निर्धारित प्रणालियों) को मैनेज करने जैसे नए कौशल की जरूरत होगी। ऐसे सिस्टम में एक ही प्रॉम्प्ट से हर बार अलग-अलग परिणाम मिल सकते हैं।



### अमिताभ कांत बोले- भारत और विकासशील देश बनाएं एलएलएम

नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने मंगलवार को कहा कि बड़ी कंपनियां ग्लोबल साउथ के देशों से प्राप्त डेटा का इस्तेमाल अपने लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) को प्रशिक्षित करने में कर रही हैं। ऐसे में एआई का समान



लाभ सुनिश्चित करने के लिए भारत और अन्य विकासशील देशों को अपने स्वयं के डेटा के आधार पर अपने मॉडल बनाने चाहिए। राष्ट्रीय राजधानी में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एक पैनल चर्चा के दौरान बोलते हुए, कांत ने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों से प्राप्त डेटा का इस्तेमाल लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) को प्रशिक्षित करने में किया जा रहा है। भारत आज संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक डेटा प्रदान करता है। कांत के अनुसार, ग्लोबल साउथ के डेटा के आधार पर एलएलएम में सुधार हो रहा है और उन्होंने चेतावनी दी कि बड़ी तकनीकी कंपनियां इस डेटा पर आधारित व्यावसायिक मॉडल बना सकती हैं और बाद में उत्पादों को उच्च लागत पर बेच सकती हैं। इस कारण भारत और अन्य विकासशील देशों को समान लाभ सुनिश्चित करने के लिए अपने स्वयं के डेटा के आधार पर अपने मॉडल बनाने चाहिए।

### कौशल ही भविष्य

माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला ने दिल्ली में छात्रों और डेवलपर्स को संबोधित करते हुए कहा कि एआई केवल एक तकनीक नहीं है, यह मानवीय क्षमता को बढ़ाने वाला एक को-पायलट' है। उन्होंने भारत में 20 लाख से अधिक लोगों को एआई स्किल्स सिखाने के अपने वादे को दोहराया और कहा कि भारत में दुनिया के सबसे प्रतिभाशाली डेवलपर्स हैं।

### सॉफ़्टवेयर से आगे का सोच

विभिन्न पैनल चर्चाओं में दिल्ली के प्रमुख स्टार्टअप यूनिकॉर्न्स के संस्थापकों ने कहा कि सेक्टर-विशिष्ट एआई अब समय सामान्य चैटबॉट्स का नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, कृषि और कानून जैसे क्षेत्रों के लिए विशिष्ट समाधान बनाने का है। उन्होंने कहा कि भारतीय स्टार्टअप्स का ध्यान ऐसी एआई तकनीक बनाने पर है जो कम लागत वाली हो और गाँव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

## जटिल सैन्य एप्लीकेशन के मामले में विदेशी एआई मॉडल पर निर्भर नहीं रख सकते

# राजधानी में चल रहे एआई इंपैक्ट शिखर सम्मेलन में बोलीं डीआरडीओ महानिदेशक डॉ.चंद्रिका कौशिक

**हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की पश्चिमी सीमा पर बनी हुई सुरक्षा चुनौती के बीच देश को तत्काल रूप से रक्षा क्षेत्र के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) वाले स्वदेशी सिस्टम की दरकार है। इसके लिए हम विदेशों में विकसित किए गए मॉडल पर ज्यादा दिनों तक भरोसा नहीं रख सकते हैं। यह जानकारी रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की महानिदेशक (उत्पादन समन्वय एवं सेवा संपर्क) डॉ.चंद्रिका कौशिक ने राजधानी में चल रहे एआई इंपैक्ट सम्मेलन के दौरान मीडिया से बातचीत में दी है। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में हम विदेशों से आने वाले समाधानों और एआई मॉडल पर निर्भर नहीं रह सकते हैं। इसके अलावा हम जिस सिस्टम को भी अपना रहे हैं। उसे लेकर हमें शत-प्रतिशत भरोसा होना चाहिए। एआई की लगभग सभी क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य में बढ़ते हुए दखल को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी मामले में जल्द समाधान पाने के लिए आप देखें तो छात्रों, शिक्षकों और आम जनता के पास मौजूद समाधान अधिकतर विदेशी या बाहर से आने वाले ही हैं।

### सम्मेलन से होगा ये लाभ

उन्होंने कहा कि एआई सम्मेलन से हमें एक ऐसा मंच मिल गया है। जिससे हम सामूहिक प्रयासों के माध्यम से एक भरोसेमंद और स्वदेशी एआई क्षमता विकसित कर सकते हैं। सम्मेलन हमें आगे का रास्ता दिखाता है। डॉ.कौशिक ने देश के एआई इकोसिस्टम को मजबूत बनाने के लिए सभी भागीदारों को एक छत के नीचे लाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय से लेकर केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना की है।



### डीआरडीओ ने बनाए दो फ्रेमवर्क

संगठन महानिदेशक ने बताया कि डीआरडीओ ने एआई को लेकर दो फ्रेमवर्क विकसित किए हैं। पहला ईटीएआई का नाम दिया गया है। जो एआई आधारित सिस्टम में लचीलापन प्रदान करता है। दूसरे में एआई समाधानों को प्रमाणित करने के लिए दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं। कुल मिलाकर हमारी ये पहल इस क्षेत्र में तकनीक के विकास करने वाले लोगों को एक ढांचागत सिस्टम मुहैया कराती है। अब संगठन द्वारा विकसित किए जा रहे हर समाधान में एआई का समावेश किया गया है। अब एआई एप्लीकेशन रणनीतिक माहौल की ओर तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

---

## खबर संक्षेप

### 22 नक्सलियों ने किया सरेंडर, बदली राह

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। सुकमा में मंगलवार को 22 नक्सलियों ने पुलिस अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया। सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति और पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान से प्रभावित होकर इन्होंने सरेंडर करने का फैसला किया था।



### खामेनेई की ट्रंप को खुली चेतावनी

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच जिनेवा में परमाणु वार्ता शुरू होने के साथ ही तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। मंगलवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि वे इस्लामिक गणराज्य को तबाह करने में कभी सफल नहीं होंगे। खामेनेई ने अमेरिकी युद्धपोतों को लेकर कहा कि ईरान के पास उन्हें डुबाने की ताकत मौजूद है।



### अमेरिकी राजदूत ने बॉर्डर के पास किया दौरा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांडर एडमिरल सैमुअल जे पापारो ने भारतीय सेना के वेस्टर्न कमांड (चंडीगढ़) का दौरा किया। बता दें कि उनका यह दौरा पाकिस्तान बॉर्डर के बेहद करीब था। पिछले साल हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद किसी विदेशी डेलिगेशन की यह पहली ऐसी हाई-प्रोफाइल विजिट है, जिससे हलचल मच गई है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू में कहा-

# पीएम मोदी ने 2047 विजन निर्धारित किया, भारत को वैश्विक स्तर पर शीर्ष तीन एआई महाशक्तियों में एक होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का शुभारंभ राष्ट्रीय राजधानी में हुआ, यह पहली बार है कि वैश्विक दक्षिण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर इतने बड़े पैमाने की वैश्विक बैठक आयोजित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक विशेष साक्षात्कार में इस सम्मेलन की मार्गदर्शक भावना को 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के दर्शन के अंतर्गत रेखांकित किया (सभी के लिए कल्याण, सभी के लिए खुशियां)।

शिखर सम्मेलन ने राष्ट्राध्यक्षों और सरकार के प्रमुखों, मंत्रियों, विश्व स्तर के तकनीकी विशेषज्ञों और उद्योग जगत के हितधारकों को एक साझा मंच प्रदान किया है, ताकि समावेशी विकास को प्रोत्साहित करने, सार्वजनिक प्रणालियों को मजबूत करने और सतत विकास को सक्षम बनाने में एआई की भूमिका पर विचार-विमर्श किया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने साक्षात्कार में इस नए युग के लिए भारत के विज़न का उल्लेख किया और बताया कि एआई को पूरी तरह से मानव-केंद्रित बने रहकर वैश्विक विकास की गति को तेज करना चाहिए।

रोजगार बाजार में एआई-चालित व्यवधानों को लेकर रोजगार की चिंता को समझता हूं

इतिहास हमें सिखाता है कि जब भी नवाचार होता है, नए अवसर पैदा होते हैं

### मुद्दों पर वैश्विक जागरूकता पैदा कर रहा एआई



पीएम मोदी ने कहा कि एआई में पूर्वाग्रह और सीमाओं से संबंधित चिंताएं आज भी बेहद प्रासंगिक हैं। एआई को अपनाने की गति बढ़ने के साथ-साथ जोखिम भी बढ़ते जा रहे हैं। एआई प्रणालियां अनजाने में लिंग, भाषा और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से संबंधित पूर्वाग्रहों को बढ़ावा दे सकती हैं। एआई इम्पैक्ट समिट 2026 विभिन्न हितधारकों को एक साथ ला रहा है और एआई के पूर्वाग्रहों और सीमाओं जैसे मुद्दों पर वैश्विक जागरूकता पैदा कर रहा है। यह ऐसा मुद्दा है जिस पर वैश्विक सहयोग की आवश्यकता है। भारत के लिए विशेष रूप से, हमारे सामने अनूठी चुनौतियाँ और अवसर हैं।

### एआई मानवीय क्षमताओं को बढ़ा सकता है

एआई के दुरुपयोग पर पीएम मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी एक शक्तिशाली उपकरण है, लेकिन यह केवल मानवीय आकांक्षाओं को बढ़ाने वाला एक साधन मात्र है। यह सुनिश्चित करना हमारा दायित्व है कि यह एक सकारात्मक शक्ति बने। हालांकि एआई मानवीय क्षमताओं को बढ़ा सकता है, लेकिन निर्णय लेने का अंतिम दायित्व सदैव मनुष्यों का ही रहना चाहिए। दुनिया भर के समाज में इस बात पर बहस हो रही है कि एआई का उपयोग और संचालन कैसे किया जाना चाहिए। भारत यह दिखाकर इस चर्चा को दिशा देने में योगदान दे रहा है कि मजबूत सुरक्षा उपाय निरंतर नवाचार के साथ-साथ चल सकते हैं।

### सुधार करें और नए रोजगारों का सृजन करें

पीएम ने कहा कि भारत में प्रतिभा और उद्यमशीलता की ऐसी ऊर्जा है, जिससे वह एआई का एक शक्तिशाली केंद्र बन सकता है, न केवल उपभोक्ता के रूप में, बल्कि निर्माता के रूप में भी। हमारे स्टार्टअप, अनुसंधान संस्थान और तकनीकी व्यवस्था तंत्र ऐसा एआई समाधान तैयार कर सकते हैं, जो विनिर्माण को बढ़ावा दें, शासन में सुधार करें और नए रोजगारों का सृजन करें। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे युवा, भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप किसानों, लघु और मध्यम उद्यमों, महिला उद्यमियों और जमीनी स्तर के नवप्रवर्तकों के लिए डिजाइन किए गए एआई समाधान विकसित कर सकते हैं। हम अपने प्रतिभाशाली युवाओं द्वारा एआई को नवाचार और समावेशन के लिए एक सशक्त माध्यम बनाने के हर प्रयास को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केंद्रीय बजट 2026-27 भी इसी दृष्टिकोण को और पुख्ता करता है। यह डेटा केंद्रों और क्लाउड अवसंरचना के लिए समर्थन का विस्तार करते हुए, घरेलू कंप्यूटिंग क्षमता को मजबूत करने की वकालत करता है।

नियमों का उल्लंघन करने का आरोप

# भारत ने ट्रेड डील के बाद उठाया बड़ा कदम, पकड़े तीन ईरानी तेल टैंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने हाल ही में समुद्री सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए ईरान से संबंधित तीन तेल टैंकरों स्टेलर रूबी, एस्फाल्ट स्टार और अल जाफजिया को अपने कब्जे में ले लिया है। इन जहाजों पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू थे और ये अपनी पहचान बदलकर अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। रोचक बात यह है कि भारत की यह सख्त कार्रवाई ठीक उसी समय हुई, जब अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क 50% से घटाकर 18% करने का बड़ा फैसला लिया। खबरों के मुताबिक, 6 फरवरी को मुंबई के पास भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र में इन जहाजों की संदिग्ध गतिविधियों का पता चला था। भारतीय तटीय अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इन्हें करीब 100 समुद्री मील दूर ही रोक लिया। हालांकि, शुरुआत में इस कार्रवाई की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की गई थी, जिसे बाद में रणनीतिक कारणों से हटा दिया गया। इस घटना के बाद से भारतीय तटरक्षक बल (Indian




### ईरान का रुख और भारतीय नाविकों की चिंता

एक ओर जहां ईरान की सरकारी मीडिया ने इन टैंकरों या उनके कार्गो से किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है, वहीं दूसरी ओर दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव बरकरार है। पिछले साल दिसंबर में ईरान द्वारा जब्त किए गए जहाज 'एमटी वैलेंट रोर' के 16 भारतीय चालक दल के सदस्यों में से 8 अब भी उनकी हिरासत में हैं। उन नाविकों के परिवार लंबे समय से उनकी सुरक्षित वापसी की गुहार लगा रहे हैं, जिससे यह पूरा मामला मानवीय संवेदनाओं से भी जुड़ गया है।

पाकिस्तान में बड़ा आतंकवादी हमला

# विस्फोटकों से लदा वाहन चेकपोस्ट से टकराया, 11 पुलिसकर्मियों की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के बजौर जिले में आतंकवादियों ने एक संयुक्त सुरक्षा चौकी को निशाना बनाया। हमलावरों ने विस्फोटकों से भरी एक गाड़ी को चौकी की दीवार में मार दिया, जिससे इमारत ढह गई और 11 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई।

सेना ने मंगलवार को बताया कि उत्तर-पश्चिमी इलाके बाजौर में हुए आतंकवादी हमला में ग्यारह सुरक्षा बल के जवानों और एक बच्चे की मौत हो गई। इस घटना में महिलाओं और बच्चों समेत सात अन्य लोग भी घायल हुए हैं। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि पास के घरों को



भी भारी नुकसान पहुंचा, जिसके कारण एक मासूम बच्ची की जान चली गई और महिलाओं एवं बच्चों समेत 7 अन्य लोग घायल हो गए। पाकिस्तानी इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बताया कि 16 फरवरी को बाजौर जिले में सिक्योरिटी फोर्स और लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों के ज्वाइंट चेक पोस्ट पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े आतंकवादियों ने कायरतापूर्ण हमला करने की कोशिश की।

बॉलीवुड सितारों के साथ बातचीत करते दिखे राष्ट्रपति इमैनुएल

# शबाना से लेकर अनिल कपूर तक नजर आए साथ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अपने मुंबई दौरे के दौरान कई बॉलीवुड कलाकारों और फिल्मी हस्तियों से मुलाकात की। इन सभी से कला और संस्कृति के बारे में चर्चा की। इन हस्तियों में शबाना आजमी के अलावा कई नामी एक्टर्स, म्यूजिक कंपोजर भी नजर आए। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कुछ बॉलीवुड सितारों संग मंगलवार को खास मुलाकात की। इसमें शबाना आजमी, अनिल कपूर, मनोज बाजपेयी, डायरेक्टर जोया अख्तर, ऋचा चड्ढा और ग्रैमी विनर म्यूजिक कंपोजर रिकी केज शामिल थे। कई कलाकारों के साथ वह बातचीत करते दिखे। अनिल कपूर से खासतौर पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों बातचीत करते हुए दिखे।



**सितारों ने साथ खिंचवाई तस्वीर**

बॉलीवुड सितारों ने इस खास मुलाकात के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ कई तस्वीरें क्लिक करवाईं। हो सकता है कि इस मुलाकात के बाद भारत और फ्रांस के बीच फिल्मों को लेकर एक साझेदारी नजर आई।

### भारत की यात्रा पर हैं राष्ट्रपति मैक्रों ,प्रधानमंत्री मोदी भी साथ

*मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मुलाकात भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी हुई। पीएम मोदी ने भी अपने एक्स हैंडल से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने बताया, 'मुंबई में अपने मित्र, राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने मुझे बताया कि उन्हें यह शहर बहुत पसंद आया और उन्होंने मंगलवार सुबह अपनी वॉक का भी खूब आनंद लिया। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने इंडो-पैसिफिक कोऑपरेशन सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की। द्विपक्षीय बैठक के बाद पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर 2026 का उद्घाटन करेंगे और दोनों देशों के बिजनेस लीडर्स, स्टार्टअप्स, रिसर्चर्स और इनोवेटर्स की एक सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद मैक्रों एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने के लिए नई दिल्ली रवाना होंगे।*

## खबर संक्षेप



### तंबाकू, बीड़ी-सिगरेट का उपयोग करने वालों पर की चालानी कार्रवाई

**औबेदुल्लागंज।** तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर जागरुकता अभियान चलाया गया, जिसमें आमजन एवं मरीजों के अटेंडरों को तंबाकू से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य नुकसान, कैंसर, डेंटल फ्लोरोसिस, हृदय रोग एवं नशीली आदतों से बचाव के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में मरीजों के अटेंडरों के द्वारा तंबाकू एवं बीड़ी-सिगरेट का उपयोग करते हुए पाए गए 3 लोगों से करीब 200 रुपए की की चालानी कार्रवाई की गई। जिसके उपरान्त इन पैसों को राज्य शासन के खाते में जमा किए गए।

### इमरत सिंह को स्कूल में नहीं मिले शिक्षक बीएलओ से की शिकायत



**औबेदुल्लागंज।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार ने प्रेम तालाब स्थित एक स्कूल का नरीक्षण करने पहुंचे। स्कूल में शिक्षक नहीं थे। दरबार ने जब छात्रों से पूछा तो उन्होंने बताया कि शिक्षक लेट आते हैं और जल्दी चले जाते हैं। इमरत सिंह दरबार ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सतीश कुशवाहा से फोन पर बात की और बताया कि प्रेम तालाब स्थित स्कूल में शिक्षक देर से आते हैं और जल्दी चले जाते हैं। इस बात को सुनकर सतीश कुशवाहा ने कहा कि में देखता हूं।

### कोठारी को शादी की सालगिरह पर दी बधाई



**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर भाजपा के मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी एवं उनकी पत्नी मयूरी कोठारी की शादी की सालगिरह पर विधायक सुरेंद्र पटवा, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नगर, दशरथ गुर्जर, माधव यादव, गजेंद्र नगर, अंकित अग्रवाल, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा, रामकिशोर चौहान, बाबूलाल चौहान, वचन लोधी, आरती यादव, माया राय, राहुल महेश्वरी, नीरज चावला, आशीष दीक्षित, विक्रम धाड़ी आदि लोगों ने बधाई दी।

### सौम्या विहार कॉलोनी में युवक ने छत में फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** शहर के सौम्या विहार कॉलोनी क्षेत्र में एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि युवक ने अपने घर की छत पर फांसी लगाकर जान दे दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में चल रहा था। परिजनों ने आशंका जताई है कि इसी तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया। बताया जा रहा है कि आत्महत्या से पहले युवक ने अपनी नस काटने की भी कोशिश की थी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल मामले की जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1638 | | |
| दिन: | 670 | 31 | 380 |
| रात: | 669 | 18 | 279 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 346 | 33 | 670 |
| रात: | 499 | 25 | 500 |

सागर पब्लिक स्कूल प्रबंधन की मनमानी आई सामने

# 10वीं की छात्रा को नहीं दिया रोल नंबर, गणित का पेपर छूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*मंगलवार को जनसुनवाई में आए 133 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई*

*जनसुनवाई में पहुंचकर छात्रा की मां ने अपर कलेक्टर से की शिकायत*

एयरपोर्ट रोड गांधी नगर स्थित सागर पब्लिक स्कूल प्रबंधन की मनमानी की वजह से मंगलवार को सीबीएसई दसवीं की छात्रा इलमा सादिक पेपर नहीं दे सकी। दरअसल स्कूल प्रबंधन ने छात्रा का रोल नंबर देने से इंकार कर दिया था। प्रबंधन का कहना है कि छात्रा के स्कूल में लगातार अनुपस्थित रहने की वजह से उसे रोल नंबर नहीं दिया गया है। मंगलवार को छात्रा की मां नसरीन सादिक ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की जनसुनवाई में पहुंचकर अपर कलेक्टर प्रकाश नायक से शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र अहिरवार को सौंपी गई है।

छात्रा की मां ने बताया कि छात्रा के बीमार रहने पर स्कूल प्रबंधन को मेडिकल दस्तावेज सौंपे थे, लेकिन प्रवेश पत्र नहीं दिया गया। इसी वजह से छात्रा मंगलवार को दसवीं के गणित का पेपर छात्रा नहीं दे सकी है। परिजनों की मांग है कि अब भी रोल नंबर मिल जाए तो वह शेष पेपर दे सकेगी। मंगलवार को जनसुनवाई में आए 133 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई है।



कलेक्टर जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनते कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह।

### फर्जी सीमांकन करवाकर सरकारी रास्ते पर कब्जा

*तहसील बैरसिया की ग्राम पंचायत सुकलिया के गांव पिपलिया कदीम के रहवासियों ने शिकायत दर्ज कराई है कि हिम्मत सिंह ठाकुर ने फर्जी सीमांकन करवाया है और सुकलिया से गांव भैंसखेड़ा जाने वाले सरकारी रास्ते पर कब्जा कर लिया है, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।*

### मानसिक रोगी बच्चों से पिता को खतरा

मुलायम खां पिता करामत खां निवासी लांबाखेड़ा ने आवेदन देते हुए बताया कि मैं रोज सिटी में रहता हूं। मेरे चार पुत्र और पुत्रियां हैं, यह सब मानसिक रोगी हैं, जिसकी वजह से पूरा घर इनसे परेशान रहता है। पिता ने बताया कि बच्चों से मुझे और परिवार को खतरा बना रहता है। जिससे इन्हें ग्वालियर मानसिक अस्पताल में भर्ती कराया जाए।

### पटवारी की फर्जी सील-साइन से लोन हड़पा

मोनू चौकसे पिता एनपी चौकसे निवासी छत्रसाल नगर ने शिकायत में बताया कि रामनारायण चौकसे निवासी नरेला शंकरी ने गोविंदपुरा पटवारी सुरेंद्र यादव की फर्जी सील और साइन से बैंक से लोन निकाला है। मोनू ने बताया कि इस संबंध में तहसीलदार सौरभ वर्मा को भी शिकायत की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई है। मोनू ने बताया कि चौकसे ने दो साल पहले एयू बैंक से फर्जी नक्शा बनाकर करीब 17 लाख रुपए का लोन निकाला है।

रकम गिन रहे तीन युवकों को हिरासत में लेकर की जा रही पूछताछ

# एमपी नगर जोन-2 मीरा कॉम्प्लेक्स के फ्लैट से 61 लाख नगद बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*मारपीट के आरोपियों की तलाश में पहुंची पुलिस को मिली बड़ी रकम*

*पुलिस हवाला एंगल से कर रही जांच, इनकम टैक्स विभाग को दी सूचना*

राजधानी में मारपीट के आरोपियों की तलाश के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। एमपी नगर थाना पुलिस ने जोन-2 स्थित मीरा कॉम्प्लेक्स के एक फ्लैट से 61 लाख रुपए नगद बरामद किए हैं। रकम गिनते हुए मिले तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस को प्रारंभिक तौर पर हवाला लेनदेन की आशंका है। इधर, पुलिस ने इनकम टैक्स को सूचना दी है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार रात राजधानी के एमपी नगर जोन-2 स्थित कैफे में छात्रों और कर्मचारियों के बीच विवाद के बाद जमकर मारपीट की घटना सामने आई थी। आरोप है कि कैफे के एक कर्मचारी पर पत्थर से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया गया था। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। आरोपियों की तलाश के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी मीरा कॉम्प्लेक्स के एक फ्लैट में छिपे हो सकते हैं। सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची और फ्लैट का गेट खटखटाया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर पुलिस ने सख्ती बरतते हुए चेतावनी दी कि गेट नहीं खोला गया तो तोड़कर अंदर प्रवेश किया जाएगा। इसके बाद अंदर मौजूद युवकों ने दरवाजा खोला।

**आगे की जांच आयकर विभाग की टीम करेगी**

अंदर का नजारा देखकर पुलिस भी चौंक गई। कमरे में बड़ी मात्रा में नगदी रखी थी और तीन युवक उसे गिन रहे थे। तलाशी लेने पर कुल 61 लाख रुपए बरामद किए गए। जब रकम के स्रोत के बारे में पूछा गया तो युवक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसी आधार पर पुलिस को हवाला लेनदेन की आशंका हुई। तीनों युवकों को देर रात थाने लाकर पूछताछ शुरू की गई। मामले की सूचना आयकर विभाग को भी दे दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आगे की जांच आयकर विभाग की टीम करेगी और रकम के स्रोत की विस्तृत पड़ताल की जाएगी। फिलहाल पुलिस यह भी जांच कर रही है कि जब्त की गई रकम का संबंध कैफे में हुई मारपीट की घटना से है या नहीं। मामले में कई एंगल से जांच जारी है।

### खंडहर में चल रहा था सट्टे का कारोबार, पुलिस ने छापा मारकर 7 लोगों को किया गिरफ्तार, 53 हजार जब्त

बागसेवनिया थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुखबिर की सूचना पर यूआरसी प्लॉट के सामने अमराई स्थित एक खंडहर में चल रहे सट्टे के कारोबार के अड्डे पर दबिश देकर पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से सट्टा पर्चियां, लेखा-जोखा सामग्री और कुल 53,500 नगद जब्त किए गए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर अवैध रूप से सट्टा संचालित किया जा रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर खंडहर की घेराबंदी की। अंदर चार लोग पर्चियों पर सट्टे के अंक लिखते हुए पाए गए, जबकि ऊपर तीन अन्य व्यक्ति सट्टा पर्चियों का लेखा तैयार कर रहे थे। सभी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से विभिन्न अंकों और रकम का उल्लेख करती सट्टा पर्चियां, लीड पेन तथा कुल 53,500 नगद जब्त किए। प्रारंभिक जांच में लाखों रुपए के सट्टे के लेन-देन के संकेत मिले हैं। जब्त सामग्री के आधार पर थाना बागसेवनिया में सट्टा एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।


आरोपी सट्टा लिखते हुए।

# पुलिस ने 12 घंटे में ही पकड़ा चोर 4.5 लाख रुपए का माल बरामद

### करोंद की राजीव कॉलोनी के सूने मकान में आरोपी ने की थी वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के निशातपुरा थाना पुलिस ने चोरी की वारदात का महज 12 घंटे में खुलासा कर त्वरित कार्रवाई का उदाहरण पेश किया है। पुलिस ने करीब 20 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपी को गिरफ्तार किया और चोरी गया पूरा माल बरामद कर लिया।

जानकारी के अनुसार राजीव कॉलोनी, करोंद निवासी फरियादी साजिद खान के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात आरोपी ने अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए थे। घटना के समय फरियादी एक पारिवारिक कार्यक्रम में गए हुए थे। घर लौटने पर चोरी का पता चला, जिसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।

शिकायत मिलते ही थाना प्रभारी मनोज पटवा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे करीब 20 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध की पहचान की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 26 वर्षीय आरोपी आमिर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने का हार, अंगूठी, कान की बालियां, चांदी की पायल व चेन सहित चोरी गया पूरा सामान बरामद कर लिया है। बरामद संपत्ति की कुल कीमत 4.5 लाख रुपए है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह भी जांच की जा रही है कि वह पहले भी किसी वारदात में शामिल रहा है या नहीं।

### दिव्यांग यात्रियों के हित में भोपाल रेल मंडल का प्रयास

**भोपाल।** दिव्यांग यात्रियों की सुविधा और यात्रा को आसान बनाने के लिए भोपाल रेल मंडल लगातार प्रयासरत है। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में इस वर्ष 2026 से अबतक डेढ़ माह में कुल 155 रेलवे दिव्यांग जारी किये गये। रियायत कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा है जिससे दिव्यांगों को अनावश्यक परेशानी का सामना ना करना पड़े। दिव्यांग अभी भी जानकारी के अभाव में इस ऑनलाइन आवेदन सुविधा का पूरी तरीके से लाभ नहीं ले पा रहे है। साथ ही निर्धारित प्रकिया के अनुरूप ऑनलाइन आवेदन न करने, गलत आवेदन, अपूर्ण आवेदन, सही दस्तावेज को संलग्न न करने के कारण ऑनलाइन आवेदन अस्वीकृत होते है। दिव्यांग आवेदक को ऑनलाइन फॉर्म भरते अथवा जानकर सहयोगी से भराते समय सही जानकारी दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

### शहर में फिर बढ़ी चेन स्नैचिंग बुजुर्ग महिला को बनाया निशाना

**भोपाल।** राजधानी में एक बार फिर चेन स्नैचिंग की घटना सामने आई है। कमला नगर थाना क्षेत्र के कोटरा बाजार में 63 वर्षीय बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन झपट ली गई। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस के मुताबिक कोटरा निवासी मोहिनी यादव (63), पति स्वर्गीय चंद्रशेखर यादव, कुछ दिन पहले कोटरा हाट बाजार में खरीदारी करने गई थीं। इसी दौरान भीड़भाड़ का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली। महिला को तत्काल घटना का आभास नहीं हुआ। घर पहुंचने के बाद जब उन्होंने देखा तो चेन गायब थी। इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। चोरी गई चेन की कीमत करीब 83 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश कर रही है।

### औबेदुल्लागंज की संस्था को हाईकोर्ट ने दिया 10 दिन में स्पष्टीकरण देने का नोटिस

**औबेदुल्लागंज।** सहायक पंजीयक, फर्म्स एवं संस्थाएं भोपाल-नर्मदापुरम संभाग द्वारा औबेदुल्लागंज स्थित मानस कल्याण समिति को उच्च न्यायालय जबलपुर के प्रकरण क्रमांक डब्ल्यूपी क्रमांक 2640/2026 विनोद इरपाचे वस दा स्टेट ऑफ मध्य प्रदेश एंड ओठेर्स के संबंध में नोटिस जारी किया गया है। यह कार्रवाई औबेदुल्लागंज निवासी विनोद इरपाचे द्वारा 3 फरवरी 2026 को प्रस्तुत पत्र के संदर्भ में की गई है। जारी पत्र के अनुसार उच्च न्यायालय द्वारा 29 जनवरी को पारित आदेश की प्रति संलग्न करते हुए निर्देश दिए गए हैं कि याचिका में उल्लेखित बिंदुओं के संबंध में 10 दिवस के भीतर स्पष्ट एवं प्रमाणित स्थिति प्रस्तुत की जाए। पत्र में यह भी उल्लेख है कि न्यायालयीन प्रकरण का निराकरण 90 दिनों में किया जाना है। निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सहायक पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त सूचना की प्रति संबंधित पक्ष को दे दी गई है।



पीक आवर्स में उद्योगपति, कर्मचारी, विद्यार्थी, आमजन रोजाना होते हैं शिकार

# मंडीदीप में शाम होते ही भारी जाम में फंस जाते हैं 2000 से अधिक वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप में जाम लगना अब आम हो चुका है। शहर से गुजरने वाला हाईवे आए दिन जाम के आगोश में आ जाता है। यह से गुजरने वाले हजारों वाहन चालक मंडीदीप, सतलपुर एवं मंगल बाजार से गुजरने के लिए बचते हैं, परंतु मजबूरी में लोग यहां से निकलते हैं। शहर में आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। इसकी सुध लेने के लिए न तो यातायात विभाग के कर्मचारी, न तो पुलिस और न ही जिम्मेदार विभागीय अधिकारी हैं, जो यातायात को सुचारू रूप से चालू करने के लिए मैदान में हो। एमपीआरडीसी के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा सर्विस रोड के चौड़ीकरण के लिए कोई कार्ययोजना नहीं है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है। यहां 2000 से अधिक वाहन चालक रोजाना घंटों परेशान होते हैं।


सतलापुर ब्रिज के नीचे लगी वाहनों की लंबी कतार। निकलने के लिए परेशान होते लोग।

#### शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे लगता है भारी जाम

*मंडीदीप में सबसे ज्यादा जाम की स्थिति शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक बनती है। कारण ये है कि यह इस समय उद्योगों के कर्मचारी और मजदूर वर्ग के लोग भोपाल के लिए जाते हैं और बड़े-बड़े वाहन यहां से गुजरते हैं, जिसमें लगभग दो हजार से अधिक वाहन घंटों जाम में फंसे रहते हैं।*

#### जरूरी सेवाओं के वाहन को भी नहीं मिलती जगह

मंडीदीप में रोजाना लग रहे भारी जाम में आमजन के अलावा जरूरी सेवाओं जैसे एंबुलेंस, पुलिस फायर ब्रिगेड, मरीज समेत कई महत्वपूर्ण सेवाओं के वाहन भी जाम में फंसे रहते हैं। उन्हें भी निकलने के लिए रास्ता नहीं मिलता है।

#### मुस्तैद रहती है पुलिस

पुलिस का पूरा अमला जाम हटाने में लगा रहता है। बड़े वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनती है। शाम के समय ट्रैफिक दबाव ज्यादा होता है। पुलिस पूरी तरह से जाम से निजात के लिए मुस्तैद रहती है।

**रंजीत सराठे,** थाना प्रभारी,मंडीदीप।

### कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति






**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक मेघराज चौहान ने कांग्रेस सेवा दल के ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की। औबेदुल्लागंज कांग्रेस कार्यालय में लोगों को नियुक्ति पत्र दिए। जमुना राजपूत ब्लॉक कांग्रेस सेवा दल का अध्यक्ष औबेदुल्लागंज, मोहम्मद खालिद खान बरेली, ब्लॉक अध्यक्ष सेवादल दौलत सिंह चौहान ब्लॉक बाडी अध्यक्ष, सेवादल संतोष सरयम सुल्तानपुर को नियुक्ति पत्र दिए। इन लोगों के ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक देवेंद्र सिंह पटेल, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक ठाकुर देवेंद्र सिंह गडरवास ने सभी को बधाई दी और कहा गांव-गांव तक कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाना है।

मंडीदीप में पानी की किल्लत, रोजाना रहवासी कर रहे प्रदर्शन

# नगर के दो लाख से अधिक आबादी की प्यास बुझाने नपा ने पानी की तरह बहाया पैसा, फिर भी बूंद-बूंद को तरसती जनता

नीतेश पटेल ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप नगर पालिका में फिलहाल कुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा है, आए दिन अलग-अलग वार्डों से नपा अध्यक्ष और प्रशासन पर आरोप प्रत्यारोप लग रहें। लोग सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर नारे लगा रहे हैं, लेकिन नपा के जनप्रतिनिधि के कान में जूं तक नहीं रेंग रहे हैं। मंडीदीप में निवासरत दो लाख से अधिक जनता को गर्मी शुरू होने से पहले ही पानी किल्लत से जूझना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार ने नपा के लिए कई योजनाएं बनाई बनाई और पानी की तरह पैसा बहाया, पर नगर की जनता आज भी पानी के लिए तरस रही है। नपा में सबसे पहले नर्मदा जल के लिए एक वॉल्व का प्रस्ताव रखा था, परंतु नगर निगम भोपाल के द्वारा स्वीकृति न मिलने से ये योजना अधर में अटक गई।


पानी की किल्लत से परेशान होते रहवासी।

**कौन-कौन सी योजना जल के लिए बनी**

#### 9 करोड़ की योजना में लगा अड़ंगा

नपा में 2013 में जहां प्रदेश सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना के लिए नौ करोड़ का बजट स्वीकृत किया, परंतु ये योजना इस लिए असफल रही कि जहां से पानी लाया जाना था, नगर के लिए वहां तकनीकी कारणों का हवाला देकर इस प्रोजेक्ट में भी पलीता लग गया।

#### मुख्यमंत्री पेयजल योजना

दूसरी योजना नगर की जनता की प्यास बुझाने के लिए मुख्यमंत्री पेयजल योजना 2015 में 16 करोड़ का खाका तैयार किया गया, जिसमें दाहोद से पानी की आपूर्ति नगर में करना था। इस योजना का काम भी जोर-शोर से शुरू हुआ। पाइप बिछाने का भी काम शुरू हुआ, लेकिन नगर की जनता के घरों में पानी पहुंचने से पहले ही कमीशन की भेंट चढ़ गई और नया काम शुरू होने से पहले ही पुराने काम की सामग्री को रफा दफा कर दिया गया।

#### अमृत 2 का काम चल रहा है

मंडीदीप में पहले की योजना का क्या हुआ, फिलहाल इसकी जानकारी मुझे नहीं है। वर्तमान में अमृत 2 का काम चल रहा है, जिसका चालीस प्रतिशत काम भी पूर्ण हो चुका है। काम पूर्ण होने के बाद जल्द ही नगर के लोगों को जल संकट से निजात मिल सकेगी।

**प्रशांत जैन**
सीएमओ, नपा मंडीदीप

### भोपाल में बीच सड़क हंगामाः नशे में धुत पति ने पत्नी-बच्ची से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में सोमवार को बीच सड़क पति-पत्नी के विवाद ने हंगामे का रूप ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नशे में धुत युवक ने अपनी पत्नी और मासूम बच्ची के साथ मारपीट की, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार आरोपी युवक बबलू पंडा शराब के नशे में था। किसी पारिवारिक बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते सड़क पर ही मारपीट में बदल गई। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि युवक ने गुस्से में पत्नी के साथ धक्का-मुक्की की और बच्ची को भी नहीं बख्शा।

घटना के दौरान राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। कुछ लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक विवाद का बताया जा रहा है। हालांकि मारपीट और महिला व बच्ची के साथ दुर्व्यवहार को लेकर सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही है। पीड़िता की ओर से शिकायत दर्ज कराए जाने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिला और बच्ची की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। मेडिकल परीक्षण और कानूनी कार्रवाई के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

लड्डूओं का भोग लगा, भजन-कीर्तन के बाद हुई महाआरती, दान-पुण्य के साथ ही पितरों को किया याद

# भौमवती अमावस्या पर हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, किए अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फाल्गुन माह की अमावस्या मंगलवार को भौमवती अमावस्या के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। देर रात मंत्रों के जाप से मंदिर परिसर गूंजते रहे। राजधानी के प्रमुख हनुमान मंदिरों में भक्तों ने विशेष पूजा कर सुख-शांति व समृद्धि की मंगल कामना की। अमावस्या तिथि के दिन मंगलवार का योग होने से इस योग को भौमवती अमावस्या कहते हैं। तो वहीं अमावस्या के चलते कई लोगों ने शीतलदास की बगिया, खटलापुरा तो वहीं कई लोग नर्मदा नदी में स्नान करने पहुंचे। इस दौरान दान-पुण्य के साथ ही धूप-ध्यान और तर्पण किया। तो वहीं श्रद्धालुओं ने अंगारक दोष, मांगलिक दोष और पितृ दोष निवारण के लिए मंदिरों में पूजा अर्चना की। इस मौके पर शहर के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

कुछ साधकों ने हनुमान जी को चोला चढवाया। श्रद्धालुओं ने कई जगह सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया। मंदिरों में भक्तों ने लड्डूओं का भोग लगाया गया, तो वहीं दिनभर भजन-कीर्तन के दौर चलते रहे। रात में महाआरती की गई, भौमवती अमावस्या पर भक्तों ने हनुमानजी को सिंदूर अर्पित किया। मंगल स्तोत्र का पाठ किया।

## श्रीजी मंदिर में फूलों की होली खेली

राजधानी के 252 साल पुराने श्रीजी मंदिर में होलिकोत्सव प्रारंभ हो गया। इसी के तहत मंगलवार को वैष्णवजनों ने प्रभु श्रीनाथ जी को सफेद वस्त्र धारण कराए और मोर पंखों की चंद्रिका से श्रृंगार किया। मंदिर के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि होली का आनंद और रंग बढ़ता जा रहा है मंदिर में फूलों की होली प्रारंभ हो गई है प्रभु श्रीनाथजी को सफेद वस्त्र के साथ सिर पर मोर पंख एवं सोने के आभूषण श्रृंगार किया गया। श्री यमुना जी को विराजमान कर होली खिलाई गई। सभी वैष्णव जनों ने फूल एवं गुलाल से होली खेली एवं नित्य किया।


श्रीजी मंदिर में मौजूद भक्त।

मोती मस्जिद में होगी रुहाते हिलाल कमेटी की बैठक, रमजान उल मुबारक का आगाज

# बोहरा समाज के रोजे शुरू, मुस्लिम समाज आज देखेगा चांद

इधर सुन्नी समाज के रोजे आज से शुरू होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी में रमजान उल मुबारक का आगाज हो गया है। बोहरा दाऊदी समाज के रोजे मंगलवार से शुरू हो गए हैं। वहीं सुन्नी समाज के रोजे गुरुवार से शुरू होने की उम्मीद है। बुधवार को मगरिब की नमाज के बाद चांद देखने के लिए रुहते हिलाल कमेटी की बैठक मोती मस्जिद में रखी गई है।

चांद दिखने की तस्दीक के बाद शहरकाजी मुश्ताक अली नदवी रमजान का ऐलान करेंगे। चांद दिखने के बाद गुरुवार से रोजों की शुरूआत होगी और बुधवार रात से शहर की मस्जिदों में तरावीह की विशेष नमाज अदा की जाएगी। रमजान को लेकर शहर की तमाम मस्जिदों में साफ-सफाई, रोशनी और अन्य व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। शहरकाजी का कहना है कि बैठक में कमेटी के सदस्य और उलमा शिरकत करेंगे।

### तुर्जुमे वाली मस्जिद में तरावीह के साथ तफ्सीर

इस बार भी तर्जुमे वाली मस्जिद में पांच दिन में हाफिज अब्दुल अजीज कुरआन की तकमील कराएंगे। तरावीह के साथ कुरआन की तफ्सीर भी की जाएगी। इधर शहर की अधिकतर मस्जिदों में 21 और 27 दिन में कुरआन की तकमील की जाएगी। करोंद राजीव कॉलोनी स्थित मस्जिद मुनव्वर में हाफिज मोहम्मद साजिद 15 दिन में कुरआन की तकमील कराएंगे।

यातायात जागरुकता कार्यशाला आयोजित

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जनजागरुकता जरूरी


यातायात जागरुकता कार्यशाला का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत में सर्वाधिक मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं के कारण होती है। इसका प्रमुख कारण यातायात नियमों की जानकारी का अभाव तथा उनका उल्लंघन है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जनजागरुकता अत्यंत आवश्यक है। यह बात बीएमएचआरसी में मंगलवार को सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरुकता विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए यातायात डीसीपी जितेंद्र सिंह पंवार ने कही।

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डीसीपी पंवार ने कहा कि यातायात पुलिस पिछले कई वर्षों से स्कूलों, कॉलेजों, कार्यालयों और अन्य संस्थानों में जागरुकता अभियान चला रही है, जिसका सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। बीते 15 वर्षों में शहर का यातायात लगभग दस गुना बढ़ गया है। जनसंख्या और वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है, जबकि सड़कों का विस्तार उसी अनुपात में नहीं हुआ है। ऐसे में यातायात प्रबंधन पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है, जिसमें नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

### तेज गति से वाहन चलाना दुर्घटनाओं का कारणः देवेंद्र सिंह यादव

एसीपी यातायात देवेंद्र सिंह यादव ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले लगभग 90 प्रतिशत लोगों की आयु 20 से 45 वर्ष के बीच होती है। खतरनाक ओवरटेकिंग और तेज गति से वाहन चलाना दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। वाहन चलाने से पूर्व टायरों की हवा और ब्रेक की स्थिति की जांच अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय अहंकार से बचना चाहिए और संयमित व्यवहार अपनाना चाहिए।

भोपाल में दर्ज किए गए दो नकल प्रकरण, प्रदेशभर में शामिल हुए 9 लाख से अधिक विद्यार्थी

एमपी बोर्ड दसवीं के अंग्रेजी के पेपर में बने 8 नकल प्रकरण

# सीबीएसई की परीक्षा का गणित से हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं जारी हैं। वहीं मंगलवार से अंग्रेजी के साथ कक्षा दसवीं की मुख्य परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। परीक्षा में शामिल होने के लिए पहले दिन विद्यार्थी परीक्षा केंद्रों पर करीब एक घंटे पहले पहुंचे। जिसके बाद कड़ी जांच के बाद कक्षाओं में प्रवेश दिया गया। वहीं शिक्षक और अभिभावक बच्चों का हौसला बढ़ाते नजर आए। परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी। इस दौरान प्रदेशभर में 8 नकल प्रकरण दर्ज किए गए हैं। वहीं राजधानी भोपाल में दो प्रकरण दर्ज किए गए है। हालांकि इससे पहले दसवीं कक्षा के दो पेपर हो चुके थे, लेकिन उनमें सभी छात्र शामिल नहीं थे।

पहला पेपर शुक्रवार को उर्दू का हुआ था। दूसरा पेपर शनिवार को राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क के विषयों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का हुआ था। संवेदनशील केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, कंट्रोल रूम मॉनिटरिंग और उड़नदस्तों की तैनाती के साथ सख्त सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। पेपर देकर केंद्रों से बाहर आए विद्यार्थियों ने पेपर सरल बताया। बता दें कि इस बार बोर्ड परीक्षा में दोनों कक्षाओं में प्रदेशभर के 16 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इसमें करीब 7 लाख विद्यार्थी 12वीं और 9 लाख 7 हजार विद्यार्थी कक्षा 10वीं के हैं, जिसके लिए पूरे प्रदेश में 3856 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।


रोल नंबर ढूंढते विद्यार्थी।

### इन जिलों में बने प्रकरण

प्रदेश के 5 जिलों से 8 नए नकल के प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसमें भिंड से 1, मुरैना से 3, शाजापुर से 1, भोपाल से 2 और सिवनी से 1 मामले दर्ज किए गए। यह सभी केस दसवीं की अंग्रेजी की परीक्षा से सामने आए। वहीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान एक भी नकल का प्रकरण सामने नहीं आया।

### सीबीएसई 10वीं मैथ्स के पेपर से हुई शुरूआत

इधर, मंगलवार से ही केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं की परीक्षाएं मैथ्स के पेपर के साथ शुरू हो गई हैं। पहला पेपर मैथ्स का था। सुबह 10:30 बजे से गणित का पेपर हुआ, हालांकि विद्यार्थी को 9:30 बजे ही केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए थे है। यहां जांच के बाद केंद्र में प्रवेश दिया गया । वहीं बारहवीं के जैव प्रौद्योगिकी, उद्यमशीलता, शार्टहैंड हिंदी-अंग्रेजी के पेपर हुए। दसवीं में भोपाल रीजन में लगभग 1.25 लाख छात्र परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। प्रदेश में 496 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 34 केंद्र भोपाल में हैं।


नकल पर्ची की तलाशी लेते एग्जामिनर।

शिकायत के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई

# शाहपुरा लेक के किनारे धंस रहे फुटपाथ, राहगीरों के लिए खतरा


शाहपुरा लेक के किनारे धंस रहे फुटपाथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के प्रमुख पर्यटन केंद्र और पार्क, शाहपुरा लेक के किनारे बने फुटपाथ कई जगहो पर धंस गए हैं। इससे सुबह-शाम टहलने आने वाले लोगों के लिए हादसे का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय से फुटपाथ की जमीन नीचे बैठ रही है और जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, लेकिन अब तक स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई है। सुबह की सैर पर आने वाले बुजुर्ग शंकर लाल ने बताया कि वे अपने नाती के साथ रोज टहलने आते हैं, लेकिन अब हर कदम संभलकर रखना पड़ता है। डर लगा रहता है कि कहीं पैर फिसल न जाए। वही नियमित रूप से टहलने वाले घनश्याम पाठक ने बताया कि इस संबंध में नगर निगम में शिकायत की जा चुकी है, पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### इंटरलॉकिंग टाइल्स उखड़ी, रेलिंग के पास धंसी मिट्टी

फुटपाथ पर कई जगह इंटरलॉकिंग टाइल्स उखड़ चुकी हैं। रेलिंग के पास की मिट्टी भी धंस गई है, जिससे फिसलन की स्थिति बन रही है। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाल के दिनों में नमी बढ़ने से मिट्टी और कमजोर हो गई है, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है, कुछ समय पहले ही यहां एक ट्रक और एक कार फस गई थी। जहां भूमि धंस रही है, वहां बड़ी संख्या में पेड़ भी लगे हैं। जमीन कमजोर होने से पेड़ों के गिरने की आशंका जताई जा रही है। पेड़ों की जड़ों को मजबूत करने और तत्काल तकनीकी निरीक्षण की आवश्यकता है।

खेलकूद सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास करने में सहायक

# एसपीएम कॉलेजः दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में मंगलवार से दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता अनुपम-25-26 की शुरुआत हुई। समारोह में मुख्य अतिथि महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अनूप सिंह बैस रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ कीर्ति जैन ने की। इस अवसर पर छात्र संघ प्रभारी एवं परामर्शदाता डॉ राजेश श्रीवास्तव द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गई। उनके द्वारा वार्षिकोत्सव के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। क्रीड़ा अधिकारी डॉ सतीश कुमार ने कहा कि खेलकूद सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास करने में सहायक है अतः विद्यार्थियों को खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का एक बहुत अच्छा अवसर प्राप्त होता है। संचालन डॉ एसके मल्होत्रा ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सुधांशुधर त्रिवेदी, डॉ आशा वर्मा, डॉ हर्षा जालोरी, डॉ वीपीएस गौर, डॉ हरनीत चीमा, डॉ ईला जैन, डॉ सुषमा जैन, डॉ एसएस यादव और डॉ नीतू प्रिया लचोरिया, डॉ उमाशंकर कुल्हारे सहित शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के साथ विद्यार्थी उपस्थित रहे।


प्रतियोगिता का शुभारंभ।

# होली पर आने-जाने वालों को अभी से ट्रेनों में मिल रही वेटिंग भोपाल मंडल से चलेंगी चार जोड़ी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अगर आप होली पर घर जाना चाहते हैं, तो भोपाल सहित मप्र के दूसरे जिलों से अन्य राज्यों में जाने वाली ट्रेनों वेटिंग चल रही है । तो वहीं भोपाल रेल मंडल की ओर से मात्र चार जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। ऐसे में यात्रियों को होली के पर्व पर घर आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### 1 से 6 मार्च तक लंबी वेटिंग

होली के त्योहार को लेकर 3 से 6 मार्च तक गोरखपुर, मुंबई, लखनऊ, जम्मू, बेंगलुरु, हैदराबाद आदि स्थानों से आने-जाने वाले लोगों को ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट मिलनी शुरू हो गई है। इन स्थानों के लिए जाने वाली ट्रेनों की तुलना में, होली से पहले की तारीखों में यहां आ रही मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों की स्लीपर श्रेणी में 50 से 70 तक और एसी-3 श्रेणी में 30 से 45 तक वेटिंग लिस्ट मिल रही है। हालांकि, पश्चिम-मध्य रेल जोन और भोपाल मंडल ने कुछ स्थानों के लिए स्पेशल ट्रेनों को चलाने की घोषणा कर दी है। इसमें जहां भोपाल रेल मंडल की ओर से मात्र चार जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेनें भी रीवा व दानापुर शहर के लिए ही चलेगी।

### होली पर भोपाल से चलेंगी ये स्पेशल ट्रेनें

**02192/02191 रीवा-रानी कमलपति-रीवा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन**

गाड़ी 02192 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी को रीवा से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 21:15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 02191 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी।

**02186/02185 रीवा-रानी कमलपति-रीवा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन**

02186 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 2 एवं 3 मार्च को रीवा से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 21:15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 02185 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 2 एवं 3 मार्च को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी।

**01704/01703 भोपाल-रीवा-भोपाल स्पेशल ट्रेन**

01704 भोपाल से रीवा स्पेशल ट्रेन 5 मार्च को भोपाल से सुबह 10:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 20:45 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01703 रीवा से भोपाल स्पेशल ट्रेन 5 मार्च को रीवा स्टेशन से रात 22:20 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 09:05 बजे भोपाल स्टेशन पहुंचेगी।

**01667/01668 रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन**

01667 रानी कमलापति से दानापुर स्पेशल ट्रेन 27 फरवरी एवं 2 मार्च को रानी कमलापति से दोपहर 14:25 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन दूसरे दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01668 दानापुर से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी एवं 3 मार्च को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 08:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा राजन की अध्यक्षता में हुई बैठक

विद्यार्थियों की आत्महत्या की रोकथाम के लिए उपायों पर चर्चा की

# विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण व उनके हितों को लेकर कोचिंग संस्थानों के लिए नए नियमों पर मंथन


बैठक का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा विभाग ने मंगलवार को राजधानी के सरोजनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय भोपाल में कोचिंग संस्थानों के नियमों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने की। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश एवं राष्ट्रीय कार्यबल के अनुक्रम में उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों की आत्महत्या की रोकथाम एवं मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के पैरा-37 के तहत कोचिंग सेंटरों के लिए नियम अधिसूचित किए जाने के संबंध में चर्चा की गई।

### समस्या समाधान के लिए प्राप्त कर सकते हैं मार्गदर्शन

उच्च शिक्षा आयुक्त प्रबल सिपाहा ने कहा कि विद्यार्थियों को यह जानकारी अवश्य होनी चाहिए कि उनके लिए ऐसे माध्यम उपलब्ध हैं, जहां वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सहायता और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। कहा कि समय पर उचित सहयोग और परामर्श मिलने से विद्यार्थियों को मानसिक दबाव से उबरने में सहायता मिलती है और सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। बैठक में एम्स के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तन्यम जोशी ने प्रजेंटेशन के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी।

### प्रभावी नियम तैयार किए जाएं

अपर मुख्य सचिव राजन ने कहा कि विद्यार्थियों में बढ़ती मानसिक दबाव की स्थिति को गंभीरता से समझते हुए घटनाओं की प्रभावी रोकथाम आवश्यक है। कोचिंग संस्थानों को भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझनी चाहिए और विद्यार्थियों को सकारात्मक एवं सहयोगात्मक वातावरण उपलब्ध कराना चाहिए। कई बार विद्यार्थी जीवन की चुनौतियों और मानसिक समस्याओं का सामना नहीं कर पाते, जिसके कारण गंभीर परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं। साथ ही सुझाव प्राप्त किए गए।

एलन के रिद्धेश बेंडाले मध्यप्रदेश टॉपर

# एलन भोपाल के श्रेयांश जेना व खुशी महावर सिटी टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन जनवरी-2026 के परिणाम नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी कर दिए गए हैं।

परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट, भोपाल के स्टूडेंट्स ने पुनः श्रेष्ठता साबित की है। एलन भोपाल के एकेडमिक हेड ऋषिकेश शर्मा ने बताया कि अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार एलन के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के स्टूडेंट रिद्धेश बेंडाले 99.9992186 पर्सेंटाइल के साथ स्टेट टॉपर रहे। जबकि वहीं श्रेयांश जेना 99.9099606 पर्सेंटाइल के साथ ब्वायज व खुशी महावर 99.2319791 पर्सेंटाइल के साथ गर्ल्स सिटी टॉपर्स में से एक रहीं। जबकि भविष्य आचार्य, ईशान मित्तल, वेदांत श्रीवास्तव, अथर्व देशमुख, नक्षत्र बोराडकर, मुकुल किरार, निखिल मौर्य, वरेणियम पाटले, प्रज्ञा सिंह, सारांश भूषण, ऋषि बरदाहे आदि ने 98 एवं इससे ज्यादा पर्सेन्टाइल हासिल किए हैं। परिणामों का संकलन अभी जारी है। इस मौके पर एलन के आईएसबीटी भोपाल स्थित संस्कार कैम्पस में स्टूडेंट्स और पेरेन्ट्स ने फैकल्टीज के साथ मिलकर रिजल्ट सेलीब्रेट किया। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि देशभर में 12 स्टूडेंट्स को ओवरआल 100 पर्सेन्टाइलर घोषित किया गया है।


उत्कृष्ट छात्र-छात्राएं।

भोजपुर मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय महादेव भोजपुर महोत्सव का समापन

# 'महादेव' महोत्सव में नजर आया काव्यधारा का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस दिल की धड़कन में हम दोनों की साझेदारी है, आधी सांस हमारी इसमें आधी सांस तुम्हारी है... प्रेम, संवेदना और आत्मीयता से परिपूर्ण इस कविता को जैसे ही प्रसिद्ध कवि अशोक चक्रधर ने मंच से प्रस्तुत किया। दर्शकों से खचाखच भरा महादेव परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मंगलवार को भोजपुर मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय महादेव भोजपुर महोत्सव के अंतिम दिन लोक गीत एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।



खिल भारतीय कवि सम्मेलन में उपस्थित कविगण।

## इन कविताओं से सजी काव्यधारा

आंधी हो तूफां हो चाहे भीषण सर्दी गर्मी हो..., सबने हिम्मत हारी, तुमने कभी न हिम्मत हारी है...., जन-जन का सम्मान, तुम्हारी वर्दी पर बलिहारी है... के माध्यम से सेना के प्रति सम्मान और उसके साहस को अभिव्यक्त किया।

### अशोक चक्रधर

वफ़ा ईमान की बातें किताबों में ही मिलती हैं,
भरोसा रोज मिलता है, भरोसा रोज डसता है और
खरगोशों के हाथ में डम्बल, पहली बार ही देखा है,
और दर्प का टूटा संबल, पहली बार ही देखा है...
रचना से समकालीन संवेदनाओं को स्वर दिया।

### प्रताप फौजदार

नए युग की कहानी का नया उल्लास लिखना है,
दिलों की धड़कनों पे प्यार का अहसास लिखना है,
बदलते वक्त की आहट सुनी तो सांस यूं बोली, हमें
भारत की धरती पर सुखद मधुमास लिखना है।
रचना से राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया।

*किसी की याद की ख़ुशबू में भीगे केश लाई हूं, दिलों को जोड़ने वाले अमिट उपदेश लाई हूं, मैं हूं पूनम जिसे सागर भी प्यार करते हैं, जान मुझ पर निसार बार-बार करते हैं जो शिकवे हैं शिकायत हैं सभी दिल से निकल जाएं, हुई है भूल गर कोई चलो फिर से संभल जाएं...*

**पूनम वर्मा**

*आखिर भाग्य नहीं माना तो वो देवों से रूठ गया, इक प्रेमी मन था प्रियतम से जो गलती से टूट गया, सकल संसार का विस्तार से नक्शा बना कर के, हमारी कल्पनाओं से बहुत अच्छा बना कर के, जो तुमको वरदान लगे हैं, वो मुझ पर अभिशाप रहें हैं, हमसे पूछो इक जीवन में, कितने पश्चाताप रहे हैं*

**मनु वैशाली**

## भोला हो के तैयार करके सोलह श्रृंगार...


लोकगीतों की प्रस्तुति देते बलराम पुरोहित।

अंतिम दिवस की पहली प्रस्तुति बलराम पुरोहित ने हम जाने कछु नोने से हुईयै राजा हिमांचल के दामाद, भोला हो कै तैयार करके सोलह श्रृंगार, शिव कैलाश पति के, बनवा बनवी महादेव जी, राजा भोज के भोज नगर में बैठे भोलानाथ तथा सिर बांधे मुकुट खेले होरी जैसे लोकगीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी।

## खबर संक्षेप

### सप्रे संग्रहालय में 'गुरु' को दी गई श्रद्धांजलि



**भोपाल।** मप्र गठन के साथ प्रदेश के इतिहास को संजोने और उसे व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने में शंभु दयाल गुरु ने प्रमुख भूमिका निभाई। इस दृष्टि से देखा जाए तो वह केवल एक इतिहासकार ही नहीं,बल्कि प्रदेश के अनेक लोगों को इतिहास बोध की समझ देने वाले मार्गदर्शक भी रहे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए उक्त उद्गार डॉ. सुशील त्रिवेदी ने व्यक्त किए। इतिहासकार कीर्तिशेष शंभुदयाल गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए माधवराव सप्रे संग्रहालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। वहीं सप्रे संग्रहालय के संस्थापक विजयदत्त श्रीधर ने कहा कि संग्रहालय की स्थापना में जिन लोगों का संबल रहा है,उनमें शंभु दयाल गुरु अग्रगण्य थे। उनका बहुमूल्य मार्गदर्शन और प्रोत्साहन संग्रहालय को निरंतर मिलता रहा। गुरु के अवसान से जो रिक्तता आई है, उसकी पूर्ति किया जाना संभव नहीं है।

### 'नव प्रयास : यादें धर्मेंद्र' 22 को रवींद्र भवन में

**भोपाल।** सिने जगत के सार्वकालिक सदाबहार और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता स्वर्गीय धर्मेंद्र की यादों को ताजा करने के लिए भोपाल की नव प्रयास, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास समिति 22 फरवरी को रविन्द्र भवन में यादें धर्मेंद्र नाम से संगीत से सजी शाम का आयोजन करने जा रही है। इस आयोजन में पार्श्व गायिका राजेश्वरी पवार मुंबई से खास पेशकश देने भोपाल आ रही हैं।

मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'अभिरंगना' का आयोजन

# मदीहा बनी मिस अभिरंगना एवं मिस्टर अभिरंग बने निखिल पाराशर...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसी ने बिरसा मुंडा के रूप में जनजातीय गौरव की गाथा कही, तो किसी ने भगतसिंह की वेशभूषा में देशभक्ति का संदेश दिया। यही नहीं, किन्नर के रूप में मंच पर प्रस्तुति देकर उनके अधिकारों के संरक्षण की गाथा कहती पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता 'पुराण से विज्ञान तक' का आयोजन किया गया मंगलवार को मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'अभिरंगना' में। इस प्रतियोगिता में रानी पद्मावति से लेकर दुर्गावति की महान गाथा को भी छात्राओं ने बड़े ही अनोखे अंदाज में प्रस्तुत किया, तो वहीं भील और गोंड जनजातीय वेशभूषा के प्रदर्शन से छात्रों ने जनजातीय इतिहास की ओर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। 'अभिरंगना' की सभी प्रस्तुतियों में छात्र छात्राओं ने दर्शकों का दिल जीत लिया।






### भरतनाट्यम की प्रस्तुति रही खास

*एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां से सजे वार्षिक स्नेह सम्मेलन में रंगोली प्रतियोगिता, पारंपरिक वेशभूषा के साथ साथ नृत्य प्रतियोगिता भी खास रहीं, जिसमें कृष्णा मिश्रा ने अतिथियों के सम्मुख अत्यंत सुंदर भरतनाट्यम प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बंटोरीं। कार्यक्रम में मिस अभिरंगना के रूप में मदीहा एवं मिस्टर अभिरंग के रूप में निखिल पाराशर सिलेक्ट हुए। एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियों से सजे इस वार्षिक स्नेह सम्मेलन में बड़ी संख्या में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चेतन सिंह सुखाड़िया, मप्र अभाविप क्षेत्रीय संगठन मंत्री एवं डॉ. मथुरा प्रसाद अतिरिक्त संचालक भोपाल उपस्थित रहे।*

*भोजपुर महोत्सव में कवि सम्मेलन में प्रस्तुति देने आए प्रसिद्ध हास्य कवि प्रताप फौजदार ने हरिभूमि को बताए अनुभव*

# हद तो तब होती है जब हजारों के टिकट खरीदकर गालियां सुनने जाते हैं 'श्रोता'....

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




आजकल स्टैंड-अप कॉमेडी के नाम पर फूहड़ता का जो दौर चल रहा है, उसमें कॉमेडियन के साथ-साथ श्रोता भी दोषी हैं, जो हजारों के टिकट खरीदकर गालियां सुनने जाते हैं, ऐसी कॉमेडी को तो आप अपने परिवार तो क्या सगे भाई के साथ बैठकर नहीं सुन सकते और हद तो तब हो जाती है जब यही कॉमेडियन अपने ही देश का मजाक विदेशों में उड़ाते हैं। इन्हें तो मैं देश द्रोही कहता हूं। यह कहना है हास्य कलाकार, कवि और इंजीनियर प्रताप फौजदार का जो भोजपुर महोत्सव में प्रस्तुति देने आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अनुभवों को साझा किया।

### कवि बनने से पहले डिफेंस में ऑटोमोबाइल इंजीनियर था

उन्होंने कहा कि यदि मैं हास्य कवि नहीं होता तो ऑटोमोबाइल इंजीनियर होता। वैसे तो अभी भी मेरी ऑटोमोबाइल कॉम्पोनेंट्स की एक कंपनी है, लेकिन कवि बनने से पहले मैं डिफेंस विभाग की वर्कशाप में ऑटोमोबाइल इंजीनियर के रूप में काम करता था और लगभग 5 साल मैंने काम किया, लेकिन मुझ पर वाहे गुरु जी की मेहर रही कि वो मेरी दिशा बनाते गए और मैं उस पर चलता गया और आज एक कवि के रूप में नाम कमा रहा हूं।

### द ग्रेट इंडियन लॉफ्टर चैलेंज से मिला राष्ट्रीय स्तर का एक्सपोजर

उन्होंने बताया कि मुझे किताबें लिखने का शौक था वो भी ऐतिहासिक और इसी से मुझे कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करने का मौका मिला, जिसे देख लगा कि मैं भी कविता कह सकता हूं, बस कविता कहना शुरू की। किसी ने मेरी सीडी बनाकर द ग्रेट इंडियन लॉफ्टर चैलेंज में भेज दी, वहां से बुलावा आया और बस मुझे राष्ट्रीय स्तर का एक्सपोजर मिल गया। इसके बाद सोनी टीवी के कॉमेडी सर्कस और इंडिया टीवी के जस्ट लाफ बाकी माफ सहित विभिन्न कॉमेडी शो में भाग लिया।

### मुशायरा का जो ट्रेंड भोपाल में, ऐसा कहीं नहीं है

भोपाल में कई बार कविता पाठ कर चुके कवि प्रताप फौजदार ने कहा कि भोपाल की खासियत है कि हिंदी का कवि सम्मेलन हो या मुशायरा, यहां हमें श्रोताओं का रिस्पांस अच्छा मिलता है। मुशायरा का जो ट्रेंड भोपाल में है ऐसा कहीं नहीं है।

मुक्ता सिनेप्लेक्स में विशेष स्क्रीनिंग, सामाजिक सरोकारों पर हुई गंभीर चर्चा

# भारतीय परिवेश की आत्मीय झलक प्रस्तुत करते हैं गोदान की पटकथा और संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय सिनेमा के वर्तमान दौर में, जहां मनोरंजन-केंद्रित कथानकों का वर्चस्व दिखाई देता है, वहीं फिल्म गोदान सामाजिक और सांस्कृतिक विमर्श को केंद्र में रखकर एक संवेदनशील हस्तक्षेप के रूप में सामने आई है।

पीपुल्स मॉल स्थित मुक्ता सिनेप्लेक्स में आयोजित फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग के दौरान दर्शकों, प्रबुद्धजनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसे एक विचारोत्तेजक और सार्थक पहल बताया। गोरक्षा और गोसंवर्धन की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म केवल एक कथा नहीं कहती, बल्कि भारतीय जीवन-दृष्टि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पारंपरिक मूल्यों के बहुआयामी संबंधों को उभारने का प्रयास करती है। फिल्म की प्रस्तुति में भावनात्मकता के साथ सांस्कृतिक चेतना का स्वर स्पष्ट रूप से उभरता है। इसकी पटकथा और संवाद भारतीय परिवेश की आत्मीय झलक प्रस्तुत करते हैं, जो दर्शकों को अपनी जड़ों से जुड़ने का स्वाभाविक आग्रह करते हैं।

### सिनेमा कहानी कहने का प्रभावी माध्यम

इस अवसर पर उपस्थित डॉ. मनमोहन वैद्य ने फिल्म की सराहना करते हुए कहा कि सिनेमा विचार और कहानी कहने का अत्यंत प्रभावी माध्यम है और गोदान ने इस शक्ति का उपयोग सामाजिक संदेश के लिए किया है। मध्यभारत प्रांत के संघचालक अशोक पांडे ने फिल्म को 'हृदय को स्पर्श करने वाली प्रस्तुति' बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि जीवन में सब कुछ पैसा नहीं होता।

# स्पिक मैके ने सेवन हिल्स स्कूल में डॉ. मन्नू यादव एवं दल का विरहा गायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक गायन शैली विरहा का प्रारंभ द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण के विरह में पीड़ित गोपियों ने किया था। यह गायन शैली अपने में सांस्कृतिक विरासत और विविधता की प्राचीन परंपरा को सहेजे हुए है, जिसमें समसामयिक, पारंपरिक, प्राचीन महाकाव्यों, रामायण, महाभारत और पौराणिक कथाओं का समावेश है। इसके गायन में जीवन के सभी संस्कार जैसे जन्म, विवाह और मृत्यु सभी गाए जाते हैं। विरहा के बारे में में यह जानकारी श्रोताओं को गणेश हरनन्दन रामधारी अखाड़ा परंपरा के लोक गायक डॉ. मन्नू यादव ने दी। डॉ. यादव का दल भारत के बाहर अमेरिका, मॉरीशस, फिजी, दुबई, भूटान आदि देशों में गायन कर चुका है। डॉ. मन्नू यादव


विरहा लोक गायन शैली में गायन की प्रस्तुति देते हुए।

के छः सदस्यीय दल ने मंगलवार को स्पिक मैके द्वारा सेवन हिल्स स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विरहा लोक गायन शैली में अपनी प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने अपने गायन प्रस्तुति की शुरुआत सरस्वती आराधना से की, इसके बाद गुलजार मधुर रागन में लालिमा..., रसना गहन छंद में कंक ईहां काखाई गागागाई.... पद प्रस्तुत किए। इसके बाद रामायण से लिए शबरी प्रसंग का गायन सामूहिक रूप से किया।

जेईई मेंस के सिटी टॉपर तनिष्क बोले...

# रोज 10 से 12 घंटे लगातार की पढ़ाई पैरेंट्स सपोर्ट से मैंने पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा 16 फरवरी को जारी परिणामों के अनुसार, जेईई मेन 2026 में आकाश इंस्टीट्यूट, भोपाल के 11 छात्रों ने 98 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन दिया। जेईई मेन 2026 में, आकाश इंस्टीट्यूट भोपाल शाखा के तनिष्क सिंघल ने 99.925 परसेंटाइल प्राप्त कर भोपाल सिटी रैंक 1 हासिल की। वहीं, आकाश इंस्टीटयूट के ही अर्श गिरी ने 99.56 परसेंटाइल हासिल किया।

इस अवसर पर डॉ. एच.आर. राव, चीफ ऑफ एकेडेमिक्स एवं बिजनेस हेड, आकाश



एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने कहा, भोपाल के छात्रों का उत्कृष्ट परिणाम उनके समर्पण और आकाश के मजबूत शैक्षणिक तंत्र का प्रमाण है। हमें उनकी मेहनत पर गर्व है और हम उन्हें दिल से बधाई देते हैं। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

### केमिस्ट्री मेरा टफेस्ट सब्जेक्ट रहा, उस पर किया ज्यादा फोकस



99.925 परसेंटाइल लाने वाले तनिष्क सिंगल ने कहा कि मैंने 8वीं क्लास से ही आकाश इंस्टीट्यूट ज्वाइन कर लिया था और 11वीं से जेईई की प्रिपरेशन स्टार्ट कर दी थी, क्योंकि मुझे आईआईटियन ही बनना था तो इसी में मैंने अपनी पूरी जान लगा दी और पहले ही अटेम्प्ट में मेरा जेईई मेन क्लियर हो गया। मैं करीब 10-12 घंटे रोजाना पढ़ाई की, केमिस्ट्री मेरा टफेस्ट सब्जेक्ट रहा तो केमिस्ट्री पर ज्यादा फोकस किया। मेरी सफलता में मेरे पेरेंट्स का बहुत योगदान है। एसपीएस गांधीनगर के स्टूडेंट तनिष्क ने कहा कि आगे चलकर में कंप्यूटर साइंस ब्रांच लेना चाहता हूं।

### पढ़ाई के अलावा जिमिंग की, दोस्तों के साथ टाइम स्पैंड किया

ही 99.56 परसेंटाइल लाने वाले अर्श गिरी ने कहा कि मैं रोजाना 12 से 13 घंटे तक पढ़ाई करता रहा, कभी भी मुझे पढ़ाई बोरिंग नहीं लगी, मैं हमेशा ही चैप्टर डिसाइड करता और उसी के अकार्डिंग उनहें पूरा करता। उन्होंने बताया कि मेरे पापा नेवी से रिटायर हैं और अब बैंक ऑफ बड़ौदा में जॉब करते हैं तो वही मम्मी गवर्नमेंट टीचर हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के अलावा मुझे जिमिंग करने का शौक है और स्पोर्टस का। साथ ही दोस्तों के साथ समय बिताना भी मुझे बेहद पसंद है।



44वें वर्षगांठ समारोह के तहत बाल रामायण की प्रस्तुति

# भारत भवन में बाल कलाकारों ने रामकथा की स्वर-लहरियों से किया मुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बहुकला केन्द्र भारत भवन का अंतरंग सभागार मंगलवार शाम आध्यात्मिक आलोक और सांगीतिक रसधारा से सराबोर हो उठा। अवसर था 44वें वर्षगांठ समारोह के अंतर्गत प्रस्तुत बाल रामायण का, जिसे वास्वती मिश्रा ने परिकल्पित और निर्देशित किया। कथक नृत्य शैली में लगभग एक घंटे की इस संगीतमयी प्रस्तुति ने दर्शकों को केवल रामकथा के साथ भारतीय गुरुकुल परंपरा की गरिमा और उसकी जीवनमूल्य आधारित शिक्षा पद्धति से भी साक्षात्कार कराया।


भारत भवन में बाल कलाकारों ने रामकथा का मंचन करते हुए।

### रामायण के दोहों ने वातावरण किया भक्तिमय

सभागार में जैसे ही रामायण के दोहे गूंजने लगे, वातावरण भक्तिभाव में डूबता प्रतीत हुआ। मंच पर 5 वर्ष से 17 वर्ष तक के 27 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी, जिनमें 22 बाल कलाकार थे। इतनी कम आयु में संवाद की स्पष्टता, भावाभिव्यक्ति की नृत्य परिपक्वता और मंच अनुशासन का संतुलन दर्शनीय रहा। आत्मविश्वास और समर्पण का भाव दिखाई दिया, जो उनके दीर्घ अभ्यास और निर्देशक के सूक्ष्म मार्गदर्शन का प्रमाण था।



### रिकॉर्डेड म्यूजिक पर लय ताल का सुंदर संतुलन

रिकॉर्डेड म्यूजिक के साथ कलाकारों ने लय और ताल का सुंदर संतुलन बनाए रखा। रामायण के दोहों और चौपाइयों की संगीतमयी प्रस्तुति ने कथा को केवल श्रव्य नहीं, बल्कि भावात्मक अनुभव में रूपांतरित कर दिया। संदर्भ में रूपायित किया गया। कथा के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि भारतीय शिक्षा प्रणाली केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की प्रक्रिया है।



# ऑस्कर विनर एक्टर के लिए अनुपम ने लिखा भावुक पोस्ट

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और ऑस्कर विनर रॉबर्ट डुवैल का 95 साल की उम्र में निधन हो गया। रॉबर्ट डुवैल ने 'द गॉडफादर' जैसी कल्ट फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से दुनिया भर में पॉपुलैरिटी बटोरी थी। एक्टर अनुपम खेर ने रॉबर्ट डुवैल के निधन पर दुख जताया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रॉबर्ट डुवैल की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'रॉबर्ट डुवैल ऐसे एक्टर थे, जिन्हें ध्यान खींचने के लिए कभी शोर की जरूरत नहीं पड़ी। शांत, सटीक और बहुत सच्चे... वह हर रोल में जबरदस्त गहराई लेकर आए और पर्दे पर कमाल की छाप छोड़ी।

लाइफ Style

# मोना स्टार को बीमा पॉलिसी समझते हैं मेकर्स

टीवी की जस्सी के नाम से मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह अब इंडस्ट्री की सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीज में भी लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में मोना सिंह नेटफ्लिक्स की सीरीज कोहरा के दूसरे सीजन में नजर आई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लगातार फिल्मों और सीरीज में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद मोना सिंह का कहना है कि प्रोड्यूसर्स उनके नाम पर 100 करोड़ रुपए के बजट की फिल्म बनाने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। मोना सिंह ने अपने कॅरियर के उस मुकाम पर होने की बात की, जहां वह आसानी से प्रोजेक्ट्स को ठुकरा नहीं सकतीं। अभिनेत्री ने कहा कि यह मेरे द्वारा लिए गए फैसलों की वजह से ही है कि मैं यहां हूं। मैंने प्रासंगिक बने रहने और अपने सिद्धांतों पर कायम रहने की कोशिश की है। इसलिए मैंने कई प्रोजेक्ट्स को मना किया है। हालांकि, मना करना कभी आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि जीवन में मुझे पता है कि मैं क्या नहीं चाहती। यह स्पष्टता अब मेरे भीतर है।अभिनेत्री ने आगे कहा कि निर्माता सितारों को एक बीमा पॉलिसी की तरह देखते हैं, ताकि उन्हें अपना पैसा वापस मिल सके। पोस्टर पर एक स्टार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की गारंटी देता है। फिल्म निर्माण आखिरकार एक व्यवसाय है। आप जानते हैं कि आप निवेश कर रहे हैं और आपको उससे कहीं अधिक पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर किरदार सिर्फ सर्विस प्रोवाइडर बनकर रह जाते हैं। यही सच्चाई है। अगर आप मेरी मुख्य भूमिका वाली 100 करोड़ रुपए की फिल्म की बात कर रहे हैं, तो मुझे ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।



## हॉलीवुड मसाला




# डैनी के साथ शेयर की तस्वीरें

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने फिल्म 'जुमांजी 3' की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। फैंस के बीच 'द रॉक' के नाम से मशहूर ड्वेन ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। 17 फरवरी को ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर बताया कि फिल्म 'जुमांजी 3' के लिए उनके सह-कलाकार डैनी डेविटो की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने डैनी और केविन हार्ट के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं।




# स्पाई-थ्रिलर सीरीज तेहरान से मिली थी पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** इस्राइली प्रोड्यूसर डाना ईडन का 52 साल की उम्र में निधन हो गया है। डाना एक होटल में मृत अवस्था में पाई गईं। वो एमी पुरस्कार विजेता जासूसी थ्रिलर 'तेहरान' की सह-निर्माता थीं। इस्राइल के पब्लिक ब्रॉडकास्टर 'कान' ने डाना ईडन के निधन की जानकारी दी है। इसके मुताबिक, वो ग्रीस में 'तेहरान' के चौथे सीजन की शूटिंग कर रही थीं। डाना ईडन को इस्राइल की सबसे सफल और प्रभावशाली टेलीविजन प्रोड्यूसर्स में गिना जाता था। वह हिट सीरीज 'तेहरान' की सह-निर्माता और क्रिएटर थीं। उन्होंने अपने करियर में कई चर्चित टीवी प्रोजेक्ट्स पर काम किया। जिनमें 'सेविंग्स द वाइल्डलाइफ', 'शी हैज इट', 'मैगपाई' और 'शाकशौका' जैसे शोज के जरिए उन्होंने अपनी पहचान बनाई। डाना ईडन ने अपने प्रोफेशनल पार्टनरशिप प्रोड्यूसर शूला स्पीगल के साथ मिलकर डोना और शुला प्रोडक्शंस की स्थापना की थी।



# आगे खिसकी गबरू की रिलीज डेट...

**मुंबई।** सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। यह फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और यश की 'टॉक्सिक' 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है।



# तुम्बाड 2 के लिए विलेन की तलाश जारी

**मुंबई।** साल 2018 में रिलीज हुई सोहम शाह की हॉरर फिल्म तुम्बाड थिएटर के बाद डिजिटल पर जबरदस्त रिएक्शन मिला था। फिल्म की कहानी, एक्टिंग ने ऑडियंस और गहरी छाप छोड़ी थी। अब सोहम शाह इस तुम्बाड 2 बना रहे हैं। फिल्म पर काम इस साल की शुरुआत में शुरू हो गया है। अब विलेन के सिलेक्शन पर काम चल रहा है। ताजा रिपोर्ट की मानें तो तुम्बाड 2 के लिए धुरंधर के रहमान डकैत अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम सामने आ रहा है। दोनों में से कोई एक हॉरर फिल्म का विलेन बन सकता है। इस फिल्म से जुड़े सूत्र ने एक पोर्टल को जानकारी देते हुए बताया है कि तुम्बाड 2 में एक पावरफुल विलेन का किरदार अहम है। फिल्म की कहानी इसी किरदार के इर्द गिर्द रची गई है। इस विलेन का किरदार इंटेस और कई परतों से बना हुआ है।

## टीवी मसाला



# फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी...

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में व्यस्त हैं, ताकि जश्न के दौरान वे पूरी तरह फ्री रह सकें। कृतिका अपनी नई फिल्म की शूटिंग खत्म करने में जुटी हैं, जबकि गौरव एक बड़े स्पोर्ट्स टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें। वहीं, गौरव कपूर भी अपने काम में व्यस्त हैं। वह इन दिनों एक बड़े स्पोर्ट्स इवेंट की मेजबानी कर रहे हैं और लगातार शूट व लाइव शेड्यूल में व्यस्त हैं।

## अवनीत कौर का मिस्ट्री मैन कौन

**नई दिल्ली।** अवनीत कौर ने इस वैलंटाइंस डे पर एक ऐसी तस्वीर शेयर की जिसके बाद से उनके मिस्ट्री मैन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



हालांकि, अवनीत ने वो पोस्ट डिलीट तो कर दिया लेकिन अब वो सवालों के घेरे में फंस गई हैं। पहले तो उन्होंने वैलंटाइंस डे पर सरेआम प्यार का इजहार किया और फिर अपनी वो पोस्ट डिलीट कर डाली। बताया जा रहा है कि ये मिस्ट्री मैन कोई और नहीं, बल्कि राघव शर्मा हैं। हालांकि, भले अवनीत ने वो फोटो डिलीट कर दी लेकिन अब चर्चा है कि क्या एक्ट्रेस राघव शर्मा को डेट कर रही हैं? बताया जा रहा है कि राघव देसी म्यूजिक फैक्ट्री के को-फाउंडर हैं, जो साल 2022 से अवनीत के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर खबरों में हैं। एक्ट्रेस ने पहले तो पोस्ट किया लेकिन इसे लेकर शुरू होते बवाल को देखते हुए उन्होंने ये सबूत मिटाने की कोशिश की। हालांकि, तब तक ये झलक चारों तरफ फैल चुकी थी। उस तस्वीर में अवनीत डाइनिंग टेबल के दूसरी तरफ बैठे एक शख्स का हाथ पकड़े नजर आ रही थीं और जैसे ही उन्होंने ये पोस्ट किया लोगों ने स्क्रीनशॉट रख लिए थे।

# अभिषेक अब शाहरुख की किंग में आएंगे नजर...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने नए लुक को लेकर बात की और बताया है कि ये शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' का हिस्सा है। अब एक्टर के इस नए लुक पर लोग जमकर कॉमेंट करते दिख रहे हैं। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख की फिल्म का हिस्सा बनने की बात खुद कही है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू मं अपने बदले हुए लुक पर बातें करते हुए अभिषेक बच्चन ये ये बातें बताई हैं। अब फिल्म 'किंग' में उनकी भूमिका को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। इसके अलावा लोगों ने उनके इस लुक की तारीफ भी की है। सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी अगली मी फिल्म 'किंग' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। 'जवान' के बाद आ रही शाहरुख की इस फिल्म में कई बॉलीवुड सितारे दिखेंगे, जिसे लेकर अब अभिषेक बच्चन ने भी कन्फर्म कर दिया है। अभिषेक बच्चन ने 'किंग' में अपनी भूमिका पर भी बात की। उन्होंने हाल में आयोजित 'ग्लोबल बिजनेस समिट 2026' के एक सेशन के दौरान अपने नए हेयरस्टाइल को लेकर बातें की। जब उनसे उनके नए लुक के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की खुशी है कि आपने मेरे बदले हुए लुक पर ध्यान दिया। जी हां, मैं फिलहाल अपनी नई फिल्म किंग की शूटिंग कर रहा हूं।' हालांकि उनसे ये भी पूछा गया कि क्या वो इस फिल्म के बारे में और बातें करना पसंद करेंगे? इसपर एक्टर ने ना में जवाब दिया और फिल्म के बारे में और कुछ कहने से साफ इनकार कर दिया।



# अधूरी मोहब्बत की ताकत : सैड एंडिंग वाली फिल्में होती हैं सुपरहिट

**नई दिल्ली।** आज तक हम इस दुख में हैं कि गजनीमें कल्पना को अंत तक नहीं पता चल पाया कि सचिन ही संजय सिंहानिया है। हमें आज भी अफसोस होता है कि आमिर खान क्यों सही वक्त पर पहुंचकर आसिन को नहीं बचा पाए। तेरे नाम में जब राधे पागलखाने पहुंच जाता है और निर्जरा जहर पी लेती है, तो हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं। रांझणा में कुंदन का जोया के लिए आखिरी मोनोलॉग आज भी तीर की तरह हमें चुभता है। सनम तेरी कसम में सरस्वती को मरते देख हम सब आंसू बहाते हैं। कल हो ना हो में शाहरुख खान का किरदार अमन माथुर चल बसता है, लेकिन हम आज भी उस फिल्म को याद करते हैं। सदमा में जब ट्रेन से श्रीदेवी चली जाती हैं तो पीछे कमल हासन का छूटना हमें आज भी सताता है। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान के किरदार को तड़पते देख




हम भी दर्द महसूस करते थे, मगर ये सारी फिल्में सुपरहिट रहीं। एक विलेन, आशिकी 2, लैला मजनूं, मोहब्बतें जैसी तमाम फिल्में हैं, जिनमें हीरो या हीरोइन या दोनों की मौत हो जाती है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में शानदार प्रदर्शन करती हैं।

***लेकिन सवाल है:*** जब इन फिल्मों को देखकर हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं, फिर भी ये सैड एंडिंग वाली फिल्में सुपरहिट क्यों होती हैं? चलिए समझने की कोशिश करते हैं।

क्यों सुरक्षित रिश्ते लगते हैं बोरिंग, 'रजनीगंधा'ने 52 साल पहले समझा दिया था । इश्क़ दर्द और सिनेमा

***अधूरी मोहब्बत का आकर्षण :*** जब कोई प्यार पूरी तरह से पूरा नहीं होता या हमें हासिल नहीं हो पाता, तो हमारा दिमाग उसे खास मानने लगता है। साइक्लॉजी में इसे 'अप्राप्य वस्तुओं का आदर्शवाद' कहा जाता है। मतलब, जो चीज मुश्किल या नामुमकिन लगती है, हमारा दिमाग उसे ज्यादा परफेक्ट और रोमांटिक मानता है। इसलिए देवदास, रांझणा, सनम तेरी कसम जैसी अधूरी मोहब्बत की कहानी हमें ज्यादा याद रहती है और दिल को छू जाती है। हमारा अचेतन इसे आइडियल मानता है।

जैसा हरिवंश राय बच्चन ने मधुशाला में लिखा- 'प्यार नहीं पा जाने में है, पाने के अरमानों में! पा जाता तब, हाय, न इतनी प्यारी लगती मधुशाला।' यानी, हासिल करने में प्यार उतना खास नहीं लगता जितना उसे पाने की तड़प में।

## एक के लिए तो गिनीज बुक में दर्ज हो चुका है नाम

# सिर्फ भारतीय फिल्मों में होती हैं ये 7 अजीब चीजें

*नई दिल्ली। बात जब फिल्मों की आती है तो हम अक्सर बातें करते हैं कि बॉलीवुड वाले हॉलीवुड के टक्कर की फिल्में नहीं बना पाते हैं। कभी वीएफक्स तो कभी कोरियन सिनेमा जैसी सादगी हमारी फिल्मों में मिसिंग रहने की बात उठती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि भारत साल भर में इतनी फिल्में रिलीज करता है जितनी दुनिया भर में और कहीं नहीं होती हैं। इतना ही नहीं और भी कई ऐसी बातें हैं जो भारतीय सिनेमा को बाकी फिल्म इंडस्ट्रीज से अलग बनाती हैं। तो चलिए जानते हैं भारतीय सिनेमा के बारे में 7 रोचक तथ्य।*

### फिल्मों की फैक्ट्री है अपना इंडिया

***दुनिया*** को लगता है कि हॉलीवुड सबसे बड़ा है, लेकिन सच यह है कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाला देश है। जहां हॉलीवुड साल भर में लगभग 700-800 फिल्में बनाता है, वहीं भारत हर साल 1,500 से 2,000 के बीच फिल्में रिलीज करता है।

### बिना गानों की फिल्म का पिटना तय

***हॉलीवुड*** या यूरोपियन सिनेमा में फिल्में बिना गानों के होना सामान्य बात है, वहां 'म्यूजिकल' एक अलग जॉनर होता है। लेकिन, भारत में उल्टा है। यहां बिना गानों की फिल्म बनाना एक बहुत बड़ा जोखिम माना जाता है। भारतीय फिल्मों में औसतन 5-6 गाने होते हैं, जो फिल्म की मार्केटिंग और कमाई का आधा जरिया होते हैं।

### स्टार्स का दूध अभिषेक और मंदिर

***यह*** दुनिया के किसी और देश में नहीं होता। दक्षिण भारत में जब किसी बड़े सुपरस्टार की फिल्म रिलीज होती है, तो फैंस उनके कट-आउट्स को दूध से नहलाते हैं। इतना ही नहीं, अमिताभ बच्चन और सोनू सूद जैसे स्टार्स के तो भारत में बाकायदा मंदिर भी बने हुए हैं।

### क्यों दुनिया से उलटा चल रहा इंडिया?

दुनिया भर की सिनेमा इंडस्ट्री आज 90 मिनट से 2 घंटे की फिल्मों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन भारतीय दर्शक आज भी 'पैसा वसूल' अनुभव के लिए कम से कम 2.5 से 3 घंटे की फिल्म की उम्मीद करते हैं। भारत में फिल्म देखने जाना मतलब पूरा दिन इसके लिए निकालना पड़ता है। क्योंकि, कई बार 3 घंटे की फिल्म और इंटरवल फिर फिल्म से पहले और बाद थोड़ा घूमना-फिरना पूरा दिन लेता है।



### सिर्फ यहां का बोर्ड लगाता है ऐसे नियम

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां फिल्मों में स्मोकिंग या शराब के सीन आने पर स्क्रीन के नीचे 'चेतावनी' दिखाना जरूरी है। विदेशी फिल्मों को भी भारत में रिलीज होते समय इन नियमों का पालन करना पड़ता है, जो बाहर के फिल्ममेकर्स के लिए काफी अजीब अनुभव होता है।

### दुनिया का सबसे बड़ा फिल्मी परिवार

भारतीय सिनेमा जगत में 'नेपोटिज्म' की खूब चर्चा तो होती है, लेकिन क्या आपको पता है कि इसी वजह से हमने गिनीज बुक में भी जगह पाई है। कपूर खानदान का नाम 'गिनीज वर्ल्ड बुक' में दर्ज है, क्योंकि उनकी एक ही परिवार की पांच पीढ़ियां (पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर-करीना तक) सिनेमा जगत का हिस्सा रही हैं।

### कहीं नहीं मिलती ऐसी फैन फॉलोइंग

आपको जानकर हैरानी होगी कि राज कपूर रूस में वहां के लोकल हीरोज से ज्यादा पॉपुलर थे। वहीं, रजनीकांत का जापान में इतना जबरदस्त क्रेज है कि वहां उनकी फिल्मों के खास शोज चलते हैं। मिथुन चक्रवर्ती का 'डिस्को डांसर' अवतार आज भी रूस और मिड एशिया के देशों में एक कल्ट माना जाता है।






# पाकिस्तान के लिए आज करो या मरो का मुकाबला

- नामीबिया पर हर हाल में करनी होगी जीत दर्ज
- पाक का विश्वकप में अभियान नाजुक मोड़ पर पहुंचा
- भारत से हार ने उसे बुरी तरह से झकझोर दिया है



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से मिली करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान का टी20 विश्व कप में अभियान नाजुक मोड़ पर पहुंच गया है और इससे नामीबिया के खिलाफ बुधवार को होने वाला मैच उसके लिए करो या मरो जैसा बन गया है। एक समय पाकिस्तान सुपर आठ में जगह बनाने की अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन भारत से हार ने उसे बुरी तरह से झकझोर दिया है जिसके कारण उसे ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में करो या मरो की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। विश्व कप में प्रत्येक ग्रुप से केवल शीर्ष दो टीमें ही सुपर आठ में पहुंचेंगी।

### पाक तालिका में तीसरे स्थान पर

पाकिस्तान वर्तमान में भारत और अमेरिका के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर है। भारत ने तीन मैचों में तीन जीत के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है जबकि अमेरिका चार अंक और बेहतर रन रेट के कारण दूसरे स्थान पर है।

### शाहिन को शुरुआत में विकेट लेने होंगे

तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी भी संघर्ष करते नजर आए और उन्होंने अपने दो ओवरों में 31 रन लुटाकर एक विकेट लिया। एकमात्र सकारात्मक पहलू साइम अयूब का रहा, जिन्होंने तीन विकेट लेकर भारत के शीर्ष क्रम को मुश्किल में डाल दिया था। नामीबिया के खिलाफ अफरीदी को शुरुआत में ही विकेट लेने होंगे क्योंकि पहले छह ओवरों में प्रमुख बल्लेबाजों को आउट करने से पाकिस्तान को मैच पर हावी होने का मौका मिल जाएगा।

### पाक की पावरप्ले में कमजोरी उजागर

पाकिस्तान की पावरप्ले की कमजोरियां भी चिंता का विषय बनी हुई हैं। पिछले मैच में उसकी टीम ने पावरप्ले में चार विकेट गंवाए। उसके मध्य क्रम में बार-बार होने वाले बदलावों ने स्थिति को और जटिल बना दिया है, जिससे निचले क्रम में तेजी से रन बनाने की संभावना कम हो गई है। नामीबिया के पास प्रतिभाशाली गेंदबाज हैं जिससे पाकिस्तान के लिए बीच के ओवरों में संघर्ष करना महंगा साबित हो सकता है। नामीबिया की टीम तीन हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है लेकिन वह जीत हासिल करके सम्मान के साथ विदाई लेने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

## टीम इंडिया की नीदरलैंड से होगी भिड़ंत, मैच शाम 7:00 बजे से

# अहमदाबाद को आज अभिषेक से आक्रामक पारी की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

अपनी पिछली दो पारियों में खाता खोलने में नाकाम रहे सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा नीदरलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जबकि भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज भी सुपर आठ चरण से पहले स्पिन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। अभिषेक शर्मा ने पिछले 18 महीने में खुद को इस प्रारूप का खतरनाक खिलाड़ी साबित किया है लेकिन घरेलू मैदान पर खेली जा रही आईसीसी प्रतियोगिता में वह अभी तक अपना जलवा नहीं दिखा पाए हैं। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद वह पेट के संक्रमण के कारण नामीबिया के खिलाफ दूसरे मैच में नहीं खेल पाए थे।

### अभिषेक जोखिम लेने से नहीं कतराते

अभिषेक ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में वापसी की लेकिन खाता खोलने में नाकाम रहे। लेकिन दूसरे छोर पर ईशान किशन की शानदार फॉर्म के कारण अभिषेक के बल्ले से रनों की कमी का टीम की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। अभिषेक जोखिम लेने से नहीं कतराते हैं और उनकी इस तरह की बेखौफ बल्लेबाजी से भारत को कई मैच में जीत भी मिली है।

### अभिषेक के लिए शानदार अवसर

भारत पहले ही टूर्नामेंट के अगले चरण में पहुंच चुका है और ऐसे में नीदरलैंड के खिलाफ मैच अभिषेक के लिए रन बनाने का शानदार अवसर होगा। किशन और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पाकिस्तान को आसानी से हरा दिया था। लेकिन लगातार दूसरे मैच में भारत के अन्य बल्लेबाजों ने किशन जैसा आत्मविश्वास नहीं दिखाया।



### नीदरलैंड के पास अच्छे स्पिनर नहीं



नीदरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण में बहुत अच्छे स्पिनर नहीं हैं और ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों को उनको खेलने में किसी तरह की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। नीदरलैंड की स्पिन आक्रमण में आर्यन दत्त और रोएलॉफ वैन डेर मेरवे शामिल है जो काफी समय से खेलने के बावजूद भारतीय बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश करें इसकी संभावना कम लगती है।

### बुमराह सहित कुछ गेंदबाजों को दे सकता हैं आराम

गेंदबाजी के मोर्चे पर भारत के पास सुपर आठ से पहले कुछ गेंदबाजों को आराम देने का विकल्प है, जिसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं। कोलंबो में अतिरिक्त स्पिन विकल्प के रूप में अर्शदीप सिंह के स्थान पर कुलदीप यादव को चुनने के बाद उम्मीद है कि भारत फिर से दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के संयोजन पर वापस लौटेगा। अगर बुमराह को आराम दिया जाता है तो मोहम्मद सिराज और अर्शदीप के अंतिम एकादश में शामिल होने की संभावना है। ऐसे में स्पिन विभाग की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल संभाल सकते हैं। नीदरलैंड को मौजूदा चैंपियन से मुकाबला करने के लिए अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में जबरदस्त सुधार करना होगा। नामीबिया पर शानदार जीत के बाद पिछले मैच में उसे अमेरिका से करारी हार मिली थी।



### नामीबिया व पाक के स्पिन गेंजबाजों ने भारत को किया परेशान

नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने अपनी 'राउंड आर्म' और 'बिहाइंड द स्टंप्स' गेंदबाजी से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया जबकि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में एक अन्य अपरंपरागत स्पिनर उस्मान तारिक ने भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। यहां तक कि साइम अयूब भी भारतीयों के खिलाफ प्रभावी साबित हुए थे।

### टीम इस प्रकार

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**नीदरलैंडः** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, नोआ क्रोज़, बास डी लीडे, आर्यन दत्त, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, माइकल लेविट, ज़ैक लायन-कैशेट, मैक्स ओ'डोव्ड, लोगान वैन बीक, टिम वैन डेर गुगटेन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, पॉल वैन मीकेरेन, साकिब जुल्फिकार।

## खबर संक्षेप



### प्रतिका आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय महिला टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल को टखने की चोट से उबरने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन में 24 फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए मंगलवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल किया गया। प्रतिका पिछले साल विश्व कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ मैच में फील्डिंग करते समय चोटिल हो गई थी। उनकी जगह शेफाली वर्मा को उस टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल किया गया था। भारत ने पहली बार यह टूर्नामेंट जीता था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, ''महिला चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया की टीम के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए प्रतिका रावल को भारतीय टीम में शामिल किया है।'बयान के अनुसार, ''प्रतिका ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है और वह अक्टूबर में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 के दौरान लगी टखने की चोट से पूरी तरह उबर चुकी हैं।''

### जेल में बंद इमरान के साथ मानवीय व्यवहार की अपील

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर और कपिल देव सहित 14 पूर्व कप्तानों ने जेल में बंद क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान के बिगड़ते स्वास्थ्य पर ''गहरी चिंता'' व्यक्त करते हुए पाकिस्तान सरकार से उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उचित चिकित्सा और सम्मानजनक परिस्थितियां प्रदान करने का आग्रह किया है। पत्र में कहा गया है, ''हम अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीमों के पूर्व कप्तान, पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और विश्व क्रिकेट के दिग्गज इमरान खान के साथ कथित व्यवहार और कारावास की स्थितियों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पत्र लिख रहे हैं।''इसमें कहा गया है, ''उनके स्वास्थ्य को लेकर हाल की रिपोर्टों, विशेष रूप से हिरासत में रहने के दौरान उनकी दृष्टि में खतरनाक गिरावट और पिछले ढाई वर्षों में उनकी कैद की स्थितियों ने हमें गहरी चिंता में डाल दिया है।'' ''हम क्रिकेटर निष्पक्ष खेल, सम्मान और आदर के मूल्यों को समझते हैं जो किसी तरह की सीमा से परे हैं।

# मैच धुलने से जिम्बाब्वे सुपर आठ में आस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप से बाहर

### आयरलैंड के खिलाफ मैच में दोनों टीमों को मिले एक-एक अंक

एजेंसी ▶▶| पाल्लेकल

जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप ग्रुप बी का मैच बारिश में धुलने के बाद सुपर आठ में प्रवेश कर लिया जबकि पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया और आयरलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दोनों टीमों को एक एक अंक मिला जिससे जिम्बाब्वे के पांच अंक हो गए।

अब 26 फरवरी को पहले सुपर आठ मुकाबले में चेन्नई में जिम्बाब्वे का सामना भारत से होगा। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने कहा ,'' हमने अभी लक्ष्य हासिल नहीं किया है, बस उसकी ओर कदम बढाया है। थोड़ा बहुत जश्न होगा लेकिन फोकस अगले मैच पर है।''

### 26 फरवरी को सुपर आठ में भारत से होगा मुकाबला




### सुपर आठ में पहुंचने वाली बनीं 7वीं टीम

पिछली बार टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने से चूकी जिम्बाब्वे सुपर आठ में पहुंचने वाली सातवीं टीम बन गई। ग्रुप वन में भारत, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भी सुपर आठ में पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे को आखिरी ग्रुप मैच 19 फरवरी को श्रीलंका से खेलना है।

### श्रीलंका पहले ही सुपर-8 में

श्रीलंका छह अंक लेकर पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुका है। आस्ट्रेलिया के दो अंक है जिसे जिम्बाब्वे और श्रीलंका ने हराया। ग्रुप दो में श्रीलंका, इंग्लैंड , न्यूजीलैंड , पाकिस्तान या अमेरिका होंगे।

# युवराज के रिकॉर्ड शतक पर भारी पड़ी फिलिप्स की तूफानी पारी




एजेंसी ▶▶| चेन्नई

युवराज समरा टी20 विश्व कप में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने लेकिन यह उलटफेर करने के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुई क्योंकि न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स की तूफानी पारी के दम पर मंगलवार को यहां ग्रुप डी के मैच में कनाडा को 29 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की।

भारत के विश्व कप विजेता ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम पर 19 वर्षीय समरा का नाम रखा गया था और उन्होंने अपने नाम को सही साबित करते हुए आखिरी ओवर में आउट होने से पहले 65 गेंद पर 110 रन बनाए जिसमें 11 चौके और छह छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 173 रन बनाए। फिलिप्स की 36 गेंद पर चार चौकों और छह छक्कों की मदद से खेली गई नाबाद 76 रन की पारी तथा रचिन रविंद्र (39 गेंद पर नाबाद 59) के साथ उनकी 146 रन की अटूट साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 176 रन बनाकर कनाडा के स्कोर को बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और शान से अगले चरण में प्रवेश किया। न्यूजीलैंड ने चार मैच में छह अंक के साथ ग्रुप चरण के अपने अभियान का समापन किया। वह ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर है।

### हरमनप्रीत निजी कारणों से बाहर, एफआईएच प्रो लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे

# हार्दिक संभालेंगे भारतीय हॉकी टीम की कमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से 20 से 25 फरवरी तक होबार्ट में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे और उनकी जगह मिडफील्डर हार्दिक सिंह को मंगलवार को भारतीय पुरुष की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत, स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के आगामी चरण में होबार्ट के तस्मानिया हॉकी सेंटर में एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगे।

भारतीय टीम ने राउरकेला में समाप्त हुए चरण में अपने सभी चार मैच गंवा दिए थे, जिसमें अर्जेंटीना के हाथों 0-8 की शर्मनाक हार भी शामिल है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ''राउरकेला में हमारा प्रदर्शन निराशाजनक रहा और परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहे लेकिन हमने कुछ अच्छे सबक सीखे हैं और कुछ उल्लेखनीय सुधार किए हैं।''

नए कप्तान हार्दिक दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हैं। टीम में अमनदीप लाकड़ा और मनमीत सिंह जैसे युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने राउरकेला चरण के दौरान सीनियर टीम के लिए अपना पहला मैच खेला था। हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा, ''हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से टीम का हिस्सा नहीं होंगे।''

### मनिंदर की टीम में वापसी

इस खिलाड़ी के करीबी एक सूत्र ने बताया कि हरमनप्रीत अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण अपनी पत्नी अमनदीप कौर के साथ रहना चाहते हैं और इसलिए वह टीम से हट गए हैं। स्ट्राइकर मनिंदर सिंह की भी टीम में वापसी हुई है। वह आखिरी बार 2023-24 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारत के लिए खेले थे।

**भारतीय टीम इस प्रकार है:**

गोलकीपरः सूरज करकेरा, मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार। डिफेंडरः अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, अमनदीप लाकड़ा, यशदीप सिवाच, पूवन्ना चंदूरा बॉबी। मिडफील्डरः राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, विष्णु कांत सिंह, राज कुमार पाल। फॉरवर्डः अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मंदीप सिंह, अरिजीत सिंह हुंदल, आदित्य अर्जुन लालगे, अंगद बीर सिंह, मनिंदर सिंह।

### भारत 'ए' ने नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की

**बैंकॉक।** सीनियर टीम की गेंदबाज तनुजा कंवर और मिन्नू मणि के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ए ने मंगलवार को यहां नेपाल को सात विकेट से हराकर महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा ने 12 रन देकर चार विकेट लिए जबकि मिन्नू ने आठ रन देकर तीन विकेट हासिल किये।

**कार्यालय प्राचार्य सरदार वल्लभभाई पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, भोपाल**
**निविदा का संक्षिप्त विज्ञापन**

क्रमांक/स.व.प./भंडार/2026/214 भोपाल, दिनांक: 11/02/2026

सरदार वल्लभभाई पॉलीटेक्निक महाविद्यालय श्यामला हिल्स भोपाल द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से उपकरण / मशीन क्रय हेतु निविदाएं जारी की गई है। जारी निविदाओं में समिलित होने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से पोर्टल पर दर्शित प्रक्रियानुसार निविदा में भाग ले सकते है। जारी की गई निविदाएं :

BID NO: GEM/2026/B/7211988 Dated: 10-02-2026
BID NO: GEM/2026/B/7211879 Dated: 10-02-2026
BID NO: GEM/2026/B/7211704 Dated: 10-02-2026
BID NO: GEM/2026/B/7207423 Dated: 10-02-2026

निविदाओं में कोई भी संशोधन (यदि किया जाता है तब) जेम पोर्टल मे ही अपलोड किया जावेगा। उसका प्रकाशन अलग से नही कराया जाएगा।

जी - 25928/25 स्वच्छता ही सेवा प्रचार्य

**न्यायालय तहसीलदार सौंसर, जिला पांढुर्णा**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ /31-19(3)/2025-26
मौजा : सावंरी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम सांवरी ब.नं. 386 प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. सौंसर तहसील सौंसर, जिला पांढुर्णा को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पर्यटन विभाग मंत्रालय भोपाल के द्वारा ग्राम सांवरी प.ह.नं. 32 तहसील सौंसर जिला पांढुर्णा में स्थित ख.नं. 104 रकबा 6.680 हे. शासकीय भूमि पर्यटक गतिविधियों के संचालन के लिए आवंटित किये जाने के संबंध में प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व) सौंसर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु प्राप्त हुआ है। जिसकी सुनवाई न्यायालय में **दिनांक 23.02.2026** को नियत है। इस संबंध में यदि जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति या आक्षेप हो तो वह नियत दिनांक को स्वयं उपस्थित होकर या मान्य अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी आपत्ति या आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों या आक्षेपों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 05.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**स्थान : सौंसर, दिनांक : 05.02.2026**

पद मुद्रा
हस्ता./-
तहसीलदार
सौंसर, जिला-पांढूर्णा
म.प्र. माध्यम/124514/2026

**कार्यालय नगरपालिकनिगम, भोपाल**
**(विद्युत विभाग)**
आई.एस.बी.टी. परिसर, वर्माट्रिवल्सऑफिस के प्रथमतलपर, भोपाल (म.प्र.)-462001

क्रमांक 82/वि.शा./2026 भोपाल, दिनाँक 16.02.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार मोहर बंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती हैं-

| क्र. | आनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य हेतु निर्धारित सामग्री | निविदा की अवधि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_482738_1 | SITC of 9 mtr LED high masts and 45,60 and 90 watt LED street lights under Zone No 08 Bhopal | 12,68,690/- | 9,515/- | 2000/- | Registered Electrical contractor in centralized Registration system in MPPWD having valid electrical license | MPUADD SOR 2021 Items | 30 Days | 30 Days |

नियम एवं शर्तें :-
(1). निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि / धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करने होंगे। अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
(2). ऑनलाईन निविदा में सभी प्रकार के संशोधनों की जानकारी मात्र www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।
(3). 18% GST अतिरिक्त देय होगा।

नि.क्र. 3154/025/026
कार्यपालन यंत्री (वि.)
नगर निगम भोपाल

**GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH**
**DIRECTORATE OF URBAN ADMINISTRATION AND DEVELOPMENT DEPARTMENT**
**6 NO., BUS STOP, SHIVAJI NAGAR, BHOPAL, M.P.**

N.I.T./No./07/2026/2353 Notice Inviting Tender (NIT) (First Call) Dated 09.02.2026

Urban Administration & Development Department invites online bids from eligible and experienced agencies for empanelment of Trenchless Technology Agencies for execution of sewerage and underground utility works. The bid document shall be available online from 13.02.2026, and bids must be submitted on or before 09.03.2026 in accordance with the terms and conditions of the RFP available on the e-procurement portal. NIT/Tender ID 2026_UAD_481699_1.
The Tender details are as follows -

| Work Name | Earnest Money Deposit (EMD) | Cost of Bid Document (Inr) | Duration |
|---|---|---|---|
| Empanelment of Trenchless Technology Agencies for execution of sewerage and underground utility works. | 1,50,000/- | 10,000 | The empanelment shall be valid for 1 year, extendable up to 1 year based on performance. |

Note:
1. Interested bidders may view the RFP on the website www.mptenders.gov.in.
2. The Bid Document shall be available only online from 13.02.2026 to 09.03.2026.
3. Prebid Meeting date 18.02.2026 at 12:00 PM.
4. Any amendments / corrigendum to the NIT, if issued, shall be published only on the website and shall not be published in newspapers.

(Pradeeep S. Mishra)
Engineer in Chief
Urban Administration & Development Department, Bhopal, M.P.

जी - 25921/25 स्वच्छता ही सेवा







## यहां हैलीकॉप्टर की उड़ानें न बदल दें विवि की फिजा

राजधानी के एक विश्वविद्यालय में इन दिनों बड़े-बड़े कारनामे चर्चाओं में सामने आ रहे हैं। एक विशेष कारनामे के तहत विवि परिसर में हैलीपेड बनाने की खबरें आम हो रही हैं। बताया जा रहा है कि विवि में एक स्पोर्ट्स ट्रैक के स्थान पर हैलीपेड बनाने की तैयारी है। अब यह बात केवल चर्चाओं में ही नहीं, शिकायत के रूप में भी सामने आ चुकी है। शिकायत में कहा गया है कि हैलीपेड बनने से हैलीकॉप्टर की आवाज जहां इस विवि के परिसर के पूरे इकोसिस्टम को नुकसान पहुंचाएगा, वहीं विवि में अध्ययन से लेकर परीक्षा आदि में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं की भी एकाग्रता भंग करेगा। अब सवाल यह है कि अगर यह चर्चा सही है तो सवाल यह है कि इस विवि में हैलीपेड की ऐसी कौन सी आवश्यता पड़ रही है, जो पर्यावरण से लेकर शैक्षणिक कार्य तक प्रभावित करना पड़ रहा है। इससे तो पूरे विवि की फिजा ही बदल जाएगी।

## गजब विवि, जो सुविधा है ही नहीं उसकी प्रगति रिपोर्ट मांगी

चर्चाएं हैं कि नवागत साहब जहां पूरी व्यवस्था को बारीकी से समझ कर पहले से बिगड़ी व्यवस्था को दुरूस्त करने में लगे हैं, वहीं कुछ विभागों के प्रमुख अजीबो गरीब नोटशीट्स से परेशान हैं। एक तरफ तो इस विवि में कई नोटशीट गायब होने की शिकायत हो रही है, जिनकी एफआईआर कराने तक की बात हो चुकी है। वहीं, दूसरी ओर ऐसी नोटशीट भी चल रही हैं, जिनमें उन विभागों से प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगी जा रही है, जिनके पास वे सुविधाएं वर्तमान में विभाग में हैं ही नहीं। विवि प्रशासन नोटशीट जारी कर ऐसे कुछ विभागों से इनकी प्रगति रिपोर्ट मांग रहा है। ऐसे में विभाग प्रमुख हैरान हैं कि वे ऐसी नोटशीट का क्या जवाब दें। इस विवि में इतनी बेहतरीन व्यवस्था को क्या नाम दिया जाए, फिलहाल अभी तय नहीं हो पा रहा है।

**- संजीव सक्सेना**

# दस साल बाद भी 12 नंबर की प्रधानमंत्री आवास योजना का काम अधूरा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

राजधानी के 12 नंबर बस स्टॉप पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक हजार से ज्यादा आवासीय प्रोजेक्ट दस साल में भी पूरा नहीं हो सका। जो आवास बनकर तैयार भी हुए तो हितग्राहियों को पजेशन नहीं मिले।

रजिस्ट्री का काम भी निगम प्रशासन ने अटका रखा था। बीते दिनों महापौर की विजिट के दौरान स्थानीय रहवासियों के विरोध के बाद रजिस्ट्री करने और पजेशन देने के निर्देश दिए गए, लेकिन यह काम भी मार्च,अप्रैल तक होता नहीं दिख रहा।

**400 हितग्राहियों को नहीं मिले पजेशन, प्रदर्शन भी कर चुके हैं लोग**

**महापौर के निरीक्षण के दौरान फूटा था लोगों का गुस्सा**

**मार्च, अप्रैल तक पजेशन देने के दिए गए थे निर्देश**


निर्माणाधीन आवास।

### कारण 500 से ज्यादा आवास अब भी निर्माणाधीन हैं

शहर के 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना अब भी अधूरी है। हितग्राहियों का कहना है कि सात से आठ साल पहले आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ली थी और तय नियमों के अनुसार किस्तों में अपनी हिस्सेदारी की राशि भी जमा कर दी। इसके बावजूद उन्हें अब तक मकान का कब्जा नहीं मिल पाया। मौके पर मौजूद प्रोजेक्ट से जुडे कम्रचारियों की मानें तो जुलाई अगस्त तक लोगों को आवास मिलने की उम्मीद है। यहां निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

### हितग्राही परेशान, केवल 6 हजार ही आवास बन पाए

रहवासियों ने बताया कि परिवारों की उम्मीदें टूटती नजर आ रही हैं। किसी ने आवास के लिए लोन लिया है, और ईएमआई भी चुका रहे हैं और मजबूरी में किराए के मकान में भी रह रहे हैं। 11 हजार मकान बनाकर देना थे, लेकिन बन पाए 6 हजार नगर निगम को बीते 9 साल में 11 हजार मकान बनाकर लोगों को देने थे, लेकिन केवल 6 हजार ही आवास बन पाए हैं। नगर निगम ने केंद्र की हाउस फॉर ऑल योजना के तहत 21 प्रोजेक्ट शुरू किए थे। 40 फीसदी प्रोजेक्ट काम शुरू होने के बाद अटक कर बंद हो गए, जो चल रहे हैं, वे भी बेहद धीमे हैं।

### धरना-प्रदर्शन हो चुके हैं


बन चुके आवास।

हितग्राहियों ने साल 2018-19 में दिए जाने थे, आज तक नहीं मिले। धरना प्रदर्शन भी हुए, लेकिन हितग्राहियों उनको योजना का लाभ नहीं मिला। मार्च, अप्रैल तक काम पूरा करने का लक्ष्य महापौर मालती राय का कहना है कि 12 नंबर बस स्टॉप पर पीएम आवास योजना के तहत पजेशन मार्च,अप्रैल तक हितग्राहियों को मिल जाएगा। मैने स्वंय स्थल का निरीक्षण किया था, पूरे प्रयास किए जा रहे हैं कि जल्द से जल्द प्रोजेक्ट पूरा हो।

## निर्देश मिले तो कथावाचक उत्तम स्वामी पर रेहटी थाने में भी दर्ज होगी एफआईआर

# युवती का आरोप-सलकनपुर आश्रम में भी दुष्कर्म, ध्यान साधना के नाम दिया अंजाम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर**

सीहोर जिले के सलकनपुर (रेहटी) स्थित उत्तम सेवाधाम आश्रम के संचालक और श्री पंच अग्नि अखाड़े के महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी संगीन विवाद में घिर गए हैं। राजस्थान की रहने वाली एक युवती ने उन पर धर्म और आस्था की आड़ में नाबालिग उम्र से ही यौन शोषण और दुष्कर्म करने के सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को ई.मेल भेजकर अपनी जान का खतरा बताते हुए तत्काल 24 घंटे सुरक्षा की मांग की है।

पीड़िता ने अपनी शिकायत में विशेष रूप से सलकनपुर स्थित आश्रम का हवाला दिया है। आरोप है कि भोपाल में कोचिंग करने के बहाने उसे सलकनपुर और बांसवाड़ा के आश्रमों में ध्यान साधना के नाम पर बुलाया जाता था, जहां उसके साथ गलत काम किया गया। पीड़िता का कहना है कि उसका परिवार लंबे समय से आश्रम से जुड़ा था, जिसका फायदा उठाकर गुरु आज्ञा और आध्यात्मिक मार्गदर्शन के नाम पर उसे अलग-अलग शहरों में बुलाया जाता रहा।



### विवादों से रहा है पुराना नाता

गौरतलब है कि उत्तम स्वामी महाराज हाल ही में तब चर्चा में आए थे जब उन्होंने सलकनपुर आश्रम के एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के न पहुंचने पर मंच से तीखी नाराजगी जाहिर की थी। बाद में मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी थी।

### निर्देश मिलेंगे तो करेंगे कार्रवाई

फिलहाल हमें इस मामले में कोई औपचारिक दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। जैसे ही वरिष्ठ अफसरों से निर्देश मिलेंगे, उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**राजेश कहारे,** थाना प्रभारी रेहटी

### नाबालिग उम्र से शोषण का आरोप

*शिकायत के अनुसार शोषण का यह सिलसिला उज्जैन सिंहस्थ के दौरान शुरू हुआ था, तब पीड़िता नाबालिग थी और आश्रम के टेंट परिसर में अपने परिवार के साथ ठहरी हुई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि इसके बाद दिल्ली के होटलों में भी उसे बुलाया जाता था, जहां पहचान छिपाने के लिए अन्य नामों से कमरे बुक किए जाते थे।*

### मिलने लगी धमकियां

*मीडिया रिपोट्स के अनुसार पीड़िता ने दिल्ली पुलिस को बताया कि जैसे ही आरोपी को कानूनी कार्रवाई की भनक लगी, उसे और उसके परिवार को धमकियां मिलनी शुरू हो गई हैं।*

## दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अंत्येष्टि सहायता राशि बढ़ाने का प्रस्ताव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

दिव्यांगजनों के चिन्हांकन के लिये तहसील स्तर पर शिविर आयोजित करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अंत्येष्टि सहायता योजना की राशि बढ़ाये जाने का प्रस्ताव सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई परामर्शदात्री समिति की बैठक में पारित किया गया। बैठक में समिति सदस्य विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह, प्रीतम लोधी और भैरो सिंह बापू उपस्थित रहे। मंत्री कुशवाह ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से सामाजिक रूप से कमजोर और दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। योजनाओं के जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधायकगणों को परामर्शदात्री समिति के सदस्य के रूप में शामिल किया जाता है। इनके सुझाव और अनुभवों के माध्यम से सामाजिक न्याय विभाग जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचा सकेगा। उन्होंने कहा कि जन-प्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाना आसान होता है।

**SWAMI VIVEKANAND COLLEGE OF SCIENCE & TECHNOLOGY, BHOPAL (M.P.)**
Approved by AICTE, New Delhi, Recognised by Govt. of M.P., D.T.E. Affiliated to RGPV & BU

**REQUIRES**

**Director/Principal**
**Prof./Associate Prof./Asst. Prof. in MBA Department**

**Qualification/Salary:** As per AICTE Norms and prefernce will be given to experienced candidate.
Submit your bio-data with testimonials & 2 passport size coloured photograph before 25 Feb. 2026 to the Director
**Campus:** Barkheri Kalan, Neelbad Road, P.O. Suraj Nagar, Bhopal 462044
**Email:** svcstcollege@gmail.com Ph.: No. 0755-2696771/9109134521
Director

**स्थानीय खेल समाचार**

## आज वर्ल्ड कप में अहमदाबाद भारत-नीदरलैंड मैच का हाल सुनाएंगे भोपाल के दामोदर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**


दामोदर प्रसाद आर्य

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र में कार्यरत दामोदर प्रसाद आर्य आईसीसी टी20 पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत और नीदरलैंडस के मध्य खेले जाने वाले मैच का आकाशवाणी से आंखों देखा हाल सुनाएंगे। ये मुकाबला नरेन्द्र मोदी इंटरनेशनल स्टेडियम, अहमदाबाद (गुजरात) में बुधवार 18 फरवरी को शाम 7 बजे से खेला जाएगा, जिसका प्रसारण आकाशवाणी के विभिन्न केंद्रों द्वारा किया जाएगा। आईसीसी टी20 पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप, भारत व श्रीलंका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। बता दें कि दामोदर अभी तक महिला/पुरुष टी20/वन डे के 8 वर्ल्ड कप के मैचों में कमेंट्री कर चुके हैं। यह उनका क्रिकेट का 9वां वर्ल्ड कप मैच होगा। उन्होंने तीन खेलों कबड्डी, हॉकी और क्रिकेट के वर्ल्ड कप मैचों की कमेंट्री भी की है।

## एशियन क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में बतौर कोच भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे प्रसाद

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**


एसके प्रसाद

मध्य प्रदेश स्टेट एथलेटिक्स एकेडमी के चीफ कोच एसके प्रसाद को 22 फरवरी को जापान के फुकुओका में होने वाली 18वीं एशियन क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में बतौर कोच देश को रिप्रेजेंट करने के लिए चुना गया है। इंडियन टीम 18 फरवरी को दिल्ली से जापान के लिए रवाना होगी। उनके साथ जाने वाले दल में प्रदेश के हरमनजोत सिंह, नंदिनी गुप्ता, उजाला, सोनिया, मुन्नी देवी सभी 10 किमी क्रॉस कंट्री, डोलामानी चिरगुनी, आदित्य गूर्जर, अभिनंदन सूर्या, करन रमेश सरांडे सभी अंडर 20 मेंस क्रॉस कंट्री 8 किमी, वर्षा, मानसी यादव, सोनम कुमारी, आरजू सभी अंडर 20 वूमन्स क्रॉस कंट्री 6 किमी और कोच ओपी जायशा को चुना गया है। वहीं अविजित पॉल टीम मैनेजर के तौर पर जाएंगे।

**अंतरराष्ट्रीय सफलता के बाद खिलाड़ियों ने प्राप्त किया मार्गदर्शन**

## एशियन चैंपियनशिप के पदक विजेता खिलाड़ियों ने संचालक यादव से की भेंट

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

नई दिल्ली में आयोजित एशियन चैंपियनशिप राइफल, पिस्टल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने वाले युवा निशानेबाज़ों ने मंगलवार को टीटी नगर स्टेडियम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालक अंशुमान यादव से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर पदक विजेता खिलाड़ियों सूरज शर्मा (5 स्वर्ण, 1 रजत), साहिल चौधरी (2 स्वर्ण) सहित यश पांडेय (स्वर्ण पदक), आशी चौकसे (रजत पदक) एवं हेमंत बर्मन (रजत पदक) ने अपनी अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए संचालक से आगामी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया।

खिलाड़ियों ने विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही प्रशिक्षण सुविधाओं के लिए आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। यादव ने दी बधाई, भविष्य के लिए किया प्रेरित संचालक अंशुमान यादव ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इतनी कम आयु में यह सफलता प्रदेश की सुदृढ़ खेल नीति और खिलाड़ियों के समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विभाग खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण, संसाधन एवं बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे वे ओलंपिक एवं अन्य वैश्विक प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने विशेष रूप से यह उल्लेख किया कि जूनियर वर्ग में प्राप्त ये उपलब्धियाँ भविष्य में भारत के लिए स्वर्णिम संभावनाओं का संकेत हैं।


संचालक अंशुमान के साथ चैंपियनशिप के विजेता शूटर्स।

### सूरज शर्मा का ऐतिहासिक प्रदर्शन, जीते 6 पदक

प्रतियोगिता में जूनियर पुरुष वर्ग के रैपिड फायर पिस्टल, स्टैंडर्ड पिस्टल एवं स्पोर्ट्स पिस्टल स्पर्धाओं में भाग लेते हुए सूरज शर्मा ने कुल 6 पदक (5 स्वर्ण एवं 1 रजत) अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। रैपिड फायर पिस्टल जूनियर पुरुष स्पर्धा में सूरज ने व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक तथा टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। स्टैंडर्ड पिस्टल जूनियर पुरुष स्पर्धा में सूरज ने व्यक्तिगत एवं टीम दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक अर्जित किए। इसके अतिरिक्त स्पोर्ट्स पिस्टल जूनियर पुरुष स्पर्धा में भी सूरज शर्मा ने व्यक्तिगत एवं टीम वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त कर कुल 5 स्वर्ण और 1 रजत पदक अपने नाम किए।

### साहिल चौधरी ने 2 स्वर्ण पदक जीते

*इसी प्रतियोगिता में जूनियर पुरुष वर्ग में प्रतिभाग करते हुए साहिल चौधरी ने टीम स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया। रैपिड फायर पिस्टल जूनियर पुरुष तथा स्टैंडर्ड पिस्टल जूनियर पुरुष टीम स्पर्धाओं में साहिल ने स्वर्ण पदक अर्जित कर भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साहिल ने कुल 2 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। 10 मीटर एयर राइफल जूनियर पुरुष टीम स्पर्धा में यश पांडेय ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन सीनियर महिला टीम स्पर्धा में आशी चौकसे ने रजत पदक दिलाया। 50 मीटर राइफल प्रोन पोजिशन जूनियर पुरुष टीम स्पर्धा में हेमंत बर्मन ने रजत पदक हासिल किया। इन सभी खिलाड़ियों के सामूहिक प्रयास, अनुशासित प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता के परिणामस्वरूप अकादमी ने राइफल स्पर्धाओं में कुल 3 स्वर्ण एवं 3 रजत सहित 6 पदक अर्जित कर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई।*

**डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस के मिलते-जुलते नामों से प्रोडक्ट बेचने वालों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी**

जागरूक रहें, आजकल सस्ती व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के मद्देनज़र कुछ दुकानदार **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के मिलते-जुलते नामों से अन्य गद्दे बेच रहे हैं। इस संदर्भ में उन पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। आज की इस पब्लिक नोटिस से यह स्पष्ट माना जाए कि प्रसिद्ध ब्रांड **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** को यदि कोई भी व्यक्ति, फर्म, संस्था अथवा कम्पनी किसी भी रूप में नकल करता या बेचता है, उन सभी पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

सभी उपभोक्ता एवं दुकानदार कृप्या यह ध्यान दें कि **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** रेंज के सभी प्रोडक्ट्स केवल **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के नाम से ही आते है। इसलिए मिलते-जुलते नामों से धोखा न खाएं व पूरा नाम पढ़कर ही प्रोडक्ट खरीदें। यदि आपको कोई प्रोडक्ट **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के मिलते जुलते नाम से बाजार में मिलता है तो इसकी सूचना तुरन्त हमारी **Email: info@drorthooil.com** या **Helpline No.: 8264822252** पर दें।

**आपके द्वारा दी गई सूचना पर यदि कोई दुकानदार अथवा निर्माता पकड़ा जाता है तो आपको ₹ 1,00,000/- का नकद इनाम दिया जाएगा एवं आपका नाम गुप्त रखा जायेगा। जागरूक रहें- डा. ऑर्थो मैट्रेस का पक्का बिल अवश्य लें।**




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930